दिल्ली, नोएडा, मोदीनगर, मेरठ, एटा, हाथरस, बागपत, आगरा, लखनऊ, कानपुर, देवरिया, मऊ, आजमगढ़, देहरादून, बिहार से प्रसारित



रोजगार सृजन कर किसानों की सहायता करता डेयरी उद्योग

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# पहल टुडे

RNI No. UPHIN/2020/79772

जनता का अखबार

धैर्य का छोटा हिस्सा भी एक टन उपदेश से बेहतर है।



वर्ष: 02 | अंक: 270 | गाजियाबाद, 17 जुलाई, रविवार 2022 | गाजियाबाद से प्रकाशित | मूल्य 1 रूपए | पृष्ठ- 12

www.pahaltoday.com www.khabarentertainment.in www.worldtrustednews.com editorpahaltoday@gmail.com 8510022385, 8287179082

राजनीति

डबल इंजन सरकार लगातार कर रही काम

## पीएम मोदी ने जनता को समर्पित किया बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे

पहल टुडे

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य समेत भाजपा के कई नेता मौजूद रहे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जिस धरती ने अनगिनत सूरवीर पैदा किए, जहां के खून में भारत भक्ति बहती है, जहां के बेटे-बेटियों के पराक्रम और परिश्रम ने हमेशा देश का नाम रोशन किया है, उस बुंदेलखंड की धरती को आज एक्सप्रेस-वे का उपहार देते हुए, उत्तर प्रदेश का सांसद होने के नाते मुझे बहुत खुशी हो रही है।

उन्होंने कहा कि मैं दशकों से उत्तर प्रदेश आता जाता रहा हूं, उत्तर प्रदेश के आशीर्वाद से पिछले 8 साल से देश के प्रधानसेवक के रूप में कार्य करने का आप सबने जिम्मा दिया है। लेकिन मैंने हमेशा देखा कि अगर उत्तर प्रदेश में 2 महत्वपूर्ण चीजें जोड़ दी जाएं, तो उत्तर प्रदेश चुनौतियों को चुनौती देने की बहुत बड़ी ताकत के साथ खड़ा हो जाएगा। पहला मुद्दा था- यहां की खराब कानून व्यवस्था, पहले यहां क्या हाल था ये आप जानते हैं। दूसरा - हर प्रकार से खराब कनेक्टिविटी।

### चित्रकूट से दिल्ली की दूरी होगी कम

उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से चित्रकूट से दिल्ली की दूरी तो 3-4 घंटे कम हुई ही है, लेकिन इसका लाभ इससे भी कहीं ज्यादा है। ये



एक्सप्रेसवे यहां सिर्फ वाहनों को गति नहीं देगा, बल्कि ये पूरे बुंदेलखंड की औद्योगिक प्रगति को गति देगा। उन्होंने कहा कि एक समय था जब माना जाता था कि यातायात के आधुनिक साधनों पर पहला अधिकार सिर्फ बड़े-बड़े शहरों का ही है। लेकिन अब सरकार भी बदली है, मिजाज भी बदला है। ये मोदी है, ये योगी है। पुरानी सोच को पीछे छोड़कर, हम एक नए तरीके से आगे बढ़ रहे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यूपी नए संकल्पों को लेकर अब तेज गति से दौड़ने के लिए तैयार हो चुका है। यही सबका साथ है, सबका विकास है। कोई पीछे न छूटे, सब मिलकर काम करें, इसी दिशा में डबल इंजन की सरकार लगातार काम कर रही है। यूपी के छोटे-छोटे जिले हवाई सेवा से जुड़ें, इसके लिए भी तेजी से काम किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि इस एक्सप्रेस-वे के बगल में जो स्थान हैं, वहां बहुत सारे किले हैं। यूरोप के बहुत सारे देशों में किले देखने का बहुत बड़ा पर्यटन उद्योग चलता है। मैं आज योगी जी की सरकार से कहूंगा कि अब बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे बनने के बाद आप भी इन किलो को देखने के लिए एक शानदार टूरिज्म सर्किट बनाईये।

उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार में आज यूपी जिस तरह आधुनिक हो रहा है, ये अभूतपूर्व है। जिस यूपी में सरयू नहर परियोजना को पूरा होने में 40 साल लगे, जिस यूपी में गोरखपुर फर्टिलाइजर प्लांट 30 साल से बंद बड़ा था, जिस यूपी में अर्जुन डैम परियोजना को पूरा होने में 12 साल लगे।

## पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ होंगे एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार : जेपी नड्डा

पहल टुडे

**नई दिल्ली ,** जेपी नड्डा ने कहा कि किसान पुत्र जगदीप धनखड़ उपराष्ट्रपति पद के लिए एनडीए के उम्मीदवार होंगे। वर्तमान में जगदीप धनखड़ पश्चिम बंगाल के राज्यपाल हैं और आज ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की।

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ को एनडीए ने अपना उपराष्ट्रपति उम्मीदवार बनाया है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इस नाम का ऐलान किया। जेपी नड्डा ने कहा कि किसान पुत्र जगदीप धनखड़ उपराष्ट्रपति पद के लिए एनडीए के उम्मीदवार होंगे। वर्तमान में जगदीप धनखड़ पश्चिम बंगाल के राज्यपाल हैं और आज ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि जगदीप धनखड़ जी पश्चिम बंगाल के अभी गर्वनर हैं और लगभग तीन दशक तक सार्वजनिक जीवन में काम किया है।

उपराष्ट्रपति चुनाव को लेकर भाजपा संसदीय दल की बैठक में कई नामों पर चर्चा की गई। भाजपा संसदीय दल को पार्टी का सर्वोच्च नीति निर्धारक माना जाता है। इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहे। मोदी के अलावा भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी मौजूद रहे।

## दलाई लामा की लद्दाख यात्रा शुरू

पहल टुडे

लेह/जम्मू/नयी दिल्ली. तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा ने शुक्रवार को लद्दाख की अपनी महीने भर की यात्रा शुरू की और कहा कि भारत-चीन सीमा विवाद को वार्ता और शांतिपूर्ण तरीकों के माध्यम से हल किया जाना चाहिए क्योंकि सेना का इस्तेमाल एक पुराना विकल्प है। पूर्वी लद्दाख में कई स्थानों पर भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच गतिरोध के बीच आध्यात्मिक नेता की लद्दाख यात्रा से चीन के नाराज होने की आशंका है। एक शीर्ष सरकारी अधिकारी ने कहा कि दलाई लामा की लद्दाख यात्रा पूरी तरह से धार्मिक है और किसी को भी इस पर कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। दलाई लामा ने लद्दाख रवाना होने से पहले जम्मू में संवाददाताओं से कहा, भारत और चीन सबसे अधिक आबादी वाले देश और पड़ोसी हैं। देर-सबेर आपको इस समस्या (वास्तविक नियंत्रण रेखा पर सीमा विवाद) को बातचीत और शांतिपूर्ण तरीकों से सुलझाना होगा। उन्होंने कहा, सैन्य बल के इस्तेमाल का विकल्प अब पुराना हो गया है। अधिकारी कहा कि यह पहली बार नहीं है कि दलाई लामा सीमावर्ती क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं क्योंकि वह पहले भी कई बार लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश का दौरा कर चुके हैं। अधिकारी ने कहा, दलाई लामा आध्यात्मिक नेता हैं और उनकी लद्दाख यात्रा पूरी तरह से धार्मिक है। उनके दौरे पर किसी को आपत्ति क्यों होनी चाहिए। इस महीने की शुरूआत में चीन ने दलाई लामा को उनके 87वें जन्मदिन पर बधाई देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना करते हुए कहा था कि भारत को चीन के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने के लिए तिब्बत से संबंधित मुद्दों का इस्तेमाल करना बंद कर देना चाहिए।

## 'बुंदेलखंड के लिए ऐतिहासिक दिन'

### एक्सप्रेस-वे से यूपी की अर्थव्यवस्था को मिलेगा नया आयाम : मुख्यमंत्री योगी

पहल टुडे

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के उद्घाटन समारोह के दौरान जालौन में एकसभा को संबोधित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य समेत कई भाजपा नेता मौजूद रहे। इसी बीच मुख्यमंत्री ने कहा कि बुंदेलखंड के लिए आज ऐतिहासिक दिन है। जब प्रधानमंत्री मोदी जी के करकमलों से 296 किमी लंबे इस एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन होने वाला है।

उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे बुंदेलखंड और उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नया आयाम देगा। उन्होंने कहा कि एक्सप्रेस-वे बुंदेलखंड



के विकास का जीवंत प्रमाण है। यह एक्सप्रेसवे क्षेत्र को नई पहचान दिलाकर यहां औद्योगिक निवेश को आमंत्रित करने का नया माध्यम बनेगा। उन्होंने कहा कि 'बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे' एवं 'इंडस्ट्रियल कॉरिडोर' के निर्माण से प्रदेश में रोजगार के अवसर सृजित होंगे। यह एक्सप्रेस-वे उ.प्र. के विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

उन्होंने कहा कि 'बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे' को हरा-भरा बनाने हेतु इसके दोनों किनारों पर 7 लाख पौधे लगाए जाएंगे। उत्तर प्रदेश के 7 जनपदों से गुजरने वाला यह एक्सप्रेस-वे आवागमन में सुधार करने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी सहायक सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश सुगम एवं विश्वस्तरीय कनेक्टिविटी के माध्यम से समृद्धि के नए आयाम स्थापित कर रहा है।

इसी बीच उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे फरवरी 2020 में चित्रकूट जनपथ में भूमिपूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ था। पूरी दुनिया विगत 28 महीनों से कोरोना महामारी की मार झेल रहा है। इसके बावजूद समयबद्ध तरीके से इस कार्यक्रम को करते हुए 28 महीनों के भीतर 296 किमी लंबे फोरलेन के जिसे सिक्सलेन तक विस्तारित किया जा सकता है, इस एक्सप्रेस-वे का लोकार्पण अत्यन्त महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में बुंदेलखंड को 2014 के बाद विकास, जनसुविधाओं, इज ऑफ लिविंग की तमाम सुविधाओं का लाभ मिलते हुए दिखाई दिया है। जिसका आजादी के बाद से लोगों ने प्रतिक्षा की। आप हर बुंदेलखंवासी आपके नेतृत्व में गौरव और गरिमा महसूस करता है। क्योंकि बुंदेलखंड के विकास को एक नई ऊंचाई तक पहुंचाने के लिए और प्रत्येक भारतवासी के जीवन में परिवर्तन लाने के लिए आपने (पीएम मोदी) दिशा जो पूरे देश को दी, उत्तर प्रदेश उसी पर कार्य करते हुए आगे बढ़ रहा है।

## झारखंड में जनता पर मेहरबान सरकार! पुरानी पेंशन योजना फिर से लागू, गरीबों को दी जाएगी 100 यूनिट मुफ्त बिजली

रांची। झारखंड मंत्रिमंडल ने पुरानी पेंशन योजना को कुछ शर्तों के साथ लागू करने और गरीबों को हर महीने 100 यूनिट मुफ्त बिजली देने के प्रस्तावों को शुक्रवार को मंजूरी दे दी। एक अधिकारी ने बताया कि पुरानी पेंशन योजना को लागू करने के लिए विकास आयुक्त की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति का गठन किया जायेगा। मंत्रिमंडल सचिव वंदना दादेल ने यहां संवाददाताओं से कहा, यह समिति योजना को लागू करने के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का मसौदा तैयार करेगी। इसे मंजूरी के लिए मंत्रिमंडल के पास भेजा जाएगा।

## राजनीतिक विरोध का शत्रुता में बदलना स्वस्थ लोकतंत्र का संकेत नहीं: सीजेआई रमण

पहल टुडे

जयपुर। भारत के प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति एनवी रमण ने शनिवार को कहा कि राजनीतिक विरोध का शत्रुता में बदलना स्वस्थ लोकतंत्र का संकेत नहीं है। उन्होंने कहा कि कभी सरकार और विपक्ष के बीच जो आपसी सम्मान हुआ करता था वह अब कम हो रहा है। न्यायमूर्ति रमण राष्ट्रमंडल संसदीय संघ की राजस्थान शाखा के तत्वावधान में संसदीय लोकतंत्र के 75 वर्ष विषयक संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। न्यायमूर्ति रमण ने कहा, राजनीतिक विरोध, बैर में नहीं बदलना चाहिए, जैसा हम इन दिनों दुखद रूप से देख रहे हैं। ये स्वस्थ



लोकतंत्र के संकेत नहीं हैं। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि सरकार और विपक्ष के बीच आपसी आदर-भाव हुआ करता था। दुर्भाग्य से विपक्ष के लिए जगह कम होती जा रही है। उन्होंने विधायी प्रदर्शन (परफारमेंस) की गुणवत्ता में गिरावट पर भी चिंता जताई। न्यायमूर्ति रमण ने कहा, दुख की बात है कि देश विधायी प्रदर्शन की गुणवत्ता में गिरावट देख रहा है। उन्होंने कहा कि कानूनों को व्यापक विचार-विमर्श और जांच के बिना पारित किया जा रहा है।

## बुलेट ट्रेन के ड्राइवरों को जापानी सिम्युलेटर के जरिए दी जाएगी स्पेशल ट्रेनिंग

नयी दिल्ली। भारत की बुलेट ट्रेन के चालकों को जापान निर्मित अत्याधुनिक सिम्युलेटर यंत्रों के जरिए उच्च गति की ट्रेन चलाने का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। नेशनल हाई स्पीड रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) के अधिकारियों ने बताया कि ये प्रशिक्षण सिम्युलेटर चालकों, परिचालकों, प्रशिक्षकों और ट्रेन रखरखाव कर्मचारियों को उच्च गति ट्रेन चलाने संबंधी सिद्धांत को समझने में मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि सिम्युलेटर के जरिए चालक एवं परिचालक के साथ-साथ अन्य कर्मियों को भी प्रशिक्षण दिया जा सकेगा।

## 'देश भर की अदालतों में करीब 5 करोड़ मामले लंबित', कानून मंत्री बोले- ठोस कदम उठाने की जरूरत

पहल टुडे

**नई दिल्ली ,** केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने दावा किया है कि देश भर के अदालतों में लगभग 5 करोड़ मामले लंबित हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इसे कम करने के लिए ठोस कदम उठाने की जरूरत है। कानून मंत्री ने 18वें अखिल भारतीय विधिक सेवा प्राधिकरण के दो दिवसीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि कल मैनें अपने डिपार्टमेंट के ऑफिसर से बात की है कि कुछ ऐसा ठोस कदम उठाना चाहिए जिससे हम 2 करोड़ केस को 2 साल में खत्म कर सकें। मैं कही भी जाता हूं तो पहला



सवाल मेरे सामने यही आता है कि सरकार पेंडिंग केस को खत्म करने के लिए क्या कदम उठा रही है। उन्होंने आगे कहा कि चिंता की बात यह है कि आज देश भर की अदालतों में करीब 5 करोड़ मामले लंबित हैं। इन मामलों को कम करने के लिए सरकार और न्यायपालिका को समन्वय में काम करने की जरूरत है।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि निचली अदालतों और उच्च न्यायालयों की कार्यवाही में क्षेत्रीय और स्थानीय भाषाओं को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। स्थानीय अदालतों में क्षेत्रीय एवं स्थानीय भाषाओं को बढ़ावा दिए जाने की वकालत करते हुए रिजिजू ने कहा कि अदालत की अगर आम होगी तो हम कई समस्याओं का समाधान कर सकते हैं। मंत्री ने कहा कि मातृको अंग्रेजी से कम नहीं आंका जाना चाहिए और कहा कि वह इस विचार से सहमत नहीं हैं कि एक वकील को अधिक सम्मान, मामले या फीस केवल इसलिए मिलनी चाहिए क्योंकि वह अंग्रेजी में अधिक बोलता है। रिजिजू ने कहा, उच्चतम न्यायालय में दलीलें और फैसले अंग्रेजी में होते हैं। लेकिन हमारा दृष्टिकोण यह है कि उच्च न्यायालयों और निचली अदालतों में क्षेत्रीय और स्थानीय भाषाओं को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

केंद्रीय कानून मंत्री ने देश की अदालतों में लंबित मामलों की बड़ी संख्या पर चिंता जताते हुए कहा कि न्यायपालिका और सरकार को मिलकर इस दिशा में कदम उठाने की जरूरत है।

## असम में बाढ़ की स्थिति में सुधार, 2.10 लाख लोग अब भी प्रभावित

**नई दिल्ली ,** सभी नदियों का जलस्तर घट रहा है और कोई भी नदी खतरे के निशान से ऊपर नहीं बह रही है। उसमें बताया गया है कि सबसे बुरी तरह से प्रभावित क्षेत्र कछार है जहां 1.20 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) ने एक बुलेटिन में कहा कि कछार जिले में एक और शख्स की मौत होने के बाद इस साल बाढ़ और भूस्खलन से संबंधित घटनाओं में जान गंवाने वालों की संख्या 194 तक पहुंच गई है। बुलेटिन में कहा गया है कि सभी नदियों का जलस्तर घट रहा है और कोई भी नदी खतरे के निशान से ऊपर नहीं बह रही है। उसमें बताया गया है कि सबसे बुरी तरह से प्रभावित क्षेत्र कछार है जहां 1.20 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। इसके बाद मोरीगांव में 89,234 लोग सैलाब के पानी से प्रभावित हैं।

## 'मेरा उड़ाया जा रहा मजाक', केजरीवाल ने पूछा- क्या मुफ्त में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना गलत है?

पहल टुडे

**नई दिल्ली ,** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन किया। इसी दौरान उन्होंने मुफ्त में सुविधाएं उपलब्ध कराने वाली राजनीति पर जमकर कटाक्ष किया। प्रधानमंत्री ने साफ तौर पर कहा है कि रेवड़ी कल्चर देश के विकास के लिए बहुत घातक है। अब इसको लेकर राजनीति शुरू हो गई है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आज एक संवाददाता सम्मेलन किया। इस सम्मेलन के दौरान उन्होंने सवाल किया कि क्या वंचित छात्रों को मुफ्त में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना गलत है? केजरीवाल ने दावा किया कि उन्हें भद्दी-भद्दी गालियां दी जा रही हैं, उनका मजाक उड़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुझ पर आरोप लगाए जा रहे हैं कि





केजरीवाल फ्री का रेवड़ियां बांट रहा है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मैं देश के लोगों से पूछना चाहता हूं कि मैं क्या गलत कर रहा हूं? उन्होंने कहा कि मैं दिल्ली के गरीब और मिडिल क्लास में बच्चों को सरकारी स्कूलों में शानदार एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दे रहा हूं। क्या मैं फ्री की रेवड़ियां बांट रहा हूं या देश की नींव रख रहा हूं।

इसके साथ ही केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली के सरकारी स्कूलों में 180 लाख बच्चे पढ़ते हैं। इन 18 लाख बच्चों का भविष्य अंधकार में था। हमारी सरकार बनने से पहले जैसे देशभर के सरकारी स्कूल स्कूलों का हाल है, वैसा ही दिल्ली में था। उन्होंने दावा किया कि देश भर में सरकारी स्कूलों की हालत बुरी है। वैसे ही दिल्ली के सरकारी स्कूलों की थी। पढ़ाई नहीं होती थी। स्कूल टूटे-फूटे थे। कोई भी व्यवस्थाएं नहीं थी। 18 लाख बच्चों का भविष्य बर्बाद था। आज हमने अगर इन 18 लाख बच्चों का भविष्य अच्छा कर दिया। अगर मैं इन बच्चों को शानदार शिक्षा दे रहा हूं वह भी फ्री में दे रहा हूं तो मैं क्या गुनाह कर रहा हूं?

उन्होंने दावा किया कि आजादी के बाद से सरकारी स्कूलों में पहली बार 99% से ज्यादा नतीजे आए हैं। अरविंद केजरीवाल ने दावा किया कि पिछले 4 सालों में लगभग 4 लाख बच्चे प्राइवेट स्कूलों से नाम कटा कर सरकारी स्कूलों में दाखिला लिए हैं। यह कोई छोटी बात नहीं है। दिल्ली उट ने कहा कि ये फ्री की रेवड़ी क्या होती हैं मैं आपको बताता हूं एक कंपनी ने कई बैंक से लोन लिया और पैसे खा गए। बैंक दिवालिया हो गया और उस कंपनी ने एक राजनैतिक पार्टी को कुछ करोड़ों रुपए का चंदा दे दिया और उस कंपनी के खिलाफ सरकार ने कोई एक्शन नहीं लिया।

## गृह मंत्री अमित शाह ने ARDBs के राष्ट्रीय सम्मेलन को किया संबोधित

### ग्रामीण विकास बैंकों को लेकर कही बात

पहल टुडे

**नई दिल्ली ,** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह दिल्ली में NAFCARD द्वारा आयोजित एडीआरबीस के राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि देश की खेती को भाग्य के आधार से परिश्रम के आधार पर परिवर्तित करने का काम कृषि और ग्रामीण विकास बैंकों ने किया। नाबार्ड के उद्देश्य की परिपूर्ति तभी होती है कि जब एक-एक पाई जो उपलब्ध है वो ग्रामीण विकास और कृषि के क्षेत्र में ही फाइनेंस हो और वो तब तक संभव नहीं है जब तक कृषि के क्षेत्र के अंदर लंबी अवधि के लिए फाइनेंस को बढ़ावा नही दिया जाता।

केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह राष्ट्रीय राजधानी में होने वाले कृषि



ग्रामीण विकास बैंकों (एआरडीबी) के राष्ट्रीय सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए उपरोक्त बातें कहीं। राष्ट्रीय सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंक फेडरेशन लिमिटेड (एनएएफसीएआरडी) नयी दिल्ली के एनसीयूआई सभागार में राष्ट्रीय एआरडीबी सम्मेलन 2022 का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में सहकारिता के साथ गृह मंत्रालय का भी दायित्व संभालने वाले शाह मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। इस सम्मेलन के साथ ही एआरडीबी की तरफ से संचालित क्षेत्रीय कार्यक्रमों का समापन हो गया।

## थाना बहादुरगढ़ पुलिस ने एक अभियुक्त के पास 20 पव्वे अवैध देशी शराब बरामद कर जेल भेजा



पहल टुडे / मुदिस्सीर अली

जनपद हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अवैध शराब तस्करों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना बहादुरगढ़ पुलिस ने एक शातिर अवैध शराब तस्कर को किया गिरफ्तार, जिसके कब्जे से 20 पव्वे अवैध देशी शराब बरामद हुए हैं उपरोक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना बहादुरगढ़ पर अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता वीरपाल पुत्र हरस्वरूप निवासी ग्राम सदरपुर थाना हापुड़ जिला हापुड़ गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम उ0नि0 कुसुम पाल सिंह थाना बहादुरगढ़ जिला हापुड़ रुपक सिंह राहुल कुमार

## एक छेटे बच्चे को भगवानपुर पुलिस ने किया सकुशल बरामद, बच्चे को गायब देख पिता के उड़े होश



दैनिक पहल टुडे / कुणाल शर्मा

जिला हरिद्वार :- भगवानपुर पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि एक छोटा बच्चा कस्बा भगवानपुर में लाबारिश हालत में घूम रहा है जो अपना नाम पता सही से नही बता रहा है, जिसकी सूचना तत्काल प्रभारी निरीक्षक महोदय को दी गयी, प्रभारी निरीक्षक महोदय थाना भगवानपुर द्वारा उ0नि0 विपिन कुमार हल्का प्रभारी कस्बा भगवानपुर को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये गये। पुलिस टीम द्वारा उक्त बच्चे को थाने पर लाया गया, जिससे सहानुभूति पूर्वक नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम मंयक बताया तथा अपने माता पिता का नाम पता नही बता पा रहा था, पुलिस टीम द्वारा व्हाटसएप, फेशबुक एवं सोशल मिडिया के माध्यम से उक्त बच्चे के परिजनो के बारे में जानकारी की गयी तो ज्ञात हुआ कि उक्त बच्चा मोनू पुत्र पालेराम निवासी कस्बा व थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वर का है, जिसको थाने पर बुलाया गया बच्चे को देखकर पिता के चेहरे पर खुशी का ठिकाना नही रहा, बाद तस्दीक मंयक को उसके पिता मोनू के सकुशल सुपुर्द किया गया। मंयक को सकुशल बरामद करने में मंयक के परिजनो एवं जनता द्वारा भगवानपुर पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

### वन प्रमंडल पदाधिकारी,अररिया वन प्रमंडल को सासंद मोहम्मद जावेद आजाद का पत्र वृक्षरोपण के लिए

किशनगंज वन प्रमंडल पदाधिकारी,अररिया वन प्रमंडल को सासंद मोहम्मद जावेद आजाद का पत्र वृक्षरोपण के लिए सासंद के क्षेत्र भ्रमण के क्रम में पाया गया कि एम.जी.एम. किशनगंज रोड ( दिलावरगंज ) का चौड़ीकरण का कार्य कराया गया है लेकिन सड़क के दोनों ओर वृक्षारोपण करने की आवश्यकता है। अतः अनुरोध है कि पर्यावरण के दृष्टिकोण से एम. जी. एम. किशनगंज में एम.जी.एम मेडिकल कॉलेज से बंगाल सीमा तक सड़क के दोनों तरफ पर्याप्त संख्या में वृक्षारोपण किया जाए।पत्र की प्रतिलिपि किशनगंज जिला पदाधिकारी, किशनगंज प्रेषित है

फास्ट ट्रैक

## ज्वालापुर पुलिस द्वारा अपहरण करने वाले अभियुक्त को किया गिरफ्तार व अपहर्ता को किया बरामद

दैनिक पहल टुडे / कुणाल शर्मा




पुलिस उपमहानिरीक्षक /वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा प्रभारी निरीक्षक ज्वालापुर को हेतु निर्देशित किया गया। जिस के क्रम पुलिस अधीक्षक नगर महोदय तथा सहायक पुलिस अधीक्षक /क्षेत्राधिकारी ज्वालापुर महोदय द्वारा दिए गए निर्देशों का सत प्रतिशत कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया। प्रभारी निरीक्षक द्वारा अपहर्ता बरामदगी अब अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु महिला उपनिरीक्षक पूजा पांडे के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में अपहर्ता /अभियुक्त के बरामदगी/ गिरफ्तारी हेतु कड़ी सुराग रस्सी पता रस्सी करते हुए अभियुक्त / अपहर्ता के मिलने वाले संभावित स्थानों पर लगातार दबिश दी जा रही थी।इसी क्रम में सूचना प्राप्त हुई कि अभियुक्त/ अपहर्ता वर्तमान में देहरादून क्षेत्र में निवास कर रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक द्वारा तत्काल उप निरीक्षक पूजा पांडे को देहरादून रवाना जिनके द्वारा अपहर्ता /अभियुक्त को सिद्धू वाला जेल रोड से बरामद किया गया ।अभियुक्त को माननीय न्यायालय पेश किया जाएगा। अपहर्ता को माननीय न्यायालय 164 सीआरपीसी के कथन अंकित करने व मेडिकल हेतु भेजा जा रहा

## दुकानदारो के गल्ले से लाखो रुपए चोरी करने वाला एक शातिर चोर को भगवानपुर पुलिस ने धर दबोचा




दैनिक पहल टुडे / कुणाल शर्मा

जिला हरिद्वार :- पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय, पुलिस अधीक्षक अपराध महोदय, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदय के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी मंगलौर महोदय के कुशल पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक महोदय भगवानपुर के नेतृत्व में उक्त घटना के अनावरण हेतु अलग-अलग टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल सें सी.सी.टी.वी. फुटेज संकलित कर विश्लेषण किया गया, जिससे काफी महत्व पूर्ण जानकारी प्राप्त हुई। पुलिस टीम द्वारा तत्काल तत्परता दिखाते हुए उक्त सम्बन्ध मे थाना हाजा पर मु0अ0सं0 494/22 धारा 380 भादवि बनाम अज्ञात पंजीकृत है। तत्पश्चात पुलिस टीम द्वारा अभि0 की निशादेही पर रेलवे स्टेशन रुडकी के पास झुग्गी झोपडी से 10,050/- रुपए बरामद करने में सफलता प्राप्त हुई है। अभि0 को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## नोएडा में अवैध रूप से रहने वाले विदेशी नागरिकों पर पुलिस का शिकंजा, उठाया सख्त कदम

पहल टुडे / मुदिस्सीर अली



नोएडा और ग्रेटर नोएडा में अवैध रूप से रहने वाले विदेशी नागरिकों पर पुलिस प्रशासन ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में अब पुलिस विदेश नागरिकों की जांच के लिए सर्च अभियान चलाएगी। जिसके तहत इन नागरिकों के पास मौजूद पासपोर्ट और वीजा की जांच की जाएगी। अभियान ने तहत अगर कोई नागरिक बिना वीजा के रहते मिल गया, या फिर वीजा अवधि समाप्त होने के बावजूद रह रहा होगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे डिपोर्ट किया जाएगा। बता दें कि वर्तमान में जिले में करीब 2200 विदेशी नागरिक रह रहे हैं। जिनमें से सबसे ज्यादा नाइजीरियन नागरिकों की संख्या है, जबकि दूसरे नंबर पर चीनी नागरिक रह रहे हैं। जिसे देखते हुए पुलिस प्रशासन ने यह कार्रवाई करने का फैसला किया है। दिन दहाड़े नमाज पढ़ने गए बुजुर्ग पर बदमाशों ने तड़ातड़ बरसाईं गोलियां, मौत

सभी थाना क्षेत्रों को निर्देश जारी

इस मामले में अपर आयुक्त कानून और व्यवस्था लव कुमार का कहना है कि हाल ही में कार्रवाई करते हुए जिले में अवैध रूप से रह रहे 26 चीनी नागरिकों को पकड़ा गया है। हालांकि इससे पहले भी कई नाइजीरियन गिरफ्तार किए गए हैं, जो अवैध रूप से रह रहे हैं और साइबर ठगी की घटना को अंजाम दे चुके हैं। ये सब वारदात को देखते हुए ही नोएडा और ग्रेनो के सभी थाना क्षेत्रों को निर्देश दिए गए हैं कि वह अपने इलाकों में रहने वाले विदेशी नागरिकों की जांच करें। देखें कि कहीं कोई विदेशी नागरिक अवैध तरीके से तो नहीं रह रहा। उन्होंने बताया कि थानों के अलावा उन लोगों को भी निर्देश दिए गए हैं, जिन्होंने अपने मकान किराए पर दे रखे हैं। जिसमें कहा गया है कि यदि उन्होंने किसी विदेशी नागरिक को किराए पर कमरा दे रखा है तो सभी जरूरी कागजात अवश्य फिल करवाएं और इस फार्म को संबंधित थाना पुलिस को उपलब्ध कराने के साथ ही उनका सत्यापन भी कराएं। अन्यथा मकान मालिकों के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि चीनी नागरिक सुफाई और उसके साथियों का पदार्फाश होने के बाद एसटीएफ और केंद्रीय एजेंसियों की जांच जारी है। अनुमान है कि ये लोग यहां के लोगों का डाटा चीन भेज रहे हैं

### किशनगंज जिले के टेढागाछ प्रखंड क्षेत्र में हर वर्ष बाढ़ की समस्या को लेकर शाह आलम जल्द ही बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार के जनता दरबार में पहुंचेंगे

किशनगंज (मोहम्मद अजीमुद्दीन)-किशनगंज जिले के टेढागाछ प्रखंड क्षेत्र में हर वर्ष बाढ़ की समस्या को लेकर शाह आलम जल्द ही बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार के जनता दरबार में पहुंचने वाले हैं ।मिली जानकारी अनुसार टेढागाछ प्रखंड क्षेत्रों में कनकंई नदी, रेतुआ नदी आदी नदियों किनारे बसे गांवों के लोगों का हर वर्ष बाढ़ की पानी से कटाव से दर्जनों गाँव की सैकड़ों परिवार घर द्वार छोर कर उचे स्थानों पर शरण लेने को मजबूर हो जाता और कितने लोगों का घर द्वार नदी में विलीन हो कर नदी की गर्भ में समा जाता है ।नुकसान और क्षति की भरपाई दिलाने वाला कोई नहीं है चाहे वह विधानपार्षद हो, सांसद, विधायक, जिला पार्षद, प्रमुख, मुखिया, समिति हो या सरकार की प्रशासनिक अधिकारी व पदाधिकारी। इन्हीं समस्याओं और नुकसान के साथ ही नदी किनारे बसे गांवो को बचाने के लिए *समाजसेवी शाह आलम मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी के जनता दरबार में सभी समस्याओं को लेकर पहुंचेगे

## केमिकल युक्त पानी खेतों में जाने पर किसानों का प्रदर्शन

पहल टुडे / मुदिस्सीर अली

बागपत, खेकड़ा। खेकड़ा में पाठशाला रोड पर पानी निकासी के लिए बना नाला गंदगी से अटा है। फैक्टरियों से निकलने वाला केमिकल युक्त पानी किसानों के खेतों में फसलों में भर गया है। इससे फसलें बर्बाद होने की स्थिति में पहुंच गई हैं। आक्रोशित किसानों ने विरोध प्रदर्शन कर एसडीएम से समस्या का समाधान कराने की मांग की। मांग पूरी न होने पर तहसील परिसर में धरना देने की चेतावनी दी ।खेकड़ा नगर में आधा दर्जन पावरलूम फैक्टरियां हैं। इनमें कपड़ा तैयार होने के बाद कपडे. की केमिकल रंगों से रंगाई की जाती है। केमिकल का रंगीन बदबूदार पानी नालियों में बहता है। पाठशाला रोड पर नालियां कूडे.से अटी हैं। पानी की निकासी बाधित होने के कारण केमिकल युक्त पानी नालियों से खेतों में पहुंच रहा है। जिससे चारा, गन्ने, सब्जी की फसलें बर्बाद होने की कगार पर हैं। शुक्रवार को किसानों ने पाठशाला रोड पर प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। कहा कि केमिकल युक्त पानी से फसलें सूखने लगीं हैं। भूमि की उर्वरा शक्ति भी नष्ट होती जा रही है। आक्रोशित किसानों ने प्रशासन से पानी की निकासी कराकर समस्या का समाधान कराए जाने की मांग की। जल्दी मांग पूरी न होने पर तहसील परिसर में धरना देने की चेतावनी दी। इस दौरान हीरा सिंह, नरेंद्र कुमार, परवेन्द्र सिंह, रुपेन्द्र धामा, शैंकी धामा, लोकेश कुमार, मोनू धामा आदि मौजूद रहे। उपजिलाधिकारी अजय कुमार का कहना है कि मामले की जांच कराकर किसानों की समस्या का निदान कराया जाएगा।



## लिव इन में रह रही गर्लफ्रेंड पर एसिड अटैक, पुलिस ने आरोपी को एनकाउंटर में गोली मारकर किया

पहल टुडे / मुदिस्सीर अली



नोएडा में गर्लफ्रेंड के साथ लिव इन में रहे युवक ने अन्य लोगों से संबंध के शक में उस पर ही एसिड अटैक कर दिया। जब पुलिस उसे पकड़ने पहुंची तो उसने पुलिस टीम पर ही फायरिंग कर दी। इसके बाद मुठभेड़ में पुलिस ने जवाबी फायरिंग करते हुए युवक को गोली मारकर गिरफ्तार कर लिया। नोएडा में एक सिरफिरे आशिक ने अपने साथ लिव इन में रहने वाली गर्लफ्रेंड पर अन्य लोगों से दोस्ती होने के शक में एसिड अटैक कर दिया और फरार हो गया। महिला को गंभीर झुलसी अवस्था में दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत गम्भीर बनी हुई है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने जब फरार आरोपी युवक को गिरफ्तार पहुंची तो उसने पुलिस टीम पर ही फायरिंग कर दी। इसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए फायरिंग की। पुलिस की गोली से वह वहीं पस्त हो गया। इसके बाद उसे पुलिस ने घायल अवस्था में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। आरोपी के पास से पुलिस ने तमंचा कारतूस और बिना नंबर प्लेट की गाड़ी बरामद की है ।पुलिस से हुई मुठभेड़ के बाद घायल मामूरा निवासी विकास को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डीसीपी नोएडा सेंट्रल हरिश्चंद्र ने बताया कि आरोपी विकास का कहना है कि वह अपनी महिला मित्र से बदला लेना चाहता था। इसलिए उसने उस पर एसिड फेंका था। डीसीपी नोएडा सेंट्रल जोन-2 ने बताया कि दोनों एक-दूसरे को पहले से जानते थे। महिला कुछ समय पहले ही अपने पति को छोड़कर विकास के साथ तीन बच्चों को लेकर मुंबई चली गई थी, लेकिन वहां कुछ दिन रहने के बाद दोनों वापस लौट आए थे। 3 साल से रिलेशनशिप में रह रहे थे दोनोंडीसीपी नोएडा सेंट्रल ने बताया कि विकास और उसकी महिला मित्र पिछले 3 साल से लिव इन रिलेशनशिप में रह रहे थे। मुंबई से ममूरा लौटने के बाद महिला की अन्य लोगों से दोस्ती हो गई थी, जिसके कारण विकास काफी परेशान था और मामूरा के रामदास होटल के पास उसने अपनी महिला मित्र पर एसिड अटैक कर दिया।

## याकूब कुरैशी और उनके दोनों बेटों पर एसएसपी ने 25-25 हजार का इनाम घोषित किया है कुर्की में 125 करोड़ का सामान जब्त करने के बाद यह कार्रवाई की गई है

पहल टुडे / मुदिस्सीर अली



उत्तर प्रदेश के मेरठ में पूर्व मंत्री याकूब कुरैशी और उनके दोनों बेटे इमरान और फिरोज उर्फ भूरा पर एसएसपी ने 25-25 हजार का इनाम घोषित कर दिया है। बुधवार को याकूब कुरैशी के घर और फैक्टरी समेत 125 करोड़ की संपत्ति कुर्क करने के बाद पुलिस ने शुक्रवार को यह कार्रवाई की है हापुड़ रोड पर हाजी याकूब कुरैशी की अवैध तरीके से चल रही फैक्टरी में 31 मार्च की आधी रात के बाद पुलिस-प्रशासन की टीमों ने छापा मारा था। पुलिस ने इस मामले में याकूब, उनकी पत्नी संजीदा, बेटे इमरान और फिरोज समेत 17 के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। फैक्टरी से करीब पांच करोड़ की कीमत का मीट बरामद हुआ था ।इस प्रकरण में अब तक 10 आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं। तीन नामजद आरोपी कोर्ट में आत्मसमर्पण कर चुके हैं। याकूब की पत्नी को हाईकोर्ट से जमानत मिल गई थी। एसएसपी रोहित सिंह सजवाण ने बताया कि अवैध मीट पैकिंग के मामले में पुलिस जल्द ही कोर्ट में चार्जशीट दाखिल करेगी। वहीं याकूब की कुर्क की गई मीट फैक्टरी पर पुलिस का पहरा है। कोठी से कुर्क किया गया सामान खरखौदा थाने में रखा गया है

### कनखल स्थित हजारीबाग मे पिछले 32 घंटों से पानी ना आने के कारण लोग हुए परेशान

जिला हरिद्वार :- कनखल स्थित हजारीबाग एक नंबर गली में पिछले 32 घंटे से पानी की समस्या लगातार बनी हुई थी वार्ड के लोग बूंद-बूंद पानी को तरसे तब वार्ड अध्यक्ष राजन शर्मा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मनोज वर्मा के नेतृत्व में कॉलोनी वासियों ने अधिशासी अभियंता राजेश चौहान का घेराव किया

**कार्यालय ग्राम पंचायत चांदी बांगर, विकास खण्ड पहाड़ी, चित्रकूट**

पत्रांक मीमो/पंचायत/केन्द्र-राज्य वित्त आयोग/2022-23 दिनांक 16-07-2022

अल्पकालीन निविदा सूचना

राजवित्त/चौदहवां वित्त योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत चांदी बांगर, विकास खण्ड पहाड़ी (चित्रकूट) में वर्ष 2022-23 के लिए सरकारी विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्यो की निविदाएँ दिनांक 16-07-2022 के अपराहन 3.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 20-07-2022 तक कार्यालय समय में ग्राम पंचायत चांदी बांगर, विकास खण्ड पहाड़ी से निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्त की जा सकती है। निविदा खोले जाने के समय निविदादाता भी उपस्थित रह सकते हैं। यदि नियत समय पर निविदादाता उपस्थित नहीं हुए तो भी निविदाएं खोल दी जायेगी। जिसके लिए ग्राम पंचायत चांदी बांगर, विकास खण्ड पहाड़ी उत्तरदायी नहीं होगी। निविदा खोलने का दिनांक 20-07-2022 समय अपराहन 3 बजे।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. | पंचायत भवन में छत मरम्मत,लाइट फिटिंग,पानी फिटिंग आदि कार्य | 180000 | 2% | 500 |

नोट : निविदा शर्ते कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती हैं

प्रधान :- दयाशंकर
ग्राम पंचायत चांदी बांगर,
विकास खण्ड पहाड़ी।

सचिवः- राहुल सिंह
ग्राम पंचायत चांदी बांगर,
विकास खण्ड पहाड़ी।

### महिला समेंत छह अभियुक्तों को गिरफ्तार कर आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त दो मोबाइल, मारुति वैन एंव लूटा हुआ मोबाइल तथा नकदी बरामद

## पत्रकार के परिजनो से पांच लाख रुपयों की रंगदारी मांग करने वाले गिरोह का खुलासा

पहल टुडे



अमरोहा : हसनपुर थाना सैद नगली पुलिस द्वारा अपहरण कर पत्रकार के परिजनो से पांच लाख रुपयों की रंगदारी मांग करने वाले गिरोह का खुलासा कर महिला समेंत छह अभियुक्तों को गिरफ्तार कर आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त दो मोबाइल, मारुति वैन एंव लूटा हुआ मोबाइल तथा नकदी बरामद कर आरोपियो के खिलाफ कार्रवाई कर जेल भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक पुलिस अधीक्षक अमरोहा आदित्य लांग्हे के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जनपद अमरोहा में अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत चन्द्र प्रकाश शुक्ल अपर पुलिस अधीक्षक अमरोहा के नेतृत्व एवं क्षेत्राधिकारी हसनपुर के निकट पर्यवेक्षण में सैद नगली थाना पुलिस द्वारा युवक का अपहरण कर पांच लाख रुपयों की रंगदारी मांग करने वाले गिरोह का खुलासा कर एक महिला समेंत छह अभियुक्त गिरफ्तार किये गये हैं। जिनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त दो मोबाइल, मारुति वैन व लूटा हुआ मोबाइल व रुपयें बरामद किये गए हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक वादी मुजम्मिल हुसैन पुत्र करार हुसैन निवासी कस्बा व थाना सैद नगली द्वारा थाना सूचना दी गयी कि कुछ दिन पहले षडयंत्र के तहत एक महिला द्वारा फोन पर वार्ता कर मित्र बनाया गया। और दड़ियाल क्षेत्र में मुझे बुलाकर चार अन्य व्यक्ति द्वारा जबरन अपनी वैन में डाल कर जंगल में ले गये तथा महिला संबंधी आरोप लगाकर बंधक बना लिया। और मेरी जेब में रखे रुपयें व मोबाइल छीन लिया तथा मेरे घर वालों से पांच लाख रुपयों की रंगदारी की मांग की गई है। आरोपी महेंन्द्र सिंह सैनी योजनाबद्ध तरीके से मेरे घर जाकर महिला संबंधी आरोप का फैसला करने के लिये पैसे देने के लिए दवाब बनाने लगा। साथ ही महिला संबंधी आरोप है निपटारा कर लो नही तो छोड़ा नही जाएगा। इस पर वादी के परिजन व साथी द्वारा मिलकर पीड़ित मुजम्मिल को दड़ियाल क्षेत्र के जंगल से बरामद कर लिया। साथ ही मौके से दो आरोपी शाकिर पुत्र ताहिर निवासी खैरपुर थाना एचौडा कम्बोह जनपद सम्भल एंव महेंद्र सिंह सैनी पुत्र धनसिंह निवासी हरियाना को पकड़ लिया। जिनके अन्य साथी व महिला सफेद वैन में बैठकर फरार हो गये थे। वहीं बरामद अपहृत मुज्जिमल तथा आरोपी गवाहों के साथ थाना पहुंचकर तहरीर दी गई। जिसके आधार पर थाना सैद नगली पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक अमरोहा द्वारा प्रभारी निरीक्षक थाना सैद नगली को आरोपियो की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। इसी क्रम में सूचना पर थाना सैद नगली पुलिस द्वारा चैंकिंग के दौरान उक्त अपहरण, लूट व रंगदारी मांगने की घटना में संलिप्त आरोपी अफसाना पत्नी शाकिर निवासी ग्राम खैरपुर थाना अचौडा कम्बोह जनपद सम्भल, साजिद पुत्र भूरे एंव अरविन्द पुत्र किरणपाल निवासी गांव सोंधन थाना कैला देवी जनपद सम्भल, वैन ड्राईवर एंव रामबीर पुत्र नन्दकिशोर निवासी गांव सोंधन थाना कैला देवी जनपद सम्भल को गिरफ्तार किया गया है। जिनके कब्जे से घटना व रंगदारी मांगने में प्रयुक्त दो मोबाइल, घटना में प्रयुक्त मारुति वैन एंव वादी से लूटा हुआ मोबाइल तथा चार हजार की नगदी बरामद की गई है।

फास्ट ट्रैक

## शामली पंजीयन सीरीज UP19AT(कर्मशियल वाहन) के आकर्षक पंजीयकों (वी०आई०पी० नम्बरों) की ई-आक्शन सेवा/ FCFS सुरु

साजिद खान

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, शामली,श्री रोहित राजपूत द्वारा बताया गया कि परिवहन आयुक्त कार्यालय उ0प्र0, लखनऊ द्वारा प्रदेश के परिवहन कार्यालय में मोटर वाहन को दिये जाने वाले अधिसूचित अति आकर्षक/आकर्षक/महत्त्वपूर्ण पंजीयन नम्बर के आनलाईन आरक्षण की व्यवस्था इस कार्यालय में पूर्व से लागू है, वर्तमान में प्रचालित/चालू सीरीज (कर्मशियल वाहन) पूर्ण हो गयी है तथा नयी पंजीयन सीरीज (कर्मशियल वाहन) प्रारम्भ की जानी है। उन्होंने बताया कि इस की सीरीज में वी०आई०पी० नम्बरों की बुकिंग ई-आक्शन/ द्वारा होगी। श्री रोहित राजपूत ने बताया कि उक्त के दृष्टिगत मुख्यालय के निदेशानुसार पूर्ण हुयी पंजीयन सीरीज के (कर्मशियल वाहन) के अवशेष रह गये अधिसूचित आकर्षक पंजीयन नम्बरों पर विभागीय पोर्टल पर लॉक करने तथा नयी पंजीयन सीरीज वढ19अळ(कर्मशियल वाहन) के आकर्षक पंजीयकों (वी०आई०पी० नम्बरों) की ई-आक्शन सेवा शुरू करने के लिए विभागीय पोर्टल पर प्रदर्शित किये जाने की अग्रेतर कार्यवाही सुनिश्चित की जाती है।उक्त के संबंध में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी द्वारा यह जन मान्य को सूचित किया जाता है फेन्सी/वी०आई०पी० नम्बर ऑक्शन से बुक किए जाएंगे।और सामान्य नम्बर 15.07.2022 से नम्बर बुक किये जा सकते है।

## कोरोना को जड़ से खत्म करने के लिए टीकाकरण जरूरी: सीएमओ

### 18 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के पात्र व्यक्तियों को निशुल्क लगेगी प्रीकॉशन डोज

शामली, कोरोना को जड़ से खत्म करने के लिए कोविड से बचाव की तीनों डोज लगाना जरूरी है। सरकार व स्वास्थ्य विभाग अपने-अपने स्तर पर संक्रमण की रोकथाम में लगे हुए है।वहीं कोविड टीकाकरण भारत सरकार एंव राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता का कार्यक्रम है। आजादी की 75 वीं वर्षगांठ मनाने के लिये सरकार ने अमृत महोत्सव के रूप में कोविड की प्रीकॉशन डोज (एहतियाती खुराक) को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुक्रवार से 18 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के व्यक्तियों को



निःशुल्क प्रीकॉशन डोज लगाये जाने का निर्णय लिया गया है।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय अग्रवाल ने बताया - शुक्रवार से 30 सितम्बर 2022 तक 18 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के पात्र व्यक्तियों को कोविड टीका की निःशुल्क प्रीकॉशन डोज प्रदान की जायेगी। प्रीकॉशन डोज द्वितीय डोज के छह माह अथवा 26 सप्ताह उपरान्त दी जा सकेगी।जिन लाभार्थियों को प्रथम व द्वितीय डोज जिस वैक्सीन (कोविशील्ड/कोवैक्सीन) की प्रदान की गयी हो, वही वैक्सीन प्रीकॉशन डोज के रूप में दी जाएगी।उन्होंने बताया -प्रीकॉशन डोज जनपद के जिला संयुक्त चिकित्सालय, समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एंव नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पंसारियान, बरखंडी पर निःशुल्क लगायी जायेगी।जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. राज कुमार सागर ने बताया- जनपद में कोरोना की रोकथाम के लिए निरंतर टीकाकरण किया जा रहा है।18 वर्ष से अधिक उम्र वाले 9.71 लाख को पहली और 938776 लोगों को दूसरी डोज दी जा चुकी है।15 से 18 वर्ष तक के करीब एक लाख लोगों ने पहली खुराक ली जबकि 97966 ने दूसरी खुराक भी ले ली है।इसके साथ ही 12 से 14 वर्ष तक की आयु के 59636 बच्चों को कोरोना का टीका लगवाया जबकि 57693 बच्चों ने दूसरी डोज भी ले ली है।अब तक कुल 21.83 लाख लोग कोरोना का टीका लगवा चुके है।14731 लोगों को प्रीकॉशन डोज दी जा चुकी है।

## वन महोत्सव महाअभियान के तहत क्षेत्र के गांव भूरा में पर्यावरण बचाओ रेली निकालकर किया गया जागरूक




**पेड़ पौधे लगाना है बहुत जरूरी।**
**(हजरत मौलाना वासिल भूरा)**

पहल टुडे / सलीम फारूकी

कैराना। शनिवार को मौलाना वासिल भूरा ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा और प्रकृति के संरक्षण के लिए वृक्ष लगाना अत्यंत आवश्यक है । इसी क्रम में वृक्षारोपण को बढावा देने के उद्देश्य से वन महोत्सव अभियान के अन्तर्गत 10 जुलाई 2022 से भारत स्काउट एन्ड गाईड जमीअत यूथ कलब जिला शामली द्वारा वृक्षारोपण अभियान शुरू किया गया है। वन महोत्सव अभियान के अन्तर्गत सभी स्काउटस जमीअत यूथ कलब द्वारा वृक्षारोपण अभियान से जुडे जमीअत यूथ कलब जिला शामली वृक्षारोपण कार्यक्रम के अवसर पर जनपदवासियो से अपील करता है कि कम से कम एक पौदा अवश्य लगाए और उसे बचाए तथा पेड पौधौ के सरंक्षण में सहयोग करे साथ ही अपने आसपास रहने वाले लोगो को भी पौधारोपण के लिए प्रेरित करें।

## कांवड़ यात्रा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो,एसएसपी एवम एसपी-सिटी पुरी रात जायजा लेते रहे

**देहरादून हाईवे का बारिकी के साथ निरीक्षण कर थाना गागलहेडी प्रभारी सूबे सिंह सहित सम्बंधित को दिए आवश्यक दिशा निर्देश**

**कांवड़ यात्रा के दौरान जनपद पुलिस और अधिक सख्ती बरत अपनी कार्यप्रणाली को अंजाम दे: वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ,विपिन टाडा**

दैनिक पहल टुडे / अशोक सैनी



सहारनपुर, एसपी-सिटी राजेश कुमार सिंह ने भी निरीक्षण के दौरान सम्बंधित को किया निर्देशित इस समय भगवान शिव की कांवड़ यात्रा चल रही है।शिव भक्त हरिद्वार से गंगाजल लेकर वापस लोट रहे हैं।इसी कांवड़ यात्रा को लेकर कल देर रात्रि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ, विपिन टाडा एवम पुलिस अधीक्षक नगर राजेश कुमार सिंह ने पुलिस बल के साथ कांवड़ मार्ग का बारिकी के साथ किया निरीक्षण कर थाना गागलहेडी प्रभारी सूबे सिंह सहित डियूटी पर तेनात पुलिस के जवानों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश।कल रात एसएसपी एवम एसपी-सिटी थाना गागलहेडी क्षेत्र स्थित कांवड़ मार्ग हाईवे का निरीक्षण करते देखे गये।इस दौरान उनके साथ क्षेत्राधिकारी,थाना गागलहेडी प्रभारी सूबे सिंह भी मोजूद रहे। एसएसपी डॉ,विपिन टाडा ने डियूटीरत पुलिस के जवानों को सख्ती के साथ निर्देशित करते हुए कहा,कि कांवड़ यात्रा के दौरान अपनी डियूटी को सही तरिके से अंजाम दे तथा लोगों से सहयोग लेते हुए कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराए उन्होंने साथ ही साथ डियूटीरत पुलिस के जवानों को सख्ती के साथ निर्देशित किया,कि डियूटी के दौरान किसी भी प्रकार की कोताही ना बरते।एसपी-सिटी राजेश कुमार सिंह ने भी थाना प्रभारी सहित डियूटीरत पुलिस अधिकारियों एवम कर्मचारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा,कि डियूटी के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।एसपी-सिटी ने भी पुलिस के जवानों को यह भी आदेश दिए,कि कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़ियों का सम्मान करें एवम जनता से शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील करे।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ,विपिन टाडा एवम पुलिस अधीक्षक नगर राजेश कुमार सिंह कल देर रात कांवड़ मार्ग का बारिकी के साथ निरीक्षण करते रहे।और यही नहीं दोनों वरिष्ठ अधिकारी अन्य कांवड़ मार्ग का भी निरीक्षण करते देखे गये

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवम पुलिस अधीक्षक नगर के दिशा निदेर्शों के अनुसार थाना रामपुर मनिहारान प्रभारी की चोरों पर जोरदार कार्यवाही




दैनिक पहल टुडे / बेनी प्रसाद शर्मा

थाना रामपुर मनिहारान प्रभारी विशाल श्रीवास्तव ने चार दिन में ही कर डाला एक चोरी का खुलासादो शातिर चोर सुहेल एवम मोहित चोरी के सामान एवम एक नाजायज चाकू के साथ गिरफ्तारवरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ, विपिन टाडा एवम पुलिस अधीक्षक नगर राजेश कुमार सिंह के लगातार निदेर्शो का पालन करने वाले थाना रामपुर मनिहारान प्रभारी विशाल श्रीवास्तव ने अपनी पुलिस टीम के सहयोग से दो चोरों को चोरी के सामान सहित चार दिन बाद ही गिरफ्तार कर लिया।आपको बता दें,कि करन पुत्र इलम चंद ने जंगल ग्राम नवादा भजडू में उसके खेत मे लगे एक ट्यूबवेल से स्टार्टर एवम केबिल चोरी की रिपोर्ट थाना रामपुर मनिहारान मे 11 जुलाई 2022 को दर्ज कराई थी,थाना प्रभारी विशाल श्रीवास्तव ने भी इस मामले पर गम्भीरता दिखाते हुए एवम तत्काल कार्रवाई करते हुए एक टीम का गठन कर चोरों की तलाश में लगा दी,इधर खुद भी चोरों को तलाशने में लग गये।आज सुबह विशाल श्रीवास्तव अपनी पुलिस टीम सब इंस्पेक्टर देवेन्द्र सिंह,हेड-कांस्टेबल हरेंद्र एवम कांस्टेबल विपिन के साथ चैकिंग कर रहे थे,कि अचानक थाना प्रभारी को सूचना मिली की उक्त चोर नवादा रोड पर देखें गये है,थाना प्रभारी ने तत्काल अपनी पुलिस टीम के साथ नवादा रोड की और अपनी गाड़ी का पहिया घूमा दिया,जहां पर पहले से ही किसी अन्य चोरी की योजना बना रहे दोनों चोरों सुहेल पुत्र मुस्तकिम निवासी चुन्हेटी एवम मोहित पुत्र प्रकाश चंद निवासी ग्राम लंडोरा गुर्जर को जैसे ही आवाज दी तो वह दोनो उल्टे पांव भाग खड़े हुए,लेकिन थाना प्रभारी एवम उनकी टीम ने भी हिम्मत नहीं हारी तथा अपनी दिलेरी का परिचय देते हुए दोनों चोरों को पकड़ लिया,जिनके पास से ट्यूबवेल से चोरी किया हुआ स्टार्टर एवम केबिल भी बरामद कर लिया और साथ ही इनके पास से एक नाजायज चाकू भी बरामद किया गया।पकड़े दोनों शातिर चोरों का चालान कर जेल भेज दिया है।

## अधिवक्ताओं ने की महिला उत्पीड़न संबंधी उपरोक्त कानूनों में संशोधन करने की मांग

सहारनपुर, महिला उत्पीड़न संबंधी कानूनों में संशोधन किए जाने और वैवाहिक मामलों में गलत धाराओं में चालान किए जाने व लड़कों के घरवालों के उत्पीड़न रोकने के आदेश पारित करने की मांग को लेकर अधिवक्ताओं ने माननीय राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा -नगर मजिस्ट्रेट को दिए ज्ञापन में अधिवक्ताओं ने बताया कि अधिवक्ताओं को अपनी तहरीर में ऐसी घटना लिखने का दबाब रहता है - जिससे लड़के वालों पर मुकदमा दर्ज हो जाए - ज्ञापन मे मांग की गई की धारा 498 शोषण 3/4 में संशोधन कर इसमें फास्ट ट्रैक कोर्ट की स्थापना की जाए, यह मुकदमे सिर्फ पति के खिलाफ ही दर्ज हो और सजा 7 साल हो अन्य पारिवारिक लोगों का नाजायज शोषण ना किया जाए व झूठा मुकदमा लिखाने पर भी सजा का कानून हो।

## नगर के इंजिनियर नवाब आलम ने दिल्ली के विज्ञान भवन में सीसीई पीएमटी कोचिंग में बेस्ट कोचिंग अवार्ड हासिल कर किया कस्बे का नाम रोशन




**परिजनों एवं नगर वासियों ने दी शुभकामनाएं।**

पहल टुडे / सलीम फारूकी

कैराना। नगर के मौहल्ला जामा मस्जिद निवासी इंजीनियर नवाब आलम ओखला दिल्ली में सीसीई पीएमटी कोचिंग चलाते हैं उन्होंने यह जानकारी दी लोकसभा सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने सीसीई पीएमटी कोचिंग के संचालक नवाब आलम को दिल्ली के विज्ञान भवन में एक इंटरनेशनल कॉन्क्लेव में ओखला की बेस्ट कोचिंग के अवार्ड से सम्मानित किया है इस अवसर पर कोचिंग के इंजीनियर नवाब आलम, इंजीनियर मोहम्मद मुनीर, फजलुर रहमान, डॉक्टर वकी सिद्धकी, डॉक्टर असलम कुरेशी, नदीम खान,मोहम्मद हसन तारिक अनवर आदि मौजूद रहे।नवाब आलम को इंजीनियरिंग सम्मानित होने पर परिजनों में खुशी का माहौल है।

## जनपद शामली के शहरी क्षेत्रों के लक्ष्यों की पूर्ति हेतु नगरीय क्षेत्र में निवास करने वाले तथा स्वरोजगार के इच्छुक अनुसूचित जाति के बेरोजगार व्यक्तियों से निम्न शर्तों के साथ आवेदन पत्र आमंत्रित किये जायेंगे

पहल टुडे

शामली जिला समाज कल्याण अधिकारी, शामली, श्री अंशुल चौहान ने बताया कि उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लि0, द्वारा संचालित पं0 दीनदयाल उपाध्याय स्वतः रोजगार योजना, नगरीय क्षेत्र दुकान निर्माण योजना, लाण्ड्री एवं ड्राईक्लीनिंग योजना तथा टेलरिंग शॉप योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में जनपद शामली के शहरी क्षेत्रों के लक्ष्यों की पूर्ति हेतु नगरीय क्षेत्र में निवास करने वाले तथा स्वरोजगार के इच्छुक अनुसूचित जाति के बेरोजगार व्यक्तियों से निम्न शर्तों के साथ आवेदन पत्र आमंत्रित किये जायेंगे। जिला समाज कल्याण अधिकारी के अनुसार-

1.आवेदक अनुसूचित जाति का व्यक्ति होना चाहिए।

2.आवेदक गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहा हो और उसकी वार्षिक आय शहरी क्षेत्र में रू. 56460.00 व ग्रामीण क्षेत्र में आय रू. 46080.00 से अधिक न हो।

3.आवेदक जनपद का मूल निवासी हो।

4.आवेदक ने पूर्व में उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लि0, से कोई ऋण/अनुदान न लिया हो।

5.नगरीय क्षेत्र दुकान निर्माण योजना हेतु आवेदक के पास नगरीय/व्यवसायिक क्षेत्र में कम से कम 13.32 वर्ग मीटर स्वयं की भूमि उपलब्ध हों।

6.आवेदक स्वयं की भूमि पर दुकान निर्माण हेतु आवेदन के साथ स्वयं की भूमि हेतु जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र तथा स्वयं की भूमि का प्रमाण पत्र हेतु (बैनामा अथवा हाउस टैक्स की रसीद) जो स्वयं के नाम हो संलग्न करें।

7. लाण्ड्री एवं ड्राईक्लीनिंग योजना हेतु आवेदन के साथ अनुसूचित जाति एवं आय प्रमाण पत्र तथा लाभार्थी के पास दुकान होनी आवश्यक है। यदि दुकान किरायें की है, तो किरायें की रसीद संलग्न करें, (हिन्दु धोबी समाज को प्राथमिकता दी जायेगी)।

8.टेलरिंग शॉप योजना हेतु आवेदन के साथ जाति एवं आय प्रमाण पत्र व समान्य निवास प्रमाण पत्र तथा लाभार्थी के पास टेलरिंग अनुभव होना आवश्यक है।यदि दुकान किरायें की है, तो किरायें की रसीद संलग्न करें।(ग्रामीण क्षेत्र के इच्छुक व्यक्ति अपने-अपने विकास खण्ड में सम्पर्क करें)।इसके अलावा जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि आवेदक आवेदन पत्र के साथ सक्षम अधिकारी/ तहसीलदार द्वारा प्रदत्त जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र व राशन कार्ड, पहचान पत्र की फोटो कापी/हाउस टैक्स आदि प्रमाण पत्रों की फोटो प्रतियां एवं पासपोर्ट साइज का फोटो लगाकर दिनांक 05.08.2022 तक कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास), पदेन जिला प्रबन्धक, उ0प्र0 अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लि0, विकास भवन गोहरनी, प्रथम तल शामली में जमा करा दे। निर्धारित आवेदन पत्र का प्रारूप अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।

## हत्या के अभियोग में वांछित 15,000/- रुपए का इनामी गिरफ्तार

कैराना वादी श्रीमती बबली पत्नी रामा निवासी ग्राम मस्तगढ थाना झिंझाना जनपद शामली द्वारा उसके भाई की हत्या करने के संबंध में थाना झिंझाना पर लिखित तहरीर दी गयी थी।दाखिल तहरीर के आधार पर थाना झिंझाना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया।फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा 15 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया था।जिसकी गिरफ्तारी हेतु प्रयास किये जा रहे थे। आज थाना झिंझाना पुलिस द्वारा हत्या के अभियोग में वांछित 15 हजार रुपए के 01 इनामी हत्याभियुक्त राजेश पुत्र जगत सिंह निवासी ग्राम मस्तगढ थाना झिंझाना जनपद शामली को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई गिरफ्तार अभियुक्त के 04 साथी पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेजे जा चुके है।

## पैसों की खातिर भाई ने ही किया भाई कत्ल

**क्षेत्र के गांव बराला में बड़े भाई ने रुपए के लेन-देन को लेकर छोटे भाई को घोंपा चाकू।हुई मौत।**

**सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।**

**हत्याकांड का आरोपी सगा भाई गिरफतार।**

पहल टुडे / सलीम फारूकी



कैराना। गत रात्रि करीब 11 बजे सगे भाई ने पैसे के लेनदेन के विवाद में अपने छोटे भाई के पेट में चाकू घोंप कर उसे मौत के घाट उतार दिया।हत्या की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।पुलिस ने आरोपी को आला ए कत्ल के साथ गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

गांव बराला निवासी मुस्तकीम ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया। जिसमें बताया गया कि उसके छोटे भाई सुफियान ने कुछ समय पूर्व सबसे छोटे भाई कुरबान को गांव कंडेला निवासी सिल्ला से 11 हजार रुपये उधार दिलवाए थे।परंतु कुरबान ने उक्त पैसे सिल्ला को वापस नहीं दिये। जिस कारण सिल्ला ने अपने पैसे के बदले में उसके भाई सुफियान की मोटरसाइकिल ले ली थी।शुक्रवार की रात करीब 11 बजे मोटरसाइकिल वापस कराने को लेकर सुफियान का कुरबान से विवाद हो गया।इसी विवाद के चलते गुस्से में आकर सुफियान ने धारदार हथियार कुरबान के पेट में घोंप दिया। मौके पर कुरबान की मौत हो गई।वहीं हत्या की सूचना पर रात में ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में एसएसपी अभिषेक ने बताया कि पैसे के लेनदेन के विवाद में बड़े भाई ने छोटे भाई को धारदार हथियार से वार कर मौत के घाट उतारा हैं। प्रकरण में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया हैं। आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया हैं।आरोपी के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जा रहीं हैं।

### महिला से अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गई

## पुलिस मुठभेड़ में 01 बदमाश घायल तथा लूट की योजना बनाते हुए 02 अन्य बदमाश गिरफ्तार

पहल टुडे / साजिद खान

शामली थाना बाबरी पुलिस व एसओजी टीम द्वारा ग्राम बन्तीखेड़ा में हुई लूट का सफल अनावरण करते हुए मुठभेड़ में 01 अभियुक्त घायल तथा लूट की योजना बनाते हुए 02 अन्य अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से लूटा हुआ माल तथा अवैध हथियार बरामद बतकि दिनांक 01/02.07.2022 की रात्रि में थाना बाबरी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बन्तीखेडा निवासी महिला से अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गई थी। जिसके संबंध में पीडिता के परिजनों



द्वारा थाना बाबरी पर लिखित तहरीर दी गई थी । तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 122/2022 धारा 394 भादवि में पंजीकृत किया गया था । घटना की गम्भीरता के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा घटना स्थल का मौका मुआयना कर क्षेत्राधिकारी थानाभवन, थानाध्यक्ष बाबरी एवं एसओजी टीम शामली को घटना के शीघ्र अनावरण हेतु निर्देशित किया गया था।गठित टीमों द्वारा घटना के अनावरण हेतु साक्ष्य संकलन करते हुए लूट की घटना में शामिल अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लगातार प्रयास किये जा रहे थे। जिसके क्रम में दिनांक 15.07.2022 थाना अध्यक्ष वीरेंद्र कसाना एसआई मुकेश दिनकर थाना बाबरी एवं एसओजी टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर बन्तीखेड़ में हुई लूट की घटना में शामिल अभियुक्त जोगेन्द्र को उसके एक अन्य साथी दीपक के साथ लूट की योजना बनाते हुए बुटराडा लोई नहर पुल से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त जोगेन्द्र से की गई पूछताछ में बन्टी का नाम प्रकाश में आया । इसी क्रम में आज दिनांक 16.07.2022 को थाना बाबरी एवं एसओजी टीम की संयुक्त कार्यवाही में मुखबिर की सूचना पर पुलिस मुठभेड़ में अभियुक्त बन्टी बन्टी पुत्र नरम सिंह नि0 ग्राम योगेन्द्र नगर थाना भोपा जनपद मु0नगर पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। घायल का एक अन्य साथी मौके से फरार हो गया । जिसकी गिरफ्तारी हेतु कॉम्बिंग की जा रही है ।घायल अभियुक्त को उपचार हेतु सीएचसी कुड़ाना भेजा गया । घायल अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा मय 05 जिन्दा/01 खोखा कारतूस 315 बोर तथा थाना बाबरी पर पंजीकृत अभियोग 122/2022 धारा 394 भादवि से संबंधित लूटा गया माल बरामद हुआ है ।गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना बाबरी पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।

## किसानों ने जमीन अधिग्रहण की समस्याओं को लेकर दिया धरना

दैनिक पहल टुडे / संजीव विश्वकर्मा देवबंद



सहारनपुर,क नागल दिल्ली देहरादून इकोनामी कारीडोर हेतू अधिग्रहित की जा रही जमीन के उचित मुआवजे, अंडरपास व सर्विस रोड की मांग को लेकर आधा दर्जन से अधिक गांवों के किसानों ने भारतीय किसान मजदूर संगठन के बैनर तले बेलडा जुनारदार में धरना दिया। किसानों का कहना था कि उन्हें अधिग्रहित की जा रही भूमि, खेतों में खड़े नलकूप तथा पेड़ों का उचित मुआवजा नहीं दिया जा रहा है तथा खेतों में जबरन कब्जे का प्रयास किया जा रहा है।

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर पूरन सिंह ने कहा कि जब तक किसानों को उनकी जमीनों का उचित मुआवजा नहीं दिया जाता तब तक कब्जा नहीं लेने दिया जाएगा तथा धरना लगातार जारी रहेगा।उन्होंने कहा कि हाईवे अथॉरिटी जिस जमीन का 9 वर्ष पूर्व साढ़े नौ लाख रुपए मुआवजा दे चुकी है आज उसी जमीन का सवा छह लाख रुपए मुआवजा दिया जा रहा है।जो उचित नहीं है।उन्होंने कहा कि किसानों को अपने खेतों में हाईवे के दूसरी पार जाने के लिए अंडरपास, भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 के तहत एक किसान को नौकरी, बेलडा जुनारदार में राजमार्ग पर बनने वाले जंक्शन पर आने जाने के लिए सर्विस रोड, खेतों में खड़े पेड़ों का सही मूल्यांकन कर उचित मुआवजा तथा नलकूप व समर्सिबल का सही आकलन तथा सर्वे के दौरान छूटे बोरिंग व पेड़ों का मुआवजा, हाईवे निर्माण के दौरान देहात क्षेत्र में चलने वाले डंपर आदि के कारण टूटी सड़कों का पुनर्निर्माण का आश्वासन दे दी जाने तक किसानों का धरना जारी रहेगा। इस दौरान किसानों के शी१८ पहुंचे तहसीलदार सदर नितिन राजपूत को किसानों ने अपने बीच बैठा लिया।तथा उप जिलाधिकारी सदर को बुलाए जाने की मांग करने लगे।इस दौरान आलमगीर, नवाब, अरशद प्रधान, अब्दुल रहमान, इनाम, ठा. अजब सिंह, नीरज पिंकी राणा, कुशल पाल राणा, कुलदीप राणा, तेलू राम, वेदपाल, बबली शर्मा, अनु मलिक, अब्दुल सलाम, इजराइल, जहांगीर, ईशा, मुरसलीन व वसीम आदि रहे।

# जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त 94 शिकायतों में से 11 का मौके पर ही निस्तारित कर जनता को दी राहत

● अवैध कब्जों की शिकायतों पर पुलिस व राजस्व की टीमों को मौके पर भेजकर कराया कब्जा मुक्त

**पहल टुडे**



फिरोजाबाद--- जिलाधिकारी रवि रंजन की अध्यक्षता में शनिवार को तहसील शिकोहाबाद में प्रातः 10 बजे से अपराहन 2 बजे तक सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ, जिसमें जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी एवं सभी जिलास्तरीय अधिकारियों ने उपस्थित रहकर जनता की समस्याओं को सुना और उनका प्रभावी निस्तारण कराया। इसके अतिरिक्त जनपद की समस्त तहसील सभागार में भी सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन भी किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि प्रातः 10 बजे से सम्पूर्ण समाधान दिवस पर उपस्थित रहकर जन शिकायतों का प्रभावी निस्तारण करें इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान 94 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से मौके पर ही 11 शिकायतों का निस्तारण किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों द्वारा कैम्प लगाकर क्षेत्र की जनता को सरकार की योजनाओं की जानकारी व आवेदन कराए जाने की जानकारी लेते हुए जिलाधिकारी ने विभागवार कैम्पों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने निर्देश दिए कि सभी विभाग अपनी-अपनी योजनाओं के बैनर, स्टैण्डी अवश्य लगाए और एक माइक भी रखे जिससे लोगों को जानकारी प्रदान करते रहें। उन्होने कहा कि सभी पात्रों को योजना का लाभ मिलना चाहिए कोई भी पात्र व्यक्ति छूटना नही चाहिए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान शिकायतकत्री ग्राम पंचायत रहचटी की प्रधान ममता कुमारी ने बताया कि क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा पैमाइश कराकर चकरोड डलवाई जा रही थी उक्त चकरोड पर अवैध कब्जा किए हुए मौजा चितावली के काश्तकार विनीता यादव, सनी यादव, सुमित यादव, राजकुमार यादव, अमित यादव व अन्य काश्तकारों द्वारा पैमाइश का विरोध किए जाने लगा। साथ ही लेखपालों एवं उनसे और उनके पति से अभद्रता का व्यवहार करने लगे क्षेत्रीय लेखपाल को गालियां देने लगे एवं जान से मारने की धमकी देने लगे इस मामले को जिलाधिकारी ने गंभीरता से लेते हुए उप जिलाधिकारी शिकोहाबाद को निर्देश दिए कि तहसीलदार एवं एसएचओ शिकोहाबाद को संयुक्त टीम के साथ आज ही मौके पर भेजकर जांच कर प्रभावी कार्यवाही करें।

इसी प्रकार शिकायतकर्ता प्रेम शंकर पुत्र बाबूराम निवासी रूपसपुर शिकोहाबाद ने अपनी शिकायत में बताया कि विकास, अरूण कुमार, अवनीश कुमार, आशीष व अजीत ने भट्टे की जमीन को चोरी-छिपे कृषि स्टाम्प लगाकर बैनामा करा लिया है जिससे सरकार को राजस्व की हानि हो रही है इसको जिलाधिकारी ने गंभीरता से लेते हुए एसडीएम शिकोहाबाद को निर्देशित किया कि जांच कर आवश्यक कार्यवाही करें।

# थाना मड़िहान पुलिस द्वारा युवती के साथ दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**पहल टुडे**

थाना मड़िहान, जनपद मीरजापुर पर दिनांक 26.05.2022 को एक व्यक्ति द्वारा लिखित तहरीर दी गई कि दिनांक 23.05.2022 को घर पर शादी कार्यक्रम के दौरान भोर में वादी के भाई की पुत्री पाही से घर वापस जा रही थी कि उसी गांव निवासी एक व्यक्ति द्वारा मारपीट करते हुए छेड़खानी करने के सम्बन्ध मु0अ0सं0-101/2022 धारा 323,354क भादवि बनाम रामरूप कोल पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ हुई, विवेचना के क्रम में धारा 376 भादवि की बढ़ोत्तरी की गई।



पुलिस अधीक्षक मीरजापुर संतोष कुमार मिश्रा द्वारा उक्त घटना को कारित करने वाले अभियुक्त की यथाशीघ्र गिरफ्तारी करते हुए अग्रिम वैधानिक किये जाने हेतु प्रभारी निरीक्षक मड़िहान को निर्देश दिए गए थे। उक्त निर्देश के क्रम में प्रभारी निरीक्षक मड़िहान शैलेश कुमार राय मय टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर बेला माता मंदिर के पास से नामजद अभियुक्त रामरूप कोल पुत्र शम्भू कोल निवासी पहिती थाना मड़िहान जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए मा0न्यायालय/जेल भेजा गया।

## संक्षेप

### थाना को0शहर पुलिस द्वारा 02 नफर वारण्टी गिरफ्तार

**मिर्जापुर** पुलिस अधीक्षक मीरजापुर संतोष कुमार मिश्राके निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलायें जा रहे अभियान के क्रम में थाना को0शहर पुलिस द्वारा 02 नफर वारण्टी को गिरफ्तार किया गया। उ0नि0 जय प्रकाश शर्मा मय टीम द्वारा वारण्टी गुड्डू पुत्र मुस्ताक निवासी कुरैश नगर थाना को0शहर जनपद मीरजापुर को तथा उ0नि0 हरिशंकर यादव मय टीम द्वारा वारण्टी करन पुत्र अर्जुन निवासी घोड़े शहीद थाना को0शहर जनपद मीरजापुर को उनके घर से गिरफ्तार कर मा0न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

### थाना अहरौरा पुलिस द्वारा 03 नफर वारण्टी गिरफ्तार

**मिर्जापुर** पुलिस अधीक्षक मीरजापुर ह्यसंतोष कुमार मिश्राके निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलायें जा रहे अभियान के क्रम में थाना अहरौरा पुलिस द्वारा 03 नफर वारण्टी को गिरफ्तार किया गया। आज दिनांक उ0नि0 दिलीप कुमार गुप्ता मय टीम द्वारा वारण्टी 1-छुन्नू सोनकर 2-महेन्द्र सोनकर पुत्रगण पन्ना सोनकर, 3-लालजी सोनकर पुत्र मेवालाल सोनकर निवासी कुदारन थाना अहरौरा जनपद मीरजापुर को उनके घर से गिरफ्तार कर मा0न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

### थाना हलिया पुलिस द्वारा पुरानी रंजीश को लेकर 08 वर्षीय बालक की गला दबाकर हत्या करने का हत्यारोपी गिरफ्तार

थाना हलिया, जनपद मीरजापुर पर को राकेश कुमार पुत्र रामजियावन निवासी बरबसा थाना हलिया जनपद मीरजापुर द्वारा अपने पुत्र शिवदत्त उम्र करीब-08 वर्ष की खेलते समय पानी में डूब जाने से मृत्यु हो जाने के सम्बन्ध में लिखित सूचना दी गई। थाना हलिया पुलिस द्वारा फौती सूचना दर्ज कर शव को कब्जे में लेकर पंचायतनाम भरकर पोस्टमार्टम हेतु भिजवाया गया था। पोस्मार्टम रिपोर्ट में गला दबाने से मृत्यु होना पायें जाने पर दिनांक वादी राकेश कुमार उपरोक्त की तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0-105/2022 धारा 302 भादवि बनाम सरोज कुमार पंजीकृत र विवेचना प्रारम्भ हुई।पुलिस अधीक्षक मीरजापुर ह्यसंतोष कुमार मिश्राद्वारा उक्त घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्त की त्वरित गिरफ्तारी हेतु थाना प्रभारी हलिया को निर्देश दिए गए थे। उक्त निर्देश के क्रम में थानाध्यक्ष हलिया अनिल कुमार सिंह मय टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर गड़बड़ा नहर पुलिया के पास से नामजद अभियुक्त सरोज कुमार पुत्र रामपाल निवासी बरबसा गहरवार थाना हलिया जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त सरोज कुमार उपरोक्त द्वारा घटना को कारित करना स्वीकार करते हुए बताया गया कि जमीनी विवाद व पुरानी रंजीश को लेकर उसने 08 वर्षीय बालक शिवदत्त की गला दबाकर हत्या कर दी।

# ताश की गड्डी को उठाने के विवाद में बच्चे को बेल्ट से पीटकर किया घायल



**पहल टुडे**

बीसलपुरः- मोहल्ला दुवे में कुछ जुआंरी बाजी लगाकर ताश के पत्तों से खल रहे थे। पुलिस आने की भनक लगते ही ताश के पत्तों को छोड़कर फरार हो गये। बच्चे ने ताश की गड्डी उठा ली। वापस आकर जुआंरियों ने बच्चे को बेल्ट से पीटकर घायल कर दिया।

नगर के मोहल्ला दुबे निवासी मनोज का 5 वर्षीय पुत्र घर के पीछे खेलने गया था। जहां मोहल्ले का ही एक युवक ताश खेल रहा था इसी बीच मनोज का पुत्र हिमांशु वहां पहुंच गया और उसने ताश की गड्डी उठा ली। इसी बात को लेकर मोहल्ले के ही एक युवक ने हिमांशु को बेल्टों से पीटकर घायल कर दिया। घायल के पिता ने बीसलपुर कोतवाली में तहरीर दी पुलिस ने तहरीर लेने के बाद घायल को मेडिकल के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा जहां डॉक्टरों द्वारा उसका इलाज किया जा रहा है।

# भूगर्भ जल सप्ताह के उपलक्ष में कार्यक्रम हुआ संपन्न





**पहल टुडे**

पीलीभीत। समाधान विकास समिति विपनेट क्लब के तत्वाधान में भूगर्भ जल सप्ताह का आयोजन आरंभ किया गया। आज प्रथम दिन जाने भूगर्भ जल को तथा अपने आसपास भूगर्भ जल स्तर की जानकारी प्राप्त करें प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।प्रतिभागियों ने 5 बिंदुओं में अपनी जानकारी साझा की।बताया कि भूगर्भ जलस्तर निरंतर कम हो रहा है हमें भूगर्भ जल स्तर को बढ़ाना होगा।इसके लिए जल की बचत करनी होगी। शिक्षिका शालिनी श्रीवास्तव अवंती गंगवार यामिनी मिश्रा वविभा मिश्राने बताया कि पृथ्वी से पानी के अधिक दोहन के कारण जलस्तर मैं असंतुलन पैदा हो रहा है। जिसे सामूहिक प्रयास से ही दूर किया जा सकेगा और पृथ्वी की प्यास बुझेगी। जल है तो जीवन है। इसके लिए वर्षा जल संचयन भूगर्भ जल संरक्षण भूजल पुनर्भरण आदि को अपनाना होगा। आज दरक्षा उमरा ओम गुप्ता झारिया खान श्रद्धा सक्सेना हर्षिता पनेरु सृष्टि मिश्रा अंशिका देवल मोहित पांडे सौरभ भट्ट पूजा भट्ट साक्षी देवल रानी मिश्रा शोभित सक्सैना अंजलि सुनैना आकृति नेहा संजना राशि शशि आरती चंद नूर भी अनम अंसरी है

दिव्यांशी यादव शिवानी मौर्य रिया समेत तमाम प्रतिभागियों ने प्रतिभाग कर भूजल स्तर पर चिंता व्यक्त करते हुए अपनी जानकारी साझा की रिसोर्स पर्सन लक्ष्मीकांत शर्मा ने बताया कि कल दूसरे दिन स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा प्रतिभागी जल संरक्षण के प्रति समाज में स्लोगन के माध्यम से वातावरण बनाएंगे।

# गंगा नदी मे बढ़ा जलस्तर वृध्दि का सिलसिला जारी

**पहल टुडे**

अमरोहा( मुबारिजपुर )।गंगा नदी मे बिजनौर बैराज से 73058 हजार क्यसेक पानी छोड़े जाने के वाद खादर क्षेत्र मे गंगा के जलस्तर में लगातार वृद्धि का सिलसिला जारी है।गंगा नदी खतरे के निशान से 60 सेंटीमीटर से बढ़कर 199.80 सेंटीमीटर तक पहुंच गया है।उसहैत के कई गांव बाढ़ के पानी से घिर गए हैं।




पहाड़ों पर बारिश के बाद गंगा नदी में लगातार बढ़ाकर पानी छोड़ा जा रहा है।हरिद्वार, बिजनौर, से डिस्चार्ज बढ़ने के बाद गंगा नदी में उफान आ गया है।कल से गंगा नदी में भारी जल वृद्धि दर्ज की गई है।वर्तमान में गंगा नदी खतरे के निशान से 199.80 सेंटीमीटर ऊपर बह रही है।जल वृद्धि के चलते गंगेश्वरी क्षेत्र मे गंगा तटबंध के किनारे बसे गांव खाजेपुर जीवपुर सलारा व मुबारिजपुर गांव बाढ़ के पानी से गिर गए हैं।इसी प्रकार से जल वृद्धि हुई तो एक-दो दिन में इन गांव तक बाढ़ का पानी पहुंच जाएगा। ग्रामीणों ने बाढ़ के आसार देखते हुए सुरक्षित स्थानों पर जाना शुरू कर दिया है। तहसील प्रशासन ने भी जलस्तर बढ़ने के बाद बाढ़ चौकियों को अलर्ट कर दिया है। बाढ़ खंड के अफसर बांध पर निगरानी बनाए हुए हैं। फिलहाल अभी कहीं पर कटान की स्थिति उत्पन्न नहीं हो रही है। कटान का खतरा घटते जलस्तर पर बढ़ेगा। जेई बाढ़ खंड अनवर बहादुर खान ने बताया कि गंगा नदी में जल वृद्धि का सिलसिला जारी है।

# थाने से चन्द कदम दूरी पर नकब लगाकर हजारो की चोरी

**थाने से 400 मीटर की दूरी पर चोरों ने दिया घटना को अंजाम**

**पहल टुडे**





बरखेड़ा।जनपद के थाना बरखेड़ा कस्बे में बीती रात अज्ञात चोरो ने बीसलपुर-पीलीभीत हाईवे पर स्थित थाने से लगभग चार सौ मीटर की दूरी पर कन्फेक्शनरी की दुकान मे पीछे से नकाब लगाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया है जब दुकान स्वामी लियाकत हुसैन आज सुबह रोज की तरह अपनी दुकान खोलने पहुंचा जैसे ही दुकान स्वामी ने शटर ऊपर किया तो दुकान के अंदर सारा सामान तितर-बितर फैला हुआ था। और गल्ले में रखी 45000 हजार की नगदी गायब थी।जिसकी सूचना दुकान स्वामी ने यूपी डायल 112 पुलिस को दी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची यूपी डायल 112 ने थाना पुलिस को भी बुला लिया और वही पुलिस ने मौका मुआयना कर जांच पड़ताल शुरू की। हाईवे की किनारे दुकान मे नकब लगाकर चोरी की घटना से नगर के व्यापारियो मे हडकंप मच गया। इधर व्यापार मंडल के नेताओ ने भी रात्रि गश्त पर पुलिस पर सवालिया निशान उठाने लगे तथा नगर के व्यापरियो मे भी पुलिस के खिलाफ आक्रोश दिखाई दिया। वही दुकान स्वामी ने अज्ञात चोरो के खिलाफ थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाही की मांग की है।

# कूड़ा डालने के विवाद में हुई मारपीट मां बेटी घायल अस्पताल में भर्ती

**पहल टुडे**



बीसलपुरः- गांव चुर्रासकतपुर में कूड़ा डालने को लेकर पडोस के ही पांच लोगानें ने मां बेटी को पीटकर घायल कर दिया। घायलों को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामले की तहरीर कोतवाली पुलिस को दे दी है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चुर्रासकतपुर में सुरेश की पत्नी द्रोपती घर पर झाड़ू लगा रही थी। झाड़ू लगाने के बाद उन्होंने कूड़ा रोड पर इकट्ठा कर दिया।इसी बात को लेकर पड़ोसी ने गाली गलौज करना शुरू कर दिया। द्रोपती ने गाली देने का विरोध किया तो पड़ोसी पक्ष के लोग द्रोपती को मारने पीटने लगे अपनी मां को बचाने आई प्रीति को भी पीट कर घायल कर दिया। घायल ने बीसलपुर कोतवाली में तहरीर दी पुलिस ने तहरीर लेने के बाद घायलों को मेडिकल के लिए बीसलपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया। जहां डॉक्टर द्वारा उनका उपचार किया जा रहा है फिलहाल पुलिस जांच में जुटी है।

# पत्नी से अनबन होने पर युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, हालत बिगड़ी



**पहल टुडे**

बीसलपुरः- पत्नी से अनबन होने पर युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई बेहोशी की हालत में नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

बिलसण्डा के मोहल्ला गोपीपुरा निवासी मनजीत पुत्र रामपाल की शादी भगवतीपुर निवासी प्रीति के साथ हुई थी। वह अपनी पत्नी की विदा कराने गया जहां ससुरालियों ने उसके साथ उसकी पत्नी को नहीं भेजा। जिससे नाराज होकर मनजीत ने जहरीला पदार्थ खा लिया।जिससे उसकी हालत बिगड़ गई परिजनों ने आनन-फानन में बेहोशी की हालत में युवक को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## अब बारी जिला अस्पताल की जर्जर व्यवस्थाओ की जल्द होगा निस्तारण: पंकज शर्मा

# हिंदू जागरण मंच की लगातार जारी है चाय पर चर्चा दिए गए तमाम फैसले

**हिंदू जागरण मंच कावरथी दलों की सेवा करेगी साथी भव्य आरती का होगा आयोजन: प्रवीण मोहन अग्रवाल**

**पहल टुडे**




पीलीभीत। हिंदू जागरण मंच लगातार मजबूत स्थिति में होता जा रहा हैं।संगठन की यह टीम जिला अध्यक्ष पंकज शर्मा के नेतृत्व में इस समय जनपद भर में प्रत्येक कार्य कर रही है किससे चारों ओर हिंदू जागरण मंच की टीम की चचाएं लगातार सुनने को मिल रही हैं। विगत दिनों परसों से बंद पड़े शिव मंदिर को हिंदू जागरण मंच की टीम ने फुल जोर मेहनत कर मंदिर को स्वतंत्र कराया जिसमें हिंदू संगठनों में खुशी की लहर दौड़ गई और चारों और हिंदू जागरण मंच की वाहवाही हो रही हैं।हिंदू जागरण मंच इस समय रोजाना प्रत्येक कार्यकर्ता के यहां चाय पर चर्चा कर लोगों की समस्याओं का निस्तारण संबंधित अधिकारी से मिल करा रही हैं।शनिवार को यही क्रम जारी रख हिंदू जागरण मंच के जिला अध्यक्ष पंकज शर्मा के नेतृत्व में आज चाय के चर्चा का कार्यक्रम जिला मीडिया प्रभारी (पत्रकार) मुकेश कुमार के मंडल कार्यालय पर किया गया। इस चाय की चर्चा के कार्यक्रम में संगठन के समस्त पदाधिकारी सदस्य उपस्थित हुए तो वही वीरांगना वाहिनी की सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

इस कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष पंकज शर्मा ने सभी को संबोधित करते हुए कहा जो विगत कई सालों से लकड़ी मंडी में बंद पड़े मंदिर को लेकर किसी भी संगठन का ध्यान नहीं जा रहा था उसको हम सब की एकता ने मुक्त कराया और आज हम मंदिर को लेकर राहत की सांस ले रहे हैं।साथ ही उन्होंने कहा कि अब हम सभी पर थोड़ा ध्यान जनपद के जिला अस्पताल पर भी देना चाहिए वहां के मरीजों को लेकर आए दिन फोन आते हैं। लेकिन हम लोग आश्वासन के सिवा कुछ नहीं कर पाते इसलिए हम सबको मिलकर हर हफ्ते में एक दिन निकाल कर जिला अस्पताल की तरफ भी ध्यान लगाना पड़ेगा और वहां के जो हालात हैं उनको उच्च अधिकारियों से मिल अवगत करा कर सही कराने का काम किया जाएगा। जिलाध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि सभी कार्यकताओं की सहमति से हफ्ते में एक दिन आप सभी जाकर बहुत ही जगह व्यवस्थाओं को देखें और अवगत कराएं जिससे कि भाव संबंधित अधिकारी गणों से संपर्क कर उन समस्याओं का निस्तारण हो सके।

वहीं जिला महामंत्री प्रवीण मोहन अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में सभी को अवगत कराया कि हिंदू जागरण मंच की एक गोली सुबह से लेकर शाम तक शिव मंदिरों में तन मन से श्रद्धा पूर्वक श्रद्धालुओं

कावरथी दलों की सेवा करेगी और शाम को उसी मंदिर में हिंदू जागरण मंच की टीम भव्य आरती का भी आयोजन करेंगी इस पर सभी लोगों ने सहमति जताते हुए उनकी बातों को ध्यान से सुना और निर्णय लिया कि जैसा भी हिंदू जागरण मंच जिला अध्यक्ष महामंत्री एवं प्रांतीय अध्यक्ष हम लोगों को निर्णय देंगे उस प्रकार से हम लोग भी कार्य को और आगे बढ़ाएंगे जिससे हिंदू जागरण मंच का वर्चस्व और बड़े।

महामंत्री श्री अग्रवाल ने यह भी अवगत कराया कि हम सभी को इस हिसाब से कार्य करना है कि कोई हम पर किसी प्रकार की उंगली ना उठा सके नाही किसी प्रकार का हम पर कोई दोष लगा सके इस समय हिंदू जागरण मंच का डंका पूरी पीलीभीत में ही नहीं अन्य इलाकों में भी मचा हुआ हैं।जिससे हम सभी लोग ऐसे ही मेहनत कर इस संगठनों को और ऊंचाइयों पर ले जा सके।

चाय की चर्चा के इस कार्यक्रम में जिला मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार ने आज के इस कार्यक्रम में आए सभी लोगों का धन्यवाद दिया और कहा हिंदू जागरण मंच लगातार जिलाध्यक्ष पंकज शर्मा के नेतृत्व में अच्छा कार्य कर रही है और आप सभी लोग यूं ही ऐसा ही काम करते रहें।

# भारतीय किसान यूनियन कार्यकाताओं ने मांगों को लेकर दिया धरना

**पहल टुडे**



बीसलपुरः- भारतीय किसान यूनियन कार्यकताओं ने ब्लॉक परिसर में सांस्कृतिक धरना देकर 5 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा मांगे पूरी ना होने पर अनिश्चित कालीन धरना दिए जाने की धमकी दी।

भारतीय किसान यूनियन कार्यकर्ता बिलसंडा ब्लॉक परिसर में सांस्कृतिक धरना दिया तथा 5 सूत्रीय ज्ञापन देकर कहा है कि आवारा घूम रहे पशु को गौशाला में रखवाए जाने के लिए कई बार उच्चाधिकारियों को ज्ञापन दिया जा चुके हैं। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। बिजली विभाग द्वारा अधोषित बिजली कटौती की जा रही है व विल अधिक बसूला जा रहा है। जिसे बंद कराये जाने, पुलिस प्रशासन के द्वारा जो अबैध व्यवहार किया जा रहा है उसे बंद कराये जाने, बजाज चीनीमिल जो हमारे किसानों की पची पड़ीहै उनका जल्द भुगतान कराये जाने, शराब पर ओवर रंटिंग बंद कराये जाने मागें पूरी न होन पर अनिश्चित कालीन धरना दिये जाने की चेतावनी दी है। धरने में सेतराम कुशवाहा, संतोष सिंह यादव, सतबिन्दर सिंह कहलो, फईम, सारिक, नन्हे, जीशान सहित कई कार्यकर्ता शामिल थे।

फास्ट ट्रैक

## श्रीकांत शास्त्री, जिला पदाधिकारी, किशनगंज की अध्यक्षता में जिला भू-अर्जन से संबंधित वृहत परियोजनाओं की समीक्षा बैठक की गई




किशनगंज (मोहम्मद अजीमुद्दीन)-श्रीकांत शास्त्री, जिला पदाधिकारी, किशनगंज की अध्यक्षता में जिला भू-अर्जन से संबंधित वृहत परियोजनाओं की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में रेल परियोजना, अररिया - गलगलिया न्यू बीजी लाईन, भारत नेपाल सीमा सड़क परियोजना, एन. एच.ए.आई. से संबंधित किशनगंज से बहादुरगंज एवं बहादुरगंज से गलगलिया सड़क निर्माण परियोजना, एस.एच. 99, बहादुरगंज से दिघलबैंक सड़क चौड़ीकरण परियोजना, रतवा नदी पर बॉध परियोजना एवं महानंदा बॉध परियोजना में दोनों ओर तटबंध का निर्माण से संबंधी कार्य, सालबारी टोला दिघलबैंक में एस.एस.बी. के बी०ओ०पी० केन्द्र से संबंधित परियोजना की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में संबंधितों को ससमय भू-अर्जन कार्य पूर्ण करने का निदेश दिया गया। बैठक में सभी अधियाची विभाग के पदाधिकारीगण / प्रतिनिधि, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी एवं जिला भू-अर्जन कार्यालय के प्रधान सहायक व कर्मीगण उपस्थित थे।

## आईवीएफ दिल्ली महिला इकाई का स्नेह मिलन



किशनगंज/नई दिल्ली मोहम्मद अजीमुद्दीन

अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन दिल्ली की महिला इकाई ने मंगलवार को होटल कंट्री ईन साहिबाबाद, गाजियाबाद में महिला सदस्यों के मेलजोल एवं स्नेह मिलन का कार्यक्रम सुषमा गर्ग (महिला अध्यक्ष) की अध्यक्षता में रखा गया। कार्यक्रम में सभी महिलाओं ने पहले मूवी भूल भुलैया 2 का आनंद लियो तत्पश्चात सभी ने मस्ती भरे गाने गाए और साथ-साथ चाट पकौड़ी एवं स्वादिष्ट भोजन व मीठे-मीठे व्यंजनों का लुत्फ उठाया। कार्यक्रम की मुख्य अथिति गुंजन गुप्ता (पूर्व निगम पार्षद एवं मुख्य संरक्षक - अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासमेलन) ने आकर सभी बहनों का उत्साह बढ़ाया। पूनम, अंशु एवं कविता ने कार्यक्रम संयोजन की अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में सभी महिलाओं को आकर्षक उपहार शुषमा गर्ग, गुंजन गुप्ता एवं गिरीश मित्तल ने भेंट किए।

## अपरजिलाधिकारी की अगुवाई में मुख्य समाधान दिवस का हुआ आयोजन



दैनिक पहल टूडे / आशुतोष कुमार मिश्र

बांसडीह बलिया। तहसील के सभागार में शनिवार को आयोजित मुख्य तहसील समाधान दिवस में अनेक नागरिकों ने विभिन्न मामलों से सम्बन्धित ज्ञापन अपरजिलाधिकारी अनिल कुमार अग्निहोत्री को दिए समाधान दिवस पर कुल एक सौ पचीस मामले आये जिसमे दस का मौके पर निस्तारण किया गया जिसमे ज्यादातर मामले राजस्व के साथ पुलिस के थे जिसको अपर पुलिस अधीक्षक बलिया दुर्गा प्रसाद तिवारी ने सम्बन्धित थाने को त्वरित निस्तारण करने को निर्देशित किया खराब पड़े इंडिया मार्का हैंडपंप ठीक करने सड़कों पर लगे सभी स्ट्रीट लाइट को जलवाने और नगर में मच्छर मार दवा का छिड़काव करने की मांग किया है रोहुआ तिवारी निवासी चंद्रावती देवी पत्नी ब्रम्हानंद दुबे ने खतौनी में नाम चढ़ाने के सम्बंध में ज्ञापन सौंपा जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित कानूनगो पर नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल नाम चढाने का निर्देश दिया इस दौरान अपर जिलाधिकारी अनिल कुमार अग्निहोत्री उपजिधिकारी दीपशिखा सिंह तहसीलदार प्रवीण कुमार सिंह नायब तहसीलदार सहित जिले के आला अफसर मौजूद रहे।

## गोविंद सागर बांध का शीघ्र होगा कायाकल्प :इंजी मनमोहन सिंह

पहल टुडे/अजय बरया



ललितपुरः जनपद को अगर बांधों का जिला कहा जाए तो इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी लेकिन नगर में स्थित गोविंद सागर बांध जिस का निर्माण 1952 में शहजाद नदी पर हुआ जिसका उद्घाटन उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री गोविंद बल्लभ पंत द्वारा किया गया था बता दें कि इस बांध का नाम भी उन्हीं के नाम पर गोविंद सागर बांध रखा गया था इस बांध की मुख्य विशेषता अगर देखी जाए तो इसमें साइफन प्रणाली लगी हुई है जो पानी अधिक हो जाने पर स्वत चलने लगते हैं और तब तक चलते हैं जब तक बांध का पानी लेवल में नहीं आ जाता शहर वासियों के लिए एक मात्र यही बांध है जिसका पानी भी शहर वासी पिया करते हैं साथ में पर्यटन की दृष्टि से नगर वासियों के लिए घूमने फिरने के लिए भी यही एकमात्र सहारा है लेकिन वर्तमान में बांध के ऊपर जो सड़क निकली हुई है जिस पर चलकर लोग बांध का नजारा बरसात के मौसम में देखा करते हैं वह इस समय पूरी क्षतिग्रस्त हो चुकी है जब पहल टुडे ने इस संबंध में बांध की देखरेख कर रहे इंजीनियर मनमोहन सिंह अधिशासी अभियंता राजघाट निर्माण खंड से बात की तो उन्होंने कहा कि अब वह दिन दूर नहीं जब इस बाँध का कायाकल्प हो जाएगा उन्होंने बताया कि बांध पर करोड़ों रुपए की लागत से सरकार द्वारा कई कार्य कराये जाएंगे जिससे बांध का नजारा कुछ दूसरा ही होगा जिसमे प्रमुखता से स्पिलवे गेट के संचालन की व्यवस्था मैनुअल खत्म कर मोटराइज्ड किया जायेगा तथा गोविन्द सागर बाँध के ऊपरी पुल पर स्थापित होंगी सोलर लाइटें जिससे जगमग होगा एरिया एवं बाँध के नीचे बने पार्क का भी सौन्दर्यीकरण कराया जाएगा तथा बाँध के ऊपरी व नीचे दोनों एरिया में नई सड़क का निर्माण कराया जाएगा साथ ही डाउन स्ट्रीम, ढलान एरिया को मिट्टी डालकर रिपेयर किया जायेगा एवं स्पिल वे गेट से छोड़े जाने वाले फ्लोर को साइफन वाले फ्लोर की तरह पक्का व सुरक्षित बनाया जाएगा उन्होंने बताया कि गोविन्द सागर बाँध के शहरी क्षेत्र का सीमांकन कर बाउण्ड्रीवाल का भी निर्माणकराया जाएगा तथाअप स्ट्रीम को व्यवस्थित कर कुछ जगहों पर पिचिंग का कार्य भी कराया जाएगा उन्होंने कहा कि उपरोक्त सभी कार्यों के लिए उच्च अधिकारी गणों द्वारा अनुमोदन किया गया है तथा शासन के समक्ष बजट की मंजूरी के लिए भी प्रस्ताव भेजा गया है जैसे ही बजट स्वीकृत होता है कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा

## नागल में रेल मंत्री द्वारा लोकसभा चुनाव की तैयारी का आवाहन




दैनिक पहल टूडे / अजय त्यागी नागल

नागल भाटखेड़ी रोड स्थित गठबंधन पैलेस मैं कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमेंरैल, संचार, इलेक्ट्रॉनिक व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्वनी वैष्णव ने लोकसभा प्रवास कार्यक्रम के तहत आईटी सेल कार्यकताओं को जीत का मंत्र देते हुए कहा कि हमें 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारी में अभी से जुट जाना है। इसके लिए हम सभी को पूर्ण रूप से सक्रिय होना होगा। क्रांति के इस युग में व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, ट्विटर व फेसबुक समेत जितने भी संचार के माध्यम हैं इन सब का उपयोग चुनाव के लिए कैसे तथा किस प्रकार से हो इस पर विचार करना होगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान युग में देश के अधिकांश जनता किसी न किसी संचार माध्यम से जुड़ी है इसका उपयोग भी पूरे देश में अच्छे तरीके से हो रहा है। काफी समय पहले जब आज के समाचार अगले दिन पढ़ने को मिलते थे परंतु आज संचार क्रांति के माध्यम से घटनाओं व कार्यक्रमों की जानकारी कुछ ही देर में दूर-दूर तक पहुंच जाती हैं। इस दौरान उन्होंने आईटी सेल में जुड़े कार्यकताओं से पार्टी व कार्य के प्रति समर्पित होकर कार्य करने की अपील की।

क्षेत्रीय अध्यक्ष मोहित बेनीवाल ने कहा कि चुनाव में आईटी सेल कार्यकर्ता अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। जिससे देश व समाज का भला होगा। कार्यक्रम के दौरान रामपुर मनिहारान विधायक देवेंद्र निम ने विधानसभा क्षेत्र में पडने वाले रेल अंडर पास में बरसात के दौरान होने वाले जलभराव से निजात दिलाने को ज्ञापन सौंपा। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष चौधरी मांगेराम, जिलाध्यक्ष महेंद्र सैनी, पूर्व जिलाध्यक्ष विजेंद्र कश्यप, विधायक देवेंद्र निम, पूर्व प्रमुख विजेंद्र चौधरी, मेला राम पंवार, मान सिंह सैनी, पवन त्यागी, कपिल डावर, अरुण त्यागी, मुकेश माहेश्वरी, बिजेंद्र दीक्षित, चौधरी विजयपाल आदि रहे।

## संविदाकर्मियो ने विधुत विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन देकर बिजलीघर पर व्याप्त अव्यवस्थाओं में सुधार की मांग की है

सहारनपुर,क तीतरों के ककराला में स्थित 33 के0वी विधुत उपकेन्द्र पर तैनात सविंदाकर्मियों में एसएसओ योगेश कुमार, शेखर, रामकुमार, नरेन्द्र कुमार,प्रेमसिंह लाइनमैन,मित्रपाल,मागेंराम, मनोज शर्मा आदि ने विधुत विभाग के उच्चाधिकारियों के नाम एक ज्ञापन तीतरों अवर अभियन्ता को सौंपकर बताया कि बिजलीघर पर अव्यवस्थाऐं व्याप्त है, जिन्हे पर विभाग के द्वारा कभी कार्य नही कराये गये है जबकि सविंदाकर्मियो को बिजलीघर पर नियमित कार्यो की पूर्ति करने में भारी परेशानियों से जुझना पड रहा है ज्ञापन में बताया कि बिजलीघर पर नियमित रूप से सफाई कर्मचारी की तैनाती न होने से साफ सफाई नही हो पाती है, बिजलीघर पर कई फीडरों के ब्रेक खराब है तो 33 के0वी0 यार्ड के लाईट अलैस्टर फुंक पडे है, हर समय दुघर्टना का खतरा रहता है तथा सुरक्षा की दृष्टि से बिजलीघर पर मैट भी उपलब्ध नही है। सविंदाकर्मियो का आरोप है कि बिजलीघर के अन्दर का फर्श क्षतिग्रस्त है ,बरसात में पानी भरने के बाद करंट फैलने का भय रहता है जबकि बाहर की दीवार की आज तक मरम्मत नही कराई गई है, विधुत उपकरणों के चोरी होने पर सविंदाकर्मियो पर ही कारवाई की जाती है। सविंदाकर्मियों ने बिजलीघर की समस्याओं के निदान की मांग की है।

## स्पीड फोर्स कम्पनी की, 261वी सर्विसिंग श्रृंखला इंदौर के श्रीनगर मेन,आनंद बाजार मार्ग पर शुरू




दैनिक पहल टूडे / (मोहम्मद अजीमुद्दीन

**किशनगंज/नई दिल्ली** गुजरात की सर्विस कम्पनी स्पीड फोर्स ने अपनी नई सर्विसिंग श्रृंखला इंदौर के श्रीनगर मेन, आनंद बाजार मार्ग पर शुरू की, यह भारत की 261वीं यूनिट है स्पीड फोर्स के मार्केटिंग हेड आर के भाटीया ने बताया की स्पीड फोर्स न्यूनतम मूल्य पर उचतम सेवा देने को प्रतिबद्ध है इसीलिये मात्र 999/- देकर आप अटउ (अनुअल मेंटेनेन्स कॉन्ट्रेक्ट )स्कीम के तहत अपनी 150 से कम के वाहन पर सुविधाएं ले सकते है, जिसमें आपको 4 फुल सर्विस, फ्री पिक अप एंड ड्राप सेवा मिलती है, जंहा आपके घर से वाहन को ले जाकर उसे दुरुस्त कर पुनः घर तक पहुंचाया जाता है, साथ ही 400 ? का केश कूपन व एक लाख रुपए का पर्सनल एक्सीडेंट इन्शुरन्स दिया जाता है इमरजेंसी ब्रेकडाउन के तहत आपके वाहन के अचानक बंद होने पर उसी स्थान से वाहन को सुधरने भेज दिया जाता है रोड़साइड आसिस्टन्स सर्विस पर आपके वाहन रोड़साइड ही सर्विस दे, उसे ठीक किया जाता है उपरोक्त सभी सेवा 1499/- में भी उपलब्ध है बस इसमें वाहन 150 से ज्यादा का होता है भाटिया के साथ स्पीड फोर्स से मार्केटिंग मैनेजर मुस्कान राणा व सर्विसिंग इंजिनियर आसिफ खान शामिल थे

## गंगोह- महिला ने युवक पर निकाह करने के बाद शारीरिक शोषण का आरोप लगाकर युवक के परिजनो के सामने जमकर हंगामा किया

**सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला को मुकदमा दर्ज करने का आश्वासन देकर को शान्त कराया।**

दैनिक पहल टूडे / अमरीश पंडित



जनपद गाजियाबाद के साहिबाबाद की महिला शुक्रवार को थाना क्षेत्र के ग्राम महंगी पहुंची, महिला ने आरोप लगाते हुए बताया कि गांव निवासी एक युवक करीब एक साल से सोशल मीडिया के माध्यम से उसके सम्पर्क में आया था, दोनों के बीच दोस्ती हो गई युवक ने उसके परिजनों से निकाह करने की इच्छा जताई, आरोप है निकाह के बाद दोनों करीब दो माह शादीशुदा जिन्दगी व्यतीत कर रहे थे परन्तु जावेद उसे छोडकर अपने गांव चला आया और साथ में कुछ नकदी अन्य सामान भी ले आया तथा मोबाइल पर सूचना दी कि तुम्हे छोड रहा हूँ जबकि शादी के सम्बंध में दस्तावेज सहित अन्य साक्ष्य उसके पास मौजूद है। महिला का कहना है उसे सूचना मिली थी कि कि युवक अपने पिता के साथ है, इसी मामले को लेकर दोनों पक्षों में काफी समय तक हंगामा होता रहा है, महिला का आरोप है कि युवक के परिजनों ने महिला को घर से बाहर निकाल दिया तथा उसके साथ मारपीट करने का प्रयास किया तो उसने पुलिस को मामले की जानकारी दी, मौके पर पहुंची महिला कास्टेंबिल पुलिस ने उसे युवक के विरूद्ध कारवाई करने का आश्वासन देकर शान्त कराया है। मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। महिला का कहना है कि वह परेशानहाल में पुलिस के पास न्याय की फरियाद लेकर घूम रही है सहारनपुर पुलिस के उच्चाधिकारियों के निर्देश पर ही पुलिस ने कार्रवाई की है।

## ग्राम सभा कोप में मनरेगा कार्य में अनियमिता, महिला मजदूरों ने की शिकायत

रसड़ा, बलिया। क्षेत्र के कोप गांव के मनरेगा मजदूरों ने उप जिलाधिकारी को पत्रक सौंप कर गांव में मनरेगा मजदूरों से काम नही कराए जाने की शिकायत किया। मनरेगा मजदूरों ने आरोप लगाया कि गांव में कुछ दिनों से एक तालाब की खुदाई हो रही है। जिसमें रोजगार सेवक सुनील कुमार रमेश चौहान वीर बहादुर मनरेगा मजदूरों पर अपशब्द भाषा का प्रयोग कर काम से निकालने की धमकी दे रहे हैं। यही नहीं रात्रि में ठेका देकर रात्रि में 8 बजे से 12 बजे तक काम कराए जा रहा है। इस मौके पर आशा देवी, शकुंतला, सूर्य प्रकाश, बिल्लू, कालिंदी देवी, चंदा देवी, कलावती चौहान, सुशीला देवी, तेतरी देवी, दुर्गावती चौहान, छोटेलाल राम, अंकित, ममता, हेमंती देवी, गुड़िया देवी आदि उपस्थित रहे।

## प्यार में धोखा, बेवफा प्रेमी के खिलाफ युवती ने दी तहरीर

दैनिक पहल टूडे / शकील खान



बैरिया, बलिया। शादी का झांसा देकर तीन वर्षों तक यौन शोषण करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता का आरोप है कि शादी का झांसा देकर फिर चुपके चुपके अकेले में मांग में सिंदूर भरने के बाद युवती को ससुराल जाने की जिद के बाद युवक गांव छोड़कर भागा ।तब मामला बैरिया थाने मे पहुंचा है। मामला बैरिया थाना क्षेत्र के एक गांव का है। जहां के एक युवती का संबंध एक युवक से तीन वर्ष पूर्व हो गया था। तीन वर्ष तक दोनों एक दूसरे के लिए जीने-मरने की कसमें खाते रहे। युवती का आरोप है कि शादी का झांसा देकर वह लगातार यौन शोषण करता रहा। 3 जून 2021 को अकेले में उसने उसके मांग में सिंदूर भर दिया। कहा कि आज से हम लोग पति-पत्नी हैं। फिर पति पत्नी की तरह हम लोग रहने लगे। घर ले जाने की बात पर वह कोई न कोई बहाना बनाकर टाल देता था। ज्यादा दबाव डालने पर उसने घर ले जाने से इंकार करते हुए तमाम संबंधित आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देने लगा। कुछ दिनों से वह गांव छोड़कर भाग गया है। युवती ने इस संदर्भ में क्षेत्राधिकारी बैरिया व एसएचओ बैरिया को शुक्रवार को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। इस बावत पूछने पर एसएचओ धर्मवीर सिंह ने बताया कि मामले की जांच कराई जाएगी। जांचोपरांत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ ने बीएसए को सौंपा ज्ञापन

## शिक्षक बंधुओं की समस्याओं का हो जल्द निस्तारण : राजेश साध

पहल टुडे/अजय बरया



ललितपुरः उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रामप्रवेश को शिक्षकों की समस्या संबंधी ज्ञापन प्रेषित किया ।संगठन के जिला महामंत्री राजेश कुमार साध ने बताया कि दिए गए ज्ञापन के माध्यम से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को अवगत कराया गया है कि शिक्षकों की अवकाश की सेवा पंजिका के आधार कि मानव संपदा पर अपडेट किया जाए । महिला शिक्षिकाओं की सी सी एल की समस्याओं को खंड शिक्षा अधिकारियों के स्तर पर अनावश्यक विलंब नहीं किया जाए एवं 10 वर्ष पूर्ण कर चुके शिक्षकों का चयन वेतनमान स्वत लगाया जाए जिससे शिक्षक परेशान ना हो । समस्त शिक्षक बंधुओं के ग्रेच्युटी विकल्प पत्र लेने के लिए बीएसए द्वारा बी ई ओ स्तर पर आदेशित किया जाए जिससे विकल्प पत्र भरे जा सके । शिक्षकों के समस्त अवशेष का शीघ्र अति शीघ्र भुगतान किया जाए संगठन के जिला कार्यकारी अध्यक्ष मोहम्मद मुनीर ने कहा कि कई विद्यालयों में कायाकल्प संबंधी कार्य अभी भी अधूरे पड़े हुए हैं उन्होंने बताया कि बीएसए को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया है कि ग्राम विकासअधिकारी ग्राम प्रधान से लंबित कार्य पूर्ण कराने हेतु समय निर्धारित किया जाए । साथ ही जिन छात्र-छात्राओं के आधार बीआरसी स्तर पर रजिस्ट्रेशन के बाद भी लंबित है उनको अति शीघ्र प्राप्त कराए जाएं एवं जो बच्चे कक्षा 5 और कक्षा 8 से पास होकर चले गए हैं उनकी फोटो अपडेट की समस्या का भी निदान जल्द से जल्द किया एवं ।

संगठन के द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को यह भी अवगत कराया गया की अनेकों शिक्षक जिनका पोर्टल में पिता के नाम के सामने पति का नाम अंकित हो गया है कई शिक्षकों की सर्विस कैटेगरी ओबीसी की जगह जनरल हो गई है कई शिक्षकों के होम टाउन भी गलत अंकित हो गए हैं कई महिला शिक्षिकाओं कि सीसीएल ज्यादा दिख रही है ऐसी अनेकों शिक्षक शिक्षिकाओं की जानकारी पोर्टल पर गलत अंकित हो गई है अत अंकित गलत जानकारियों को सही कराया जाये ज्ञापन के समय कार्यकारी जिलाध्यक्ष मोहम्मद मुनीर , जिला महामंत्री राजेश कुमार साध एवं शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं

## ग्राम भसराला के जूनियर हाई स्कूल में शिक्षक कर रहे है बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़

पहल टुडे / मौहम्मद तारिक

बदायूँ- आपको बता दें कि जनपद बदायूं के विकासखंड जगत क्षेत्र की ग्राम पंचायत भसराला में जूनियर हाई स्कूल बना हुआ है जिसमें सिर्फ दो ही शिक्षक मौजूद हैं आलोक कुमार मिश्रा जूनियर हाई स्कूल भसराला के प्रधानाध्यापक पद पर कार्यरत हैं और उनके साथ नूर अर्श शिक्षिका के पद पर हैं यहां पर यह जूनियर हाई स्कूल समय पर नहीं खुलता है और यहां के अध्यापक बच्चों को पढ़ाने के लिए समय पर स्कूल नहीं आते हैं लोगों ने बताया कि इस स्कूल का खुलने का कोई भी टाइम टेबल नहीं है और इस स्कूल में दो ही शिक्षक बच्चों को पढ़ाते हैं जबकि जूनियर हाई स्कूल 6 7 8 तीन क्लासों का होता है इन बच्चों को पढ़ाने के लिए सरकार के द्वारा दो ही शिक्षक उपस्थित किए गए हैं आज हमारे संवाददाता द्वारा स्कूल का निरीक्षण किया गया तो पता चला की स्कूल 8:30 बजे तक बंद है जबकि सरकार के द्वारा सरकारी प्राइमरी और जूनियर हाई स्कूल का समय 7:30 का है जब वहां पर पहुंच पहुंच कर देखा गया कि स्कूल के मेन गेट पर ताला लगा हुआ है और बच्चे स्कूल के गेट पर बैठे हुए हैं किसी बच्चों द्वारा स्कूल के मेन गेट की चाबी भसराला ग्राम पंचायत के प्रधान के घर से मंगाई गई स्कूल का मेन गेट बच्चों ने खोला और अंदर जाकर बैठ गए जबकि बच्चों द्वारा पता किया गया कि स्कूल का कोई भी टाइम टेबल नहीं है और स्कूल के अध्यापक कभी 10:00 बजे कभी 9:00 बजे तक आते हैं जब इन शिक्षकों का बच्चों को पढ़ाने के लिए टाइम नहीं है इन लोगों को सरकार किस बात की सैलरी दी जा रही है बच्चों ने बताया कि स्कूल में नूर अर्श मैडम है जो समय पर स्कूल आती हैं और छुट्टी होने के बाद ही घर जाती हैं मगर यहां पर स्कूल के प्रधानाध्यापक आलोक मिश्रा जो समय पर स्कूल नहीं आते हैं वह स्कूल में 10 से 11 बजे तक आते हैं आने के बाद घंटे 2 घंटे स्कूल में रुकते हैं और मैडम से कह कर चले जाते हैं जबकि स्कूल में एक सफाई कर्मी भी मौजूद है जो स्कूल में सफाई करने के लिए बिल्कुल भी नहीं आते हैं जब उनका मन होता है वह आकर स्कूल में सफाई कर देते हैं और चले जाते हैं स्कूल में मीड मिल खाने बनाने वाली महिलाओं को स्कूल की साफ सफाई करनी पड़ती है

## सम्पादकीय

# गरिमामय अभिव्यक्ति

इसमें दो राय नहीं कि हमारे माननीयों की शब्दावली व बोल-वचन गरिमामय होने चाहिए। देश की नई पीढ़ी उनके व्यवहार से प्रभावित भी होती है क्योंकि वे भारतीय लोकतंत्र के नायक सरीखे होते हैं। अक्सर देखा जाता है कि संसद की कार्यवाही के दौरान होने वाली गरमा-गरम बहसों के दौरान ऐसे शब्दों का प्रयोग हो जाता है जो संसद की गरिमा के अनुकूल नहीं होते। संसद में सत्तारूढ़ दल अपने एजेंडे के साथ आता है और विपक्ष उसका विरोध करना अपना धर्म मानता है। लेकिन यह महज विरोध के लिये विरोध भी नहीं होना चाहिए। वहीं वे शब्द भी प्रतिबंधित नहीं होने चाहिए जो सही मायनों में लोकतंत्र को अभिव्यक्त करते हैं। लेकिन शब्दों की गरिमा तो हर हाल में बनी ही रहनी चाहिए। वैसे आज सदन में धीर-गंभीर प्रतिनिधि कम नजर आते हैं जो व्यापक ज्ञान व अध्ययन के अधिकारी हों और प्रतिरोध के लिये रचनात्मक भाषा का प्रयोग करते हों। निस्संदेह, दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के मंदिर में भाषा भी लोकतंत्र की अर्चना जैसी ही होनी चाहिए। व्यक्तिगत आक्षेप के लिये गढ़ लिये गये तीखे-तल्ख शब्दों के प्रयोग से बचा जाना चाहिए। लेकिन यहां सवाल यह भी उठता है कि लोकसभा सचिवालय ने ह्यअसंसदीय शब्द 2021ह्न शीर्षक के तहत जिन शब्दों व वाक्यों को असंसदीय अभिव्यक्ति के दायरे में रखा है क्या वे वास्तव में असंसदीय हैं। कहा गया है कि सांसद इन शब्दों के प्रयोग से बचें और यदि इन शब्दों का प्रयोग होता है तो उसे सदन की दर्ज कार्यवाही से हटा दिया जायेगा। कहना कठिन है कि इसका व्यवहार में कितना पालन करेंगे। दरअसल, कुछ विपक्षी सांसदों ने खुलेआम कहा है कि वे इन शब्दों का प्रयोग करते रहेंगे। वे इस कदम को लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति पर अंकुश बता रहे हैं। साथ ही कह रहे हैं कि जब भाजपा विपक्ष में बैठती थी तो इन शब्दों का भरपूर उपयोग करती रही है।

बहरहाल, वक्त की दरकार है कि जिन शब्दों को असंसदीय बताकर रोक लगाई गई है, उनकी समीक्षा तो होनी चाहिए। यूं भी देश के राजनेता आम व्यवहार में गिने-चुने शब्दों का ही अपने संबोधन में प्रयोग करते हैं और शब्दों के चयन में रचनात्मकता कम ही नजर आती है। वैसे तो देश की कई विधानसभाओं में पहले से कई शब्द प्रतिबंधित हैं। वैसे इनमें से कई शब्द ऐसे भी हैं जो आम व्यवहार में खूब उपयोग किये जाते हैं। कई बार संसदीय बहस के दौरान आवेश में आकर विपक्षी सांसद लक्ष्मण रेखा लांघते नजर भी आते हैं। निस्संदेह, राजनीतिक विमर्श के मानकों की गरिमा बनाये रखने की जरूरत है। वहीं सरकार को भी अभिव्यक्ति की आजादी का सम्मान करना चाहिए। यदि कोई प्रतिनिधि सटीक स्थिति को दशार्ने वाले शब्दों का प्रयोग करता है तो सत्तापक्ष से सहिष्णुता की उम्मीद की जाती है। दुनियाभर के लोकतंत्रों में सत्ता की निरंकुशता पर नियंत्रण के लिये तीखे तेवर दिखाये जाते रहे हैं। इसे कुछ लोग लोकतंत्र की खूबसूरती बताते हैं। यह भी कि विपक्ष इसके जरिये सत्तापक्ष के मनमाने व्यवहार पर अंकुश लगाता है। वैसे भी सदन में वाद-विवाद संसदीय कार्यवाही की आत्मा कही जाती है। सत्तारूढ़ दल के मंत्री व सांसद सरकारी नीतियों व प्रस्तावित कानूनों को प्रस्तुत करते हैं, यदि विपक्षी सांसद उससे सहमत न हों तो उसके खिलाफ बहस करते हैं। निस्संदेह, ऐसे विमर्श से कई खामियों व विसंगतियों पर चर्चा हो सकती है। सत्ता पक्ष-विपक्ष अपनी बात को ठोस बिंदुओं और तर्कों से प्रमाणित करने का प्रयास कर सकते हैं।

# रोजगार सृजन कर किसानों की सहायता करता डेयरी उद्योग



सत्यवान 'सौरभ'

> दूध उत्पादन में अन्य व्यवसायों की तरह करियर की अपार सम्भावनायें हैं, देश भर में राज्य सरकारें दूध की पैदावार बढ़ाने के लिए किसानों को सब्सिडी देकर इस उद्योग को बढ़ावा दे रही हैं, वहीं विज्ञान और तकनीकी में नए-नए प्रयोग कर के दूध उत्पादन बढ़ाने के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। खासकर ग्रामीणों क्षेत्र के लोगों को उनकी आजीविका के साधनों को बढ़ावा देने के लिए कई तरह की योजनाएं केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित की जाती हैं।

दूध भारत में सबसे बड़ी कृषि-वस्तु है। यह राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में 5% का योगदान देता है और 80 मिलियन डेयरी किसानों को सीधे रोजगार देता है। आर्थिक गतिविधियों में सुधार, दूध और दुग्ध उत्पादों की प्रति व्यक्ति खपत में वृद्धि, आहार संबंधी प्राथमिकताओं में बदलाव और भारत में बढ़ते शहरीकरण ने डेयरी उद्योग को 2021-22 में 9-11% की वृद्धि की है। इस क्षेत्र को बाजार के साथ एक मजबूत एकीकरण की आवश्यकता है।

दूध उत्पादन में अन्य व्यवसायों की तरह करियर की अपार सम्भावनायें हैं, देश भर में राज्य सरकारें दूध की पैदावार बढ़ाने के लिए किसानों को सब्सिडी देकर इस उद्योग को बढ़ावा दे रही हैं, वहीं विज्ञान और तकनीकी में नए-नए प्रयोग कर के दूध उत्पादन बढ़ाने के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। खासकर ग्रामीणों क्षेत्र के लोगों को उनकी आजीविका के साधनों को बढ़ावा देने के लिए कई तरह की योजनाएं केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित की जाती हैं। इन योजनाओं पर अनुदान का भी प्रावधान रखा गया है। किसान व आम ग्रामीण अनुदान प्राप्त कर आजीविका के साधनों को बेहतर बना सकते हैं।

भारत में दूध के उत्पादन और बिक्री की प्रकृति को देखते हुए दूध और दुग्ध उत्पादों की मांग उपभोक्ताओं के रोजगार और आय में बदलाव के प्रति संवेदनशील है। इसलिये भारतीय अर्थव्यवस्था के इस महत्त्वपूर्ण क्षेत्र को बचाने के लिये बहुत कुछ करने की जरूरत है। पशुओं की उत्पादकता बढ़ाने, बेहतर स्वास्थ्य देखभाल और प्रजनन सुविधाओं और डेयरी पशुओं के प्रबंधन की आवश्यकता है। दुग्ध उत्पादों की प्राथमिक आवश्यकताएं देखे तो कच्चे माल, मशीनरी और उपकरणों को संदर्भित करती हैं जिन्हें उद्योग को संचालन करने की आवश्यकता होती है।

प्रसंस्कृत और पैकेज्ड दूध उत्पादों की प्राथमिक आवश्यकता में शामिल हैं; दूध जो उद्योग के लिए कच्चा माल बनाता है। जनसंख्या के लिए पर्याप्त दूध उत्पादन प्रदान करने के लिए गुणवत्ता वाले मवेशी; डेयरी किसान और



सहकारी समितियां जो आर्थिक गतिविधि के रूप में डेयरी में भाग ले सकती हैं। पशुओं को खिलाने के लिए चारे की उपलब्धता; भंडारण और भंडारण सुविधाएं; एक कुशल रसद प्रबंधन। निर्धारित समय पर निर्धारित बिंदुओं से दूध की उठान सुनिश्चित करने के लिए कुशल परिवहन सुविधाएं और कनेक्टिविटी दुग्ध उत्पादों की आवश्यकताएँ हैं।

डेयरी उद्योग की दूसरी आवश्यकताओं में शामिल हैं; उपभोक्ताओं को उत्पादों के हस्तांतरण को सुनिश्चित करने के लिए परिवहन और रसद। डिलीवरी श्रृंखला सुनिश्चित करने के लिए कि उत्पाद उपभोक्ता को सुनिश्चित गुणवत्ता के साथ जाता है क्योंकि संसाधित और पैक किए गए सामानों की शेल्फ लाइफ एक चिंता का विषय है। दूसरी आवश्यकताओं में कोल्ड स्टोरेज, परिवहन शामिल हैं ताकि उपभोक्ताओं तक अच्छी गुणवत्ता का दूध पहुंच सके। डेयरी उद्योग के संबंध में, एक दूध प्रसंस्करण इकाई किसानों, किसान उत्पादक संगठनों, किसान समूहों आदि के साथ मजबूत पिछड़े संबंध स्थापित करती है। इसके अलावा, अपने प्रसंस्कृत दूध को बेचने में सक्षम होने के लिए, यह थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं, निर्यातकों आदि के साथ मजबूत संबंध विकसित करता है।

डेयरी उद्योग के दो स्तंभ है एक बैकवर्ड इंटीग्रेशन है जहां कंपनी अपस्ट्रीम क्षेत्रों में अपनी गतिविधियों का विस्तार करती है। कंपनी का लक्ष्य सस्ते दरों पर कच्चा दूध, समान गुणवत्ता, स्थिर आपूर्ति और किसी भी बिचौलियों को खत्म करना है। जैसे अमूल सीधे किसानों से दूध खरीदती है

दूसरा फॉरवर्ड इंटीग्रेशन जहां कंपनी डाउनस्ट्रीम क्षेत्रों में अपनी गतिविधियों का विस्तार करती है। कंपनी का लक्ष्य बिक्री, उपभोक्ता-संपर्क पर अधिक नियंत्रण प्राप्त करना और किसी भी बिचौलिए, थोक व्यापारी, खुदरा विक्रेता को खत्म करना है। जैसे अमूल के अपने पिज्जा आउटलेट और मिल्क पार्लर हैं।

इसके अलावा, उद्योग के प्रभावी लिंक उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करके ब्रांड के लिए मूल्य जोड़ते हैं और उत्पादन के कारकों पर बेहतर नियंत्रण सुनिश्चित करते हैं जिसके परिणामस्वरूप लागत बचत और बढ़ी हुई दक्षता होती है। डेयरी उद्योग में कच्चे माल की उपलब्धता और बाजार के साथ जुड़ाव आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करता है। इसलिए, यह अर्थव्यवस्था और किसानों को लाभान्वित करता है।

डेयरी क्षेत्र में पिछड़े एकीकरण के मुद्दे देखे तो चारागाह भूमि में कमी, और वर्षा सिंचित परिस्थितियों के कारण गुणवत्ता वाले चारे की उपलब्धता में कमी, परिवहन की उपलब्धता और गुणवत्ता में क्षेत्रीय असंतुलन, ग्रामीण क्षेत्रों में पशु चिकित्सालयों की कम उपस्थिति के साथ पशु चिकित्सा रोगों की बढ़ती घटनाएं, देशी नस्लों की कम उत्पादकता और विदेशी नस्लों के दूध में पोषण की कमी, गुणवत्ता वाले प्रजनन करने वाले सांडों और वीर्य की कम उपलब्धता और देशी और विदेशी नस्लों के क्रॉस ब्रीडिंग में तुलनात्मक रूप से कम सफलता, पशु वृद्धि में एंटीबायोटिक दवाओं का अत्यधिक उपयोग, किसानों के लिए विपणन सुविधाओं का अभाव के साथ बिचौलियों की उच्च उपस्थिति गंभीर समस्याएं है जो किसानों के लाभ को खा जाती है।

इसके अलावा कुछ अन्य मुद्दे जैसे सहकारी समितियों की क्षेत्रीय सफलता, विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों में प्रोटीन सेवन पर बढ़ते ध्यान के कारण मूल्य वृद्धि, मिलावट और कृत्रिम दूध की उपस्थिति; लगभग 70% भारतीय दूध खाद्य सुरक्षा और मानकों द्वारा निर्धारित मानकों को पूरा नहीं करता है, भी इस उद्योग की सफलता के रस्ते में आड़े आते है। आर्थिक अनिश्चितता के समय में डेयरी क्षेत्र में रोजगार सृजन और अतिरिक्त आय वाले किसानों की सहायता करने की एक बड़ी संभावना है। भारत दुनिया में दूध का सबसे ज्यादा उत्पादन करने वाला देश है, लेकिन अभी बहुत कुछ करने की जरूरत है क्योंकि भारत दुनिया का डेयरी बनना चाहता है।

अपने सामाजिक-आर्थिक महत्व के कारण डेयरी, भारत सरकार के लिए एक उच्च प्राथमिकता वाला क्षेत्र है। यह देश की अर्थव्यवस्था में 5% का योगदान करने वाला एकमात्र सबसे बड़ा कृषि उत्पाद है और 80 करोड़ से ज्यादा किसानों को सीधे रोजगार प्रदान करता है। इसके अलावा, देश में पैकेज्ड डेयरी उत्पाद का बहुत बड़ा घरेलू बाजार हैं, जिनकी कीमत 2.7 से लेकर 3.0 लाख करोड़ रुपये है।

डेयरी क्षेत्र में बाजार में वृद्धि के लिए प्रसंस्करण, शीतलन, लॉजिस्टिक, पशु चारा इत्यादि में बुनियादी निवेश की आवश्यकता होती है। इसके अलावा, डेयरी उत्पादों, जैविक/फॉर्म ताजा दूध और निर्यात जैसे क्षेत्रों में नए आकर्षक अवसर मौजूद हैं। डेयरी क्षेत्र में पर्याप्त रूप से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश किया जा रहा है जो कि भारतीय खाद्य क्षेत्र में एफडीआई का लगभग 40% है। इस क्षेत्र में बुनियादी विकास को सुगम बनाने के लिए, केंद्र/राज्य सरकार द्वारा निवेश को आकर्षित करने के लिए विभिन्न प्रोत्साहन प्रदान किए गए हैं।

# बुनियादी शिक्षा,संस्कृति की राष्ट्र के आर्थिक तथा नैतिक विकास में महती भूमिका



संजीव ठाकुर

बुनियादी, नैतिक शिक्षा किसी भी व्यक्ति समाज और राष्ट्र के नैतिक तथा आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते है शिक्षित सुसंस्कृत नागरिक देश की एक बड़ी धरोहर होते हैं जिस राष्ट्र में शिक्षा,संस्कृति जितनी गहरी और समृद्ध हो वह राष्ट्र उतना ही विकसित,पुष्पित, पल्लवित होता है। इसके साथ आर्थिक वैज्ञानिक सोच भी अत्यंत विचारणीय है।हर देश में राष्ट्र के प्रति और राष्ट्रहित के प्रति चिंतन करने वालों का समूह होना चाहिए,जो प्रजातांत्रिक लोकतांत्रिक तथा राष्ट्रहित के विचारों और विकास के मूल मंत्र को नई ऊर्जा ताजा हवा और आगे बढ़ने की सच्चाई को इंगित कर सकें बिना संस्कृति ,संस्कार और वैचारिक क्षमता के कोई भी राष्ट्र वैश्विक स्तर पर अंतरराष्ट्रीय प्रगति करने की सोच भी नहीं सकता वैचारिक और सैद्धांतिक अंतरधारा, सिद्धांतों को कुचला या नष्ट नहीं किया जा सकता। व्यक्तिगत वैचारिक अभिव्यक्ति भारत के संदर्भ में गणतंत्र की मूल आत्मा है।

विचार और सिद्धांत व्यक्ति की अंतःप्रज्ञा होती है। यह सिद्धांत तथा अंतः विचारधारा जनमानस तक पहुंचने से बाधित किया जाए तो अंतरात्मा को प्रभावित करती है।इसके गहरे प्रभाव से व्यक्ति वह सब कर सकता है, जो बिना मार्गदर्शन के व्यक्ति नहीं कर सकता।प्राचीन काल से अब तक मनीषियों के वैचारिक सिद्धांत और विचारधारा सदैव समाज के दिग्दर्शक मार्गदर्शक रहे हैं।इनकी भूमिका सदैव महत्वपूर्ण रही है।यदि यही सिद्धांत और अंतः प्रज्ञा जनमानस आत्मसात कर लेता है, तो इसका प्रभाव एक जन आंदोलन का रूप ले लेता है और यहीं से युग परिवर्तन की लहर उत्पादित होती है।प्राचीन यूनान में एक बहुत ही कुरूप किंतु विद्वान व्यक्ति रहते थे,उनके विचारों में मौलिकता,नयापन जनजागृति की अद्भुत क्षमता थी। उनकी विद्वता के कारण आम जनमानस होने राजा से ज्यादा महत्व



और बुद्धिमान मानते थे। राजकीय तानाशाही के चलते उनके विचारों के कारण उनको मृत्युदंड दे दिया गया। जहर का प्याला पीने के बाद भी विद्वान, चिंतक, सुकरात अमर हो गए, उनकी विचारधारा आज भी जीवित है, एवं लोग उसे अपनाकर अपना जीवन सुधारने में इसका उपयोग करते हैं। अब्राहम लिंकन ने अमेरिकी स्वतंत्रता के बाद दास प्रथा के बारे में कहा था कि दास भी मनुष्य हैं, उन्हें भी उतना ही जीने का अधिकार है जितना स्वामी को है। अब्राहम लिंकन के आंदोलनकारी विचार से तत्कालीन समय में अमेरिका के लोग घबरा गए थे, और उनकी हत्या कर दी गई थी। पर अब्राहम लिंकन के विचारों ने दास प्रथा के उन्मूलन की अंतर आत्मा को जागृत कर दिया था, और जनमानस ने अपने अधिकारों के लिए लड़ते हुए दास प्रथा से मुक्ति पाई थी।

स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था कि हम जो सोचते हैं वही बन जाते हैं। विचार एवं सिद्धांत ही व्यक्ति का निर्माण करता है। वही दुष्ट होने या महान होने का निर्णायक है। और बिना विचारों सिद्धांतों के व्यक्त व्यक्ति का अस्तित्व ही नहीं ।विवेकानंद जी के विचार सर्व कालीन प्रासंगिक है। उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उनके जीवित रहते हुए थे। आज हमारे बीच विवेकानंद जी स शरीर मौजूद नहीं है, पर उनके विचारों की महत्ता कायम है।भौतिक शरीर के नष्ट हो जाने से और भौतिक विचार तथा सिद्धांत उतनी ही तीव्रता रखते हैं, वेग रखते हैं, जो एक समाज में परिवर्तन ला सकती है ।विचारों की यह अमरता तथा तीव्रता किसी भी तानाशाह के लिए इतनी खतरनाक है, जितनी की सुप्त शेर की गुफा में रहना। जनता के मध्य शुद्ध विचारधारा के जागृत होने पर क्रांति लाई जा सकती है। फिर चाहे वह फ्रांस के वर्साय के महल का विध्वंस हो अथवा भारत की स्वतंत्रता हेतु वृहद आंदोलन हो। व्यक्ति या व्यक्तियों के दबाव को दबाने के बाद विचारों की पीड़िता ने जनसामान्य को एक गरजते हुए सिंह में तब्दील कर दिया था। यह शाश्वत सत्य है कि व्यक्ति को जरूर आप दबा सकते हैं,पर विचारधारा सिद्धांत अजर अमर होते हैं,और वही युग निर्माण में अपनी महती भूमिका निभाते हैं।

विचारों के संदर्भ में कहा जाता है कि एक व्यक्ति का विचार तब तक उस व्यक्ति के पास है, जब तक वह अकेला है किंतु जैसे ही विचारधारा एवं सिद्धांत का प्रचार प्रसार होता है, तो वह व्यक्ति अकेला ना रह कर उस जैसे हजारों लाखों लोग उसके साथ हो जाते हैं। तब वह अकेला नहीं रह जाता। वह अपने विचारों के माध्यम से जन सामान्य को प्रभावित कर लोगों को उस लड़ाई में शामिल कर लेता है, जिस लड़ाई के वह कभी अकेले नहीं लड़ सकता था। विचारों सिद्धांतों की तीव्रता आवेश तथा सघनता किसी भी क्रांतिकारी लक्ष्य की प्राप्ति में एक बड़ा साधक हो सकता है। विचार व सिद्धांत एक से दूसरे व्यक्ति तक स्थानांतरित होते रहते हैं। जिसमें विचारों को सघनता प्राप्त होती है। ताकि सत्ता के दमन के समय वैचारिक अमरता स्थाई बनी रहे। चीन उत्तर कोरिया जैसे राष्ट्रों में विचारों के इस स्वतंत्र का प्रवाह को बाधित नियंत्रित कर दिया गया। अभिव्यक्ति के तमाम माध्यमों को प्रतिबंधित कर दमन चक्र चलाया गया। वहां विचार और सिद्धांत विद्वान व्यक्ति तक ही सीमित रहे उसका फैलाव या विस्तार नहीं हो पाया। जो मानव समाज तथा मानव अधिकारों की संवेदना तथा धाराओं का उल्लंघन भी है।

किसी स्वस्थ स्वतंत्र राष्ट्र के लिए व्यक्ति समाज और राष्ट्र के विचारों की स्वतंत्रता नवीनता तथा उत्कृष्टता अत्यंत आवश्यक है। क्योंकि विचारधारा और सिद्धांतों को रोक पाना किसी भी सत्ता या निरंकुश राजा के नियंत्रण में नहीं होता। विचारों और सिद्धांत अनादि काल से गतिशील है तथा अनंत तक जगत तक गतिशील रहेंगे,और उसका प्रतिपादक एवं अनुशीलन कर्ता विचारों के साथ अमर हो जाते हैं।

# हमने भी कोई कच्ची गोटियाँ नहीं खेली हैं



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा (उरतृप्त)
हिंदी अकादमी तेलंगाना सरकार से सम्मानित नवयुवा व्यंग्यकार

सांसद जी कुछ समझाते इससे पहले ही युवक भड़क उठा और बोला, आपको क्या है? आपको तो सरकार की ओर से बत्तीवाली चार चक्का गाड़ी, बड़ा बंगला, नौकर-चाकर, खाने-पीने में पाँच सितारा होटल सा भोजन, आए दिन हवाई सफर करने का मौका, बीमार पड़ने पर एक से बढ़कर एक अस्पताल। और बदले में हम जैसे लोगों को क्या मिलता है झ ठेंगा! सांसद जी को लगा कि युवक तो बड़ा जागरूक है। इसे यों ही बेवकूफ नहीं बनाया जा सकता। वे कुछ जुगाड़ करने लगे। थोड़ी देर सोचने-समझने के बाद उन्होंने मुस्कुराते हुए उससे कहा, तो तुम्हारे पास कुछ भी नहीं है। एक फूटी-कौड़ी भी नहीं? हाँ युवक ने मुँह फुलाते हुए उत्तर दिया। ठीक है तो मैं तुम्हें एक लाख रुपये देने के लिए तैयार हूँ, लेकिन शर्त यह है कि तुम्हें मुझे अपना एक हाथ काटकर देना होगा। अरे भाई यदि मैं आपको अपना हाथ दे दूँगा, तो अपने काम कैसे करूँगा? ठीक है तो अपना एक पैर ही दे दो। इसके बदले में मैं तुम्हें दस लाख रुपये दूँगा। सोच लो। सौदा फायदे का है। क्या कमाल की बात करते हैं आप! यदि मैं अपना पैर दे दूँगा तो इधर-उधर चलूँगा कैसे? कुछ सोच-समझकर बात कीजिए। बड़े अजीब आदमी हो। कुछ भी माँगता हूँ तो न-नुकूर करते हो। चलो ठीक है, एक काम करो तुम अपनी जीभ ही काटकर दे दो इसके एवज में मैं तुम्हें एक करोड़ रुपये दूँगा। तुम्हारी गरीबी हमेशा-हमेशा के लिए दूर हो जाएगी। सोच लो ऐसा मौका बार-बार नहीं मिलेगा। युवक का गुस्सा सातवें आसमान पर था। वह झल्लाकर बोला, लगता है जब से आप सासंद बने हैं तब से आपका दिमाग सिर में कम घुटने में ज्यादा रहता है। दिमाग-विमाग खराब तो नहीं हो गया। कैसी बे-फिजूल की बातें कर रहे हैं। मैं यदि अपनी जीभ दे दूँगा तो जीवन भर बात कैसे करूँगा। अपनी जरूरतों के लिए सामने वाले से पूछूँगा कैसे?

सांसद जी अब बड़े इत्मनान में थे। युवक की बातें सुन उन्हें लगा कि अब आया ऊँट पहाड़ के नीचे। उन्होंने एक लंबी साँस ली और कहा, भाई! जब तुम्हारे पास एक लाख रुपये से अधिक कीमती हाथ है, दस लाख रुपये से अधिक कीमती पैर है और एक करोड़ रुपये से भी अधिक कीमती जीभ है तो तुम कैसे कह सकते हो कि तुम्हारे पास फूटी-कौड़ी भी नहीं है। मैंने चुनाव जीतने के लिए बहुत से पापड़ बेले हैं। मैं यूँ हीं सांसद नहीं बना। इसी को मेहनत कहते हैं। यदि मैं भी तुम्हारी तरह सुबह-सुबह डाँटने-फटकारने या लताड़ने का काम करता तो आज सांसद नहीं तुम्हारी तरह दर-दर की ठोकरें खाते फिरता। जाओ, मेहनत करो और मेरा-तुम्हारा समय बर्बाद मत करो। पाप बेचारा युवक! वह इतना सा मुँह लेकर वहाँ से चला गया।

# तू मुझे सम्मानित कर , मैं तुझे सम्मानित करूँगा

## पुरस्कार या पुरस्कार बांटने का नया धंधा



अशोक कुमार निर्भय

वे लोग जो मीडिया अथवा अखबार को ढाल बनाकर अथवा किसी संस्था के नाम पर अवार्ड अथवा पुरस्कार सम्मान बांटने का धंधा करते हैं। कोरोना काल में तो उनके धंधे ने ऐसी रफ्तार पकड़ी कि उन्होंने हर दिन और हर किसी को ऑनलाइन सम्मान बांटने का ठेका ले लिया था। हर दिन सम्मान बांटने से भी जब उन्हें संतुष्टि नहीं मिली तो उन्होंने अब नए व्यापार के रूप में सुबह-दोपहर-शाम सम्मान बांटने शुरू कर दिए थे। अब यह धंधा बन चूका है और इसमें एक नया फामूर्ला जुड़ गया है कि ₹ तू मुझे पुरस्कार देकर सम्मानित कर और मैं तुझे पुरस्कार देकर सम्मानित करूँगा ताकि दोनों का नाम और धंधा चलता रहे। एक बात और सही रूप से पता होना जरुरी है कि जो संस्था अथवा अखबार अथवा फर्जी चैनल पुरस्कार बेच रहा है अथवा बांट रहा है या अपवाद रूप में कहें तो प्रदान कर रहा है उस संस्था और संस्थान का कोई ऑडिट नहीं हुआ होता ? संस्था ने कैसे अवार्ड बना दिया उसका कोई मीटिंग्स मिनट्स रजिस्टर भी नहीं होता ? अवार्ड देने वाले का कोई मेम्बरशिप रिकार्ड रजिस्टर रसीद नहीं होती ? मेबर्स से कोई सहमति नहीं होती और ना किसको अवार्ड दिया गया उसका कोई रिकार्ड ही होता है , तो ऐसे में फर्जी अवार्डों पर प्रशन उठाना जरुरी है की आखिर इनकी प्रमाणिकता क्या है ? क्या केवल धन उगाही का माध्यम मात्र बने हैं ? मजेदार बात यह है कि भले कोई समाज में उस पुरस्कार की कोई प्रमाणिकता अथवा विशेषता और योग्यता अथवा उपलब्धि प्रसिद्धि हो या नहीं हो इन धधेबाजों कोई कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि मकसद केवल पुरस्कार के नाम पर पुरस्कार लेने वालों और स्पोंसर्स और मॉडलिंग के नाम से पैसा उगाही करना है। और मीडिया कवरेज के नाम पर फर्जी यु ट्यूब चैनलों का जमावड़ा ताकि पुरस्कार खरीदने अथवा लेने वाले और स्पोंसर्स भ्रमित रहे की उनके पैसे का



सही उपयोग हुआ है जबकि कई फर्जी यु ट्यूब चैनलों के पास फर्जी दर्शक डाटा है तो कहीं 100 सब्सक्राइबर भी नहीं होते ऐसे में यह खेल केवल ठगी,षड्यंत्र और संगठित अपराध की श्रेणी में आता है। अब तो सम्मान बांटने वाले सम्मान देने के बदले 'सम्मान-शुल्क' भी मांगने लगे हैं। इसका सबसे बड़ा फायदा यह हुआ है कि 'उसे सम्मान क्यों दिया' और 'उसे सम्मान क्यों नहीं दिया' जैसे झगड़े खत्म हो गए हैं। सीधा सा फंडा है जो 'सम्मान-शुल्क' देगा, वह सम्मान लेगा। यानी इस हाथ दे, उस हाथ ले। इस सुविधा से यह धंधा दिन दूनी रात चौगुनी तरक्की कर रहा है ।वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक ओम थानवी का एक ट्वीट है जिसमें उन्होंने स्पष्ट कहा है कि सम्मान ऐसा हो जिसमें जूरी की भी साख हो। पुरस्कार बाँटने के पीछे प्रचार पाने, व्यापार बढ़ाने या टैक्स बचाने जैसे छिपे मकसद न हों। कम लोगों को दें, मगर जिन्हें दें उन्हें कुछ दें भी। यह नहीं कि प्रशस्ति तो हो सुदीर्घ और हाथ में थमा दें अपने ही संस्थान का कैलेंडर, डायरी और श्रीफल !

इस धंधे अथवा आपराधिक खेल के बारे में सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता गगन गांधी का कहना है कि किसी भी पुरस्कार का उद्देश्य प्रतिभा को बढ़ावा देना है ताकि उसे प्राप्त करने वाला व्यक्ति समाज के लिए एक प्रेरणा हो। जो दूसरों को अच्छा करने के लिए प्रेरणा के रूप में कार्य करे। यदि पुरस्कार देने की पूरी प्रक्रिया में हेराफेरी की गई है और या बाहरी विचार से प्रभावित अथवा षड्यंत्र पूर्वक मैनु प्लेट है तो, पुरस्कार का अर्थ केवल एक आंख को धोना है या आँख में धूल झोंकना है। ऐसा पुरस्कार ज्यादा नुकसान करेगा। ऐसा कृत्य न समाज के लिए अच्छा है और ना देश के लिए। नैतिक दृष्टि से भी यह गलत ही कहा जा सकता है।

ऐसा बिलकुल नहीं की सारे पुरस्कार अवार्ड इस श्रेणी में आते हैं। कई प्रतिष्ठित पुरस्कार और अवार्ड आज भी दिए जाते हैं जिनकी एक गरिमा और पारदर्शिता के साथ उनके निर्णायक मंडलों की अपनी साख होती है। लेकिन इनकी संख्या नगण्य जैसी ही है जब गली - गली कूचे कूचे ऐसे फर्जी लोग सम्मान के नाम पर अवार्ड बेचने का धंधा कर रहे हैं। गौरतलब है कि इन पुरस्कार लेने और देने के खेल में बहुत बड़ा षड्यंत्र है क्योंकि कई संस्था और अखबार अथवा फर्जी यु टीयूब चैनल ऐसे हैं जिनका सरकार की मान्यता से कोई लेना देना तक नहीं हैं क्योंकि ऐसे फर्जी चैनलों को सरकार मान्यता नहीं देती है। एक फर्जी व्यक्ति भी गूगल अकाउंट खोल कर फर्जी यु टीयूब चैनल बना सकता है लेकिन कंटेंट चोरी सबसे बड़ा अपराध है और स्थानीय पुलिस और साइबर क्राइम सेल भी इन फर्जी चैनलों पर कोई कार्रवाई नहीं करती यह बड़ा सवाल है ? इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है है जुबेर जो ऑल्ट न्यूज का को - फाउंडर है और देश विरोधी संलिप्तता में पुलिस की गिरफत में है। यही स्पष्ट करता है की ऐसे फर्जी यु टीयूब चैनल जो फेस बुक अथवा वाट्सअप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को ढाल बनाकर देश विरोधी कामों में लिप्त हैं वह अवार्ड समारोह करके अपने को प्रमाणित करने का का खेल चला रहे हैं जो पत्रकारिता और सभी सामाजिक और राष्ट्र निर्माण की गतिविधियों के खिलाफ हैं। ऐसे में ऐसे खेल को रोका जाना जरुरी है और पुलिस को भी संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई करनी चाहिए तभी समाज और देश सरक्षित रहेगा।

(लेखक - शिक्षाविद एवं वरिष्ठ पत्रकार हैं )

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक कृष्ण कुमार तिवारी द्वारा मोनेक्स ऑफसेट बी-12, एस.डी. कॉम्पलेक्स निकट एम.एम.जी. अस्पताल, जी टी रोड, गाजियाबाद से मुद्रित कराकर, डी-146 मिर्तोल विल्ला, राजनगर एक्सटेंशन गाजियाबाद से प्रकाशित किया। संपादक-अर्चना तिवारी। RNI No: UPHIN/2020/78772 नोट. सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र जिला गाजियाबाद होगा।

# नशीली दवाओं के साथ एक नेपाली युवक को कोतवाली पुलिस ने पकड़कर भेजा जेल



पहल टुडे

गौरीफंटा खीरी - इंडो नेपाल की अतिसंवेदनशील कही जाने वाली कोतवाली पुलिस ने पुलिस अधीक्षक खीरी के दिशा निर्देश का पालन करते हुए गत दिवस शनिवार को गश्त के दौरान नशीली दवाओं के साथ एक नेपाली युवक को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है ।बताते चलें कि इन दिनों पुलिस अधीक्षक खीरी के दिशा निर्देश पर जिले में मादक पदार्थ एवं परिवहन के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत गत दिवस बॉर्डर चौकी प्रभारी नागेंद्र कुमार पांडे ने गश्त के दौरान एक संदिग्ध युवक की तलाशी लेने पर भारी मात्रा में नशीली दवाओं का जखीरा बरामद किया पूछताछ के दौरान नेपाली युवक ने अपना नाम मनोज खत्री पुत्र वीरेंदर खत्री निवासी दाचुर्ला नेपाल बताया है युवक के पास दस पत्ता नाइट्रो वेट टॅबलेट बरामद हुई है इस धरपकड़ अभियान के दौरान हमराही रवि कुमार व मोहित कुमार मौजूद रहे हैं पकड़े गए अभियुक्त को एनडीपीएस एक्ट के तहत जेल भेज दिया गया है।इसके साथ ही कोतवाली पुलिस द्वारा भारी मात्रा में सुपर पावर तम्बाकू पकड़े जाने की चर्चा हो रही है।

# दिलावरपुर की प्रधान पदच्युत, डीएम ने जारी किए आदेश

पहल टुडे

लखीमपुर खीरी मोहम्मदी ब्लाक की ग्राम पंचायत दिलावरपुर की ग्राम प्रधान शबाना खातून ने मिथ्या घोषणा कर आरक्षण का अनुचित लाभ प्राप्त करने पर डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने प्रधान शबाना खातून को प्रधान पद से पदच्युत करते हुए हुए ग्राम पंचायत दिलावरपुर के प्रधान पद रिक्त घोषित किया।

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि मोहम्मदी ब्लाक की ग्रापं दिलावलपुर का प्रधान पद वर्ष 2021 में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित है, जिसपर शबाना खातून ने चुनाव लड़ा, विजयी हुई। जनपद स्तरीय स्कूटनी समिति के निर्णय के अनुसार शबाना खातून पिछड़ी जाति शेख सरवरी नहीं है, अपितु सामान्य जाति की महिला हैं। जिस कारण तहसीलदार मोहम्मदी ने प्रधान शबाना खातून के पिछड़ी जाति प्रमाण पत्र, आवेदन को निरस्त कर दिया। जिसके विरुद्ध मंडल स्तरीय समिति के समक्ष प्रस्तुत अपील को मंडल स्तरीय समिति के निर्णय ने निस्तारित कर दिया। डीजीसी से विधिक राय ली, जिस पर डीजीसी ने अपनी राय में प्रधान को पदच्युत किए जाने का अभिमत भी व्यक्त की। दोनों राज्य स्तरीय स्कूटनी समिति के समक्ष प्रस्तुत अपील में अभी तक कोई निर्णय प्राप्त नहीं हुआ। जनपद स्तरीय व मंडल स्तरीय का निर्णय प्रभावी है। प्रधान का उत्तर बलहीन एवं संतोषजनक नहीं है ।डीएम ने बताया कि शबाना खातून का तहसीलदार द्वारा निरस्त किया गया पिछड़ी जाति का प्रमाण पत्र निरस्त करने का आदेश न्याय संगत है। अतः मिथ्या घोषणा कर आरक्षण का अनुचित लाभ प्राप्त करने का अध्यारोपित आरोप प्रधान शबाना खातून पर पूर्णतया सिद्ध होता है तथा प्रधान को अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु पर्याप्त अवसर भी दिए। उप्र पंचायती राज अधिनियम 1947 की धारा 95(1)(छ) के अंतर्गत शबाना खातून को प्रधान पद से पदच्युत कर ग्रापं दिलावरपुर के प्रधान पद रिक्त घोषित किया ।बताते चले कि प्रधान शबाना खातून को अपना पक्ष प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी की। नोटिस पर प्रधान ने प्रार्थना पत्र द्वारा उत्तर न देकर एक सप्ताह का अतिरिक्त समय मांगा। 16 नवंबर 2021 को प्रधान ने उत्तर प्रस्तुत किया, जिसमें स्वयं के पिता एवं भाइयों को शेख सरवरी बताते हुए मिथ्या घोषणा पत्र ना करने एवं उक्त धारा के अंतर्गत कार्यवाही औचित्य पूर्ण न होने का उल्लेख करते हुए प्रधान पद पर बने रहने का अनुरोध किया। मंडलायुक्त की अध्यक्षता में गठित समिति के निर्णय ने शबाना खातून की अपील को निरस्त करते हुए निस्तारित किया। डीजीसी दीवानी से विधिक राय ली। डीजीसी ने उप्र पंचायत राज एक्ट 1947 की धारा 95(1)(छ) में उल्लिखित प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही करते हुए प्रधान पद से पदच्युत करने की राय दी। विधिक राय प्राप्त होने के बाद उल्लिखित धारा के तहत पुनः प्रधान को द्वितीय कारण बताओ नोटिस निर्गत कर पक्ष प्रस्तुत करने हेतु 15 दिन का अवसर दिया। नोटिस पर प्रधान ने स्वास्थ्य का हवाला देते हुए उत्तर देने के लिए 10 दिन का अतिरिक्त समय मांगा। प्रधान के उक्त प्रार्थना पत्र के क्रम में नैसर्गिक न्याय के दृष्टि से प्रधान को 07 दिन का अतिरिक्त समय दिया। जनहित-कार्य हित में अंतिम निर्णय तक शबाना खातून प्रधान के वित्तीय व प्रशासनिक अधिकार प्रतिबंधित कर दिए। प्रधान ने राज्य स्तरीय स्कूटनी समिति के समक्ष योजित अपील, जांच अधिकारी, (सतर्कता प्रकोष्ठ) पिछड़ा वर्ग कल्याण निदेशालय लखनऊ द्वारा जारी प्रति संलग्न करते हुए शेख सरवरी जाति जाति के हैं परंतु पक्ष में कोई भी अभिलेख संलग्न नहीं किए, जिस कारण इस कथन की पुष्टि नहीं हुई। प्रधान को भी पिछड़ी जाति होने की पुष्टि नहीं होती । प्रधान को तृतीय, अंतिम नोटिस देकर 15 दिन में साक्ष्यों सहित अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु अवसर दिया। प्रधान ने अपने उत्तर 08 जुलाई 2022 द्वारा पूर्व में दिए उत्तरों को सही बताते हुए राज्य स्तरीय स्कूटनी समिति के समक्ष प्रस्तुत अपील के निस्तारण तक प्रधान पद पर बने रहने एवं प्रतिबंधित अधिकार बहाल किए जाने का अनुरोध किया।

फास्ट ट्रैक

## सावन के हर सोमवार को गोला शहरी/नगरीय क्षेत्र के बंद रहेंगे सभी स्कूल कालेज

पहल टुडे ब्यूरो चीफ आकाश गुप्ता

लखीमपुर खीरी ।सावन माह के हर सोमवार को उमड़ने वाली श्रद्धालुओं और कांवडियो की भीड़ के मद्देनजर गोला में नगरीय/शहरी क्षेत्र के प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय व्यापक जनहित में सोमवार को बंद रहेंगे। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बीएसए और डीआईओएस को इस व्यवस्था को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि एसडीएम गोला ने अवगत कराया कि वर्तमान में श्रावण मास शुरू हो गया है। तहसील गोला के पौराणिक शिव मंदिर में भारी संख्या में कावंरिये/श्रद्धालु जलाभिषेक करने के लिए आते हैं। लाखों की भीड़ इकट्ठा होती है। श्रावण मास में सोमवार के दिन का विशेष महत्व है। प्रत्येक दिन की अपेक्षा सोमवार के दिन काफी तादाद में कावंरियों/श्रद्धालुओं की भीड़ गोला नगर में इकट्ठा होती है, जिससे विद्यालय में छात्रों को आने जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है और दुर्घटना आदि की भी सम्भवना बनी रहती है। इस लिए सभी प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार को बंद रखना जनहित में उचित होगा। डीएम के निर्देश पर बीएसए डॉ लक्ष्मीकांत पांडेय ने इस आशय का आदेश जारी करते हुए बताया कि श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार को गोला मे (18 जुलाई, 25 जुलाई, 01 अगस्त, 08 अगस्त) को जनहित में गोला नगर के समस्त विद्यालयों (सरकारी व प्राइवेट कक्षा 1 से 8 तक) बन्द रहेगे। उन्होंने अधीनस्थों को इस आदेश का कड़ाई से अनुपालन कराने को कहा है ।उधर डीआईओएस अमर कांत सिंह ने गोला गोकर्णनाथ शहरी एवं नगरीय क्षेत्र के राजकीय, सहायता प्राप्त, वित्तविहीन मान्यता प्राप्त, सीबीएसई, आईसीएसई विद्यालयो में श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार को अवकाश घोषित कर दिया है। विद्यालयों के प्रधानाचार्यो को आदेश का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल पलिया में शुक्रवार को वृहद संगोष्ठी का आयोजन किया गया



पलिया कला खीरी - उत्तर प्रदेश गन्ना किसान संस्थान शाहजहांपुर से आये सहायक निदेशक डॉ प्रवीण कुमार कपिल ने प्रति इकाई गन्ना उत्पादन बढ़ाने हेतु मृदा परीक्षण के आधार पर संतुलित खाद एवं उर्वरकों के प्रयोग, गहरी जुताई करके हरी खाद हेतु सनई अथवा ढैचा बुवाई कर के फूल आने से पहले खेत में ही पलट कर जुताई कर दें, कंपोस्ट एवं सड़ी हुई गोबर की खाद का प्रयोग करने हेतु बताया। उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद शाहजहांपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉक्टर आर बी तिवारी ने गन्ना प्रजातियों जैसे को0 15023, को लख0 14201 एवं कोशा 13235 जैसी नवीनतम प्रगतिशील जातियों की जानकारी दी। चीनी मिल के उपाध्यक्ष /यूनिट हेड ओ पी चौहान ने गन्ने में लगने वाली बीमारियां, पहचान एवं निदान तथा कीट प्रबंधन की जानकारी देते हुए कहा कि चीनी मिल को साफ एवं ताजा गन्ना ही आपूर्ति करें यह मिल आप के हितों को सर्वोपरि रखकर कार्य कर रही है ,गन्ना मूल्य भुगतान की समुचित व्यवस्था की जा रही है ।केन हेड राजीव तोमर ने बताया कि वैज्ञानिकों द्वारा बताए गए कृषक क्रियाओं को अपनाकर अधिकतम लाभ उठाएं ।चीनी मिल द्वारा कराई जा रही कीटनाशक एवं फफूंद नाशक दवाएं चीनी मिनी स्टाफ से संपर्क कर कृषक भाई ले सकते हैं ।इस अवसर पर मुख्य रूप से गन्ना विकास परिषद के अध्यक्ष अरुण मौर्य समिति के पूर्व अध्यक्ष जनरल सिंह ,इंद्रजीत सिंह ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक मिथिलेश कुमार पांडे सहकारी गन्ना विकास समिति सचिव राजेश कुमार कृषक निहाल सिंह, राजेश कुमार सिंह, देवेंद्र सिंह मुन्ना ,श्री कृष्ण भास्कर, बिंदु मियां ,कंवरजीत, धर्मपाल सिंह ,तरसेम सिंह, अफसर ,सिराजुद्दीन ,मलकीत सिंह ,अवतार सिंह ,बूटा सिंह, भोपाल सिंह ,जगपाल सिंह, सतीश सिंह उपस्थित रहे ।अध्यक्षता कर रहे गुरप्रीत सिंह जार्जी द्वारा अपने विचार व्यक्त किया गया तथा गोष्टी का समापन किया गया ।कार्यक्रम का संचालन केन हेड राजीव तोमर ने की।

# गौरव राज ने सिंगिंग प्रतियोगिता में जिला खीरी का नाम किया रोशन



पहल टुडे

गोला गोकर्णनाथ खीरी ।इंडियाज सिंगिंग आइकॉन टीवी शो मुंबई (महाराष्ट्र) में जनपद खीरी के छोटी उम्र के सौरभ राज ने गोल्डन माइक ट्रॉफी जीतकर फाइनल राउंड में जगह बना कर अपने नगर का ही नहीं बल्कि जनपद और प्रदेश का नाम रोशन किया है।

उत्तर प्रदेश के लखीमपुर- खीरी जिले के ग्राम परसेड़िया निवासी एवं एक बहुत ही साधारण और गरीब परिवार में जन्मे सौरभ राज ने मुंबई (महाराष्ट्र) में आयोजित इंडियाज सिंगिंग आइकॉन टीवी शो में गोल्डन माइक ट्रॉफी जीतकर फाइनल राउंड में अपनी जगह बना कर यह साबित कर दिखाया कि लगन, मेहनत और परिश्रम से कामयाबी हासिल की जा सकती है, अमीरी और गरीबी का इससे कोई लेना देना नहीं होता है। सौरभ राज की प्रतिभा को देखकर उद्योग व्यापार संगठन के प्रदेश मंत्री सन्नी गुप्ता ने उद्योग व्यापार संगठन के गोला नगर अध्यक्ष साहित्य गुप्ता, नगर उपाध्यक्ष उज्जवल गुप्ता, नगर महामंत्री राजेंद्र वर्मा 'राज' व अन्य पदाधिकारियों के साथ सिंगर सौरभ राज के गांव पहुंचकर सौरभ राज का मुंह मीठा करा कर, फूल माला पहनाकर एवं भगवान भोलेनाथ का स्मृति चिन्ह व उपहार देकर ग्राम वासियों के सामने तथा ग्राम पंचायत छिछोना प्रधान प्रमोद कुमार की मौजूदगी में सिंगर सौरभ राज को सम्मानित किया और कहा कि आप हमारे क्षेत्र के लिए एक बहुत ही प्रतिभाशाली व्यक्तित्व हैं, आपने क्षेत्र व जनपद ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है, प्रदेश मंत्री उद्योग व्यापार संगठन सन्नी गुप्ता ने सिंगर सौरभ राज को शुभकामनाएं एवं बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। ग्राम प्रधान प्रमोद कुमार ने भी सौरभ को सम्मानित किया और अपना आशीर्वाद प्रदान किया ।सौरभ ने कहा मैं अपने पिता सुरेश चंद भार्गव, माता ज्ञाना देवी, बहनोई महेश कुमार व अपनी दीदी रीता एवं अपने गांव एवं क्षेत्रवासियों का अपनी मेहनत और लगन से सभी का सपना अवश्य पूरा करूंगा तथा अपने गांव, नगर, जनपद और प्रदेश का नाम ऊँचा करने के लिए मैं सदैव कड़ी से कड़ी मेहनत करके अपनों के सपनो को पूरा करने के लिए सदैव प्रयत्नशील रहूंगा ।इस मौके पर प्रदीप गौतम, अतुल राज, आशीष कुमार ,कुलदीप सोनी, विवेक कुमार के अलावा समस्त ग्रामवासी इस सम्मान समारोह में मौजूद रहे।

## धानी क्षेत्र में बिना मान्यता विद्यालय संचालित मिले

### खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा विद्यालय में शैक्षणिक कार्य बंद कराते हुए बच्चों को घर भेजा गया

**आनंदनगर, महराजगंज :** धानी विकास खंड में संचालित गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों पर खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा कार्यवाही की गई ।खंड शिक्षा अधिकारी धानी द्वारा तीन प्राइवेट स्कूलों पर कार्यवाही करते हुए शैक्षणिक गतिविधियों को बंद कराते हुए उनमें ताला लगवा दिया गया । शुक्रवार खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा धानी क्षेत्र के साधू शरण गंगोत्री देवी विद्यालय बंगला चौराहा , राजीव गाँधी मेमोरियल स्कूल बैसार एवं सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल झांगपार का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान इन विद्यालयों पर शिक्षण कार्य चल रहा था । मान्यता संबंधित प्रपत्रों के संदर्भ में अभिलेखों की जांच किया गया । इस दौरान विद्यालय प्रशासन मान्यता संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करा सकें। कार्यवाही करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी अगनित कुमार ने तीनों विद्यालयों में शैक्षणिक गतिविधियां बंद करते हुए बच्चों को घर भेजा गया और विद्यालय में ताला लगवा दिया गया। कार्यवाही के संदर्भ में बीइओ ने बताया कि इन तीनों विद्यालयों को पहले भी नोटिस दिया गया था

# बम-बम भोले के जयकारों के साथ निकाली कांवड़ पद यात्रा



पहल टुडे नरोत्तम लाल

सिंगाही-खीरी ।फरदहिया में बरम बाबा के स्थान से छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ के लिए ढखेरवा सरयू नदी तट से 15 जुलाई को दोपहर लगभग 1 बजे कावड़ में श्रद्धालुओं ने जल भरकर गोला गोकर्णनाथ के शिवमंदिर के लिए काँवड़ यात्रा पैदल जा कर सोमवार को श्रद्धालु जल चढ़ाएंगे ।ज्ञात हो कि प्रत्येक वर्ष सावन माह में फरदहिया से भारी संख्या में श्रद्धालु कावड़ यात्रा तय करके छोटी काशी जाने का क्रम रहा है, परन्तु पिछले वर्ष 2020 - 21 कोविड-19 के चलते नहीं हो पाया था। वहीं इस वर्ष थोड़ी राहत वर्तमान में रहने के चलते श्रद्धालु भारी संख्या में और सावधानीपूर्वक कावड़ यात्रा निकालकर पूजन सोमवार को करेंगे ।आज शुक्रवार को फरदहिया से गोला गोकर्णनाथ शिवमंदिर तक निकाली गई, कावड़ यात्रा में पुरुष व बच्चे भक्ति भाव से बम-बम भोले के नारों के साथ पैदल निकले ।इस बार यह सातवीं काँवर यात्रा हैं। फरदहिया से अनुराग शुक्ला, रूपेंद्र पाल, मोतीलाल नाग, राकेश कुमार नाग, गया प्रसाद, ध्रुव कुमार नाग, विनोद राज, भोले मौर्य व अन्य शिवभक्त छोटी काशी के लिए प्रस्थान किया हैं।

# धानी को सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग को लेकर दिया पत्रक

पहल टुडे

आनंदनगर, महराजगंजः धानी विकास खंड के किसानों ने जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राहुल शर्मा के नेतृत्व में शुक्रवार को धानी क्षेत्र को सूखाग्रस्त घोषित करने के संबंध में मुख्यमंत्री को संबोधित पत्र उपजिलाधिकारी रामसजीवन मौर्य को दिया।



राहुल शर्मा ने बताया कि बारिश न होने से क्षेत्र के किसान परेशान है डीजल के महंगाई के कारण पंपिंग सेट से पानी चलाने में असमर्थ है। बारिश न होने से अधिकांश किसान रोपाई नही कर पाए जिसके वजह से बीज खेत मे ही सुख गए है। जिसको देखते हुए धानी क्षेत्र को सूखाग्रस्त घोषित किया जाना आवश्यक है इससे किसानों को राहत मिलेगी। इस अवसर पर दीपक, हबुलाल, रमेश कुमार, झिनकू, बच्चू लाल, पप्पू गुप्ता, पवन, भागीरथी मौजूद रहे।

# पूर्व प्रबंधक के निधन पर शोक

पहल टुडे



**आनंदनगर, महराजगंजः** बृजमनगंज के महात्मा गांधी इंटर कालेज के पूर्व प्रबंधक ओमप्रकाश जायसवाल का शनिवार दोपहर में 85 वर्ष के उम्र में निधन हो गया। उनके निधन की खबर सुनते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी। अंतिम संस्कार घोंघी नदी के बनहा घाट पर किया गया। इस दौरान दिलीप चौधरी, राकेश जायसवाल, आशीष जायसवाल, संजय जायसवाल, दिनेश, विमल, प्रिंस, सौरभ, प्रमोद, सन्तोष, उत्कर्ष, राज, अभिषेक, संजय, नित्यानंद, कविकांत, अदित्यानंद, सचिदानंद, बबलू जायसवाल ने शोक व्यक्त किया।

## आकाशीय बिजली गिरने से युवक की मौत

**महाराजगंज।** थाना कोतवाली अंतर्गत ग्राम सभा बागापार टोला करनहिया के श्री राम जी यादव के पुत्र भागवत फर्नीचर के मिस्त्री थे जो सुबह अपने काम के लिए ग्राम कटहरा गये हुए थे ।बिजली की गर्जन समझ नहीं सका काल के गाल में चला गया भागवत को क्या पता था कि आज हमारी मृत्यु हो जाएगी। काम की तलाश में निकला घर वापस नहीं आ सका। कटहरा से वापस आते समय लगभग 6:10 पर आकाशीय बिजली गिरने से बागापार टोला किशोरपुर के नहर के पास उनकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया। वही मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# हिंदू युवा वाहिनी के जिला प्रभारी शेष विजय सिंह को भातृ शोक

### 75 वर्षीय इंद्र विजय सिंह 12 जुलाई को एक मार्ग दुर्घटना में घायल हो गए थे

पहल टुडे

आनंदनगर, महराजगंजः हिंदू युवा वाहिनी के जिला प्रभारी शेष विजय सिंह के बड़े भाई 75 वर्षीय इंद्र विजय सिंह का स्वर्गवास लखनऊ के किंग जॉर्ज मेडिकल कॉलेज, में 15 जुलाई को देर शाम हो गया है। श्री सिंह 12 जुलाई को एक मार्ग दुर्घटना में घायल हो गए थे ।घायल अवस्था में उन्हें लखनऊ मेडिकल कॉलेज ले जाया गया था । जहां शुक्रवार की देर शाम उन्होंने अंतिम सांस ली शनिवार को सुबह उनका शव कोल्हुई थानाक्षेत्र के, उनके पैतृक गांव गुरचिहा, लाया गया। उनके, निधन की खबर सुनते ही गांव और क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। हिंदू युवा वाहिनी के जिला अध्यक्ष नरसिंह पाण्डेय सहित तमाम संभ्रांत लोगों ने उनके घर पहुंच कर, शोक संवेदना व्यक्त कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उनका अंतिम संस्कार नौतनवा थाना क्षेत्र के धोतियहवा गांव के पास , स्थित रोहिणी नदी के कुअहवा, घाट पर किया गया । शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में जिला पंचायत सदस्य दीपू पांडे, पूर्व ब्लाक प्रमुख राजेंद्र सिंह सोलंकी , पूर्व प्रधान महेंद्र जयसवाल , सभासद राजू गुप्ता, पूर्व प्रधान संजय पांडे ,संतोष मोदनवाल, उमेश यादव सहित तमाम गणमान्य नागरिक व समाजसेवी मौजूद रहे।

## आतिश कुमार सिंह बने महराजगंज के नये एडिशनल एसपी

महराजगंज। जनपद महराजगंज के एडिशनल एसपी निवेश कटियार का स्थानान्तरण हो गया। उनके स्थान पर आतिश कुमार सिंह को एडिशनल एसपी शासन ने तैनात किया है।

नवागत एडिशनल एसपी बाराबंकी से स्थानान्तरित होकर यहां आये है। जबकि निवेश कटियार को एडिशनल एसपी सीबीसीआईडी मुख्यालय लखनऊ में तैनाती मिली है।

# जीएस नेशनल पब्लिक स्कूल में कराया गया हेड ब्वाय व हेड गर्ल का चुनाव

### वैष्णवी सिंह हेड गर्ल व राहुल यादव चुने गए हेड ब्वाय

### छात्र- छात्राओं को मतदान प्रणाली के बारे में किया गया जागरूक



पहल टुडे

आनंदनगर, महराजगंजः बृजमनगंज के जीएस नेशनल पब्लिक स्कूल में हेड गर्ल व हेड ब्वाय का चुनाव किया गया। जिसमे कक्षा छह से 12 तक के छात्रों ने भाग लिया।

चुनाव में हेड ब्वाय के लिए नौ उम्मीदवार राहुल यादव, प्रांजल यादव, मयंक धर द्विवेदी, अनंत कुमार, आर्यन जायसवाल, प्रवीण विश्वकर्मा, शक्ति सिंह, गौरव यादव, अनुराग जायसवाल व हेड गर्ल के लिए पांच उम्मीदवार वैष्णवी सिंह, सोनम, मीरा चौहान, अनामिका पाठक, आकृति यादव रहे।

हेड ब्वाय व हेड गर्ल के लिए हुए मतदान के बाद मतों की गणना की गई। हेड गर्ल के चुनाव में वैष्णवी सिंह ने 112 मत हासिल कर तथा मीरा चौहान को 81 मतों से हराया। वहीं हेड ब्वाय के चुनाव में राहुल यादव 78 मत हासिल कर प्रांजल यादव को 31 मतों से हरा कर विद्यालय का हेड ब्वाय बना। विद्यालय प्रबंधक नवीन सिंह ने चुने गए हेड ब्वाय व हेड गर्ल को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय में चुनाव का उद्देश्य भारतीय मतदान प्रणाली के बारे में छात्रों को जागरूक करना साथ ही लोकतांत्रिक व्यवस्था के बारे में अवगत कराना है। इस अवसर पर विकास सिंह, अरुणेश राय, मधुसूदन दुबे, ज्योति पाठक, सर्वेश राय, देवेंद्र मणि, प्रदीप शाह, सुनील कुमार, अशोक चौधरी मौजूद रहे।

## .महराजगंज और इसके आसपास हर काल में रहा होगा मानव : विजय कुमार

# जिले में स्थित बौद्ध स्थलों विषयक पर आयोजित हुई गोष्ठी

पहल टुडे

**महराजगंज।** कमांडेंट जनरल विजय कुमार द्वारा जवाहरलाल नेहरू पीजी कॉलेज का निरीक्षण किया गया और जनपद महराजगंज स्थित बौद्ध स्थलों विषयक संगोष्ठी को संबोधित किया गया।



संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथ कमांडेंट जनरल विजय कुमार ने जिलाधिकारी को बेहद अल्पकालिक सूचना पर इस सफल संगोष्ठी के संचालन के लिए धन्यवाद दिया।

डीजी ने जनपद के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बुटवल व नारायणी घाटी में प्राचीन मानव आवशेष मिले हैं। उन्होंने कहा कि महराजगंज और इसके आस-पास की जलवायु ऐसी है कि हर काल मे यहाँ मानव रहा होगा। उन्होंने संत कबीर नगर के लहुरादेव चर्चा करते हुए बताया कि यहाँ 07 से 08 हजार साल पहले धान की खेती का प्रमाण मिलता है। यह क्षेत्र प्राकृतिक रूप से धान की खेती के लिए उपयुक्त है। महानिदेशक होमगाड्र्स ने गंडक नदी के उद्भव, उसके प्रवाह में बदलाव और इसके वर्तमान स्वरूप की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि जनपद महराजगंज में प्राचीन काल से मानव की बसावट के प्रमाण बाद के कालों में भी मिलते हैं।

रामग्राम की चर्चा करते हुए कहा कि महात्मा बुद्ध के ननिहाल के संदर्भ में अलग-अलग दावे हैं और इसपर किसी निष्कर्ष तक पहुंचने के लिए अधिक अनुसंधान की आवश्यकता है, फिरभी रामग्राम की अवस्थिति, रामग्राम स्तूप, यहां की बसावट व कुछ अन्य प्रमाणों से बनरसिया कलां का दावा मजबूत लगता है। उन्होंने बताया कि रामग्राम का उल्लेख ह्वेनसांग ने भी अपनी किताब में किया है। महराजगंज जनपद में किये गए अपने कार्यों से भी उपस्थित लोगों को अवगत कराया और इसमें अपने साथी रहे प्रो. कृष्णानंद त्रिपाठी के योगदान को भी याद किया। उन्होंने स्वयं और प्रो. कृष्णानंद त्रिपाठी द्वारा लिखे गए महराजगंज के पुरातात्विक गजट की भी चर्चा की और कहा कि यदि कोई इस क्षेत्र में कार्य करना चाहता है या इतिहास के छात्रों को यहाँ के पुरातात्विक इतिहास में रुचि है, तो वे इस गजट से उपयोगी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने महानिदेशक का स्वागत करते हुए कहा कि मैंने जबसे बौद्ध धरोहरों व स्थलों पर कार्य करना शुरू किया, उसके बाद मैंने अनुरोध किया कि वे एक बार आकर अपने कार्यों को देखें। उनके प्रयासों से जनपद को बौद्ध विरासत के क्षेत्र में एक पहचान मिली। उन्होंने बताया कि महानिदेशक ने हमारे अनुरोध पर प्राप्त पुरातात्विक वस्तुओं का कैटलॉग तैयार करना स्वीकार किया है, जिससे जनपद में स्वीकृत जनजाति संग्रहालय के बुद्ध गलियारे में इन वस्तुओं को इनके विवरण के साथ रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि जनपद के बौद्ध धरोहरों में स का योगदान अतुलनीय है। डॉ. रामेंद्र मिश्र ने कहा कि इतिहास के निर्माण में साहित्यिक धारा और पुरातात्विक धारा की महत्वपूर्ण भूमिका है, लेकिन इतिहासकारों के लिए पुरातात्विक धारा का महत्व अधिक है और इस धारा को समृद्ध करने में विजय कुमार की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

फास्ट ट्रैक

## कलयुगी बेटों ने वृद्ध पिता को पीटकर किया अधमरा



गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र के नगवां में कलयुगी बेटों ने अपने वृद्ध पिता को पीट-पीट कर अधमरा कर दिया। कुल्हाड़ी से भी हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया। पीड़ित पिता ने थाने पर शिकायत किया है। गीडा थाना के नगवा निवासी रामसूरत पुत्र बुध्दु अपने लड़के रविंद्र उर्फ झीनक के साथ रहते है। आरोप है बड़ा लड़का रामगोविन्द पुत्र रामसूरत, अमरजीत पुत्र राम गोविंद, सुनील और वकील पुत्रगण गोपाल शाम करीब 7 बजे नशे के हालत में अपने पिता रामसूरत को गाली गलौज के साथ जान से मारने की धमकी देने लगे। इस पर रविंद्र उर्फ झिनक पुत्र रामसूरत तथा शीला देवी पत्नी रविंद्र ने इसका विरोध किया। जिस पर आरोपियों ने लाठी, डंडा, कुल्हाड़ी, रॉड, ईंट से हमला कर दिया। जिससे रामसूरत को बुरी तरह से चोटें आई है। मारपीट में रविंद्र और शीला देवी को भी गंभीर चोटें आई हैं। जिसकी लिखित शिकायत पीड़ित द्वारा गीडा थाने पर कर न्याय की गुहार लगाई है। इस संबंध में गीडा थाना प्रभारी राहुल सिंह से संपर्क नही हो पाया।

## विधायक ने सहज जन सेवा केन्द्र का उद्घाटन किया

गोरखपुर। पिपरौली ब्लॉक के ग्रामसभा साथीपार में क्षेत्रीय विधायक प्रदीप शुक्ला द्वारा फीता काटकर सहज जन सेवा केंद्र का उद्घाटन किया गया।इस दौरान विधायक ने कहा कि इस जन सेवा केंद्र के खुल जाने से अब यहां के स्थानीय लोगों को आय, जाति, निवास सहित तमाम सरकारी कागजों के लिए तहसील और ब्लॉक का चक्कर लगाना नही पड़ेगा जिससे लोगों का समय और पैसा दोनों को बचत होगी।ऑनलाइन काम होने से फजीवाड़ा पर अंकुश लगता है।इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख दिलीप यादव सचिन यादव, प्रधान मान सिंह, सचिन सिंह, संतबख्श सिंह, संतराज सिंह, राजन, अभिषेक सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## हमारा भविष्य हमारे स्कूल के बच्चे

गोरखपुर। हमारा भविष्य हमारे स्कूल के बच्चे हैं। प्रत्येक बच्चे में कोई न कोई विशेष गुण होता है। उनको निखारना एवं तराशना हमारा परम कर्त्तव्य ही नहीं बल्कि दायित्व भी है। उक्त कथन उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद गोरखपुर के प्रचार मंत्री व ब्लॉक इकाई गगहा के अध्यक्ष डॉ. सुमंत सिंह ने गगहा क्षेत्र के समयथान भीटी संकुल पर आयोजित आज जुलाई माह की शिक्षक संकुल बैठक को सम्बोधित करते हुए कही। बैठक में निपुण भारत के तीन लक्ष्यों- बच्चे अच्छा स्वास्थ्य और स्वच्छता बनाये रखें, बच्चों का संप्रेषण प्रभावी हो और बच्चे काम से जुड़े रहने वाले शिक्षार्थी बनें और अपने निकटतम परिवेश से जुड़े रहें। नोडल शिक्षक संकुल मनोज कुमार मिश्र व एआरपी गगहा राम सनेही ने विद्यालय तैयारी बाल वाटिका गतिविधि; समर्थ ऐप के साथ ही निम्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। बैठक को शिक्षक संकुल राजेश कुमार, मनोज कुमार ने भी सम्बोधित किया।

## छह के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज

बांसगांव, गोरखपुर। बांसगांव क्षेत्र की एक विवाहित की तहरीर पर बांसगांव पुलिस ने पति, सास, ससुर, देवर तथा ननदों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज की है। मामले की जांच सीओ को दे दी गयी है। मिली जानकारी की अनुसार बांसगांव नगर पंचायत के वार्ड संख्या 5 मुहल्ला बड़ावन निवासी इस्लाम की पुत्री जरीना ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया है कि उसकी शादी 7 अप्रैल 2021 को गोला थाना क्षेत्र के ग्राम शुक्ल परसिया निवासी समसुद्दीन के पुत्र जुबेर के साथ हुई है।

## बैंक के सामने से बाइक चोरी, मुकदमा दर्ज

पहल टुडे

गोरखपुर। गत दिवस अज्ञात चोरों ने बैंक से रुपए निकालने गये एक व्यक्ति की बाइक को चुराकर चम्पत हो गये। पीड़ित की तहरीर पर मुकामी पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार सिकरीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम मटियारी निवासी जग्गू गुप्ता पुत्र जगरनाथ गुप्ता ने बांसगांव पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया है कि वह गत 4 जुलाई को बाइक से बांसगांव थाना क्षेत्र के भैंसा बाजार में स्थित एक बैंक से रुपए निकालने गया था। वह बाइक नम्बर यूपी 53 बीएस 5007 को बैंक के बाहर पेड़ के नीचे खड़ा कर रुपए निकालने के लिए बैंक के अंदर चला गया। जग्गू जब कुछ देर बाद बैंक से बाहर निकला तो मौके से उसकी बाइक चोरी चली गयी थी। जग्गू ने बाइक की बहुत तलाश की मगर वह नहीं मिल सकी। पुलिस ने इस घटना के बावत उचित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।




## जिलाधिकारी ने अधिवक्ताओं की समस्याओं को गंभीरता से लिया और निराकरण का आश्वाशन

पहल टुडे



कुशीनगर तहसीलदार तमकुहीराज के खिलाफ दाखिल एक अवमानना के मामले में उच्च न्यायालय के आदेश पर जिलाधिकारी कुशीनगर एस. राजलिंगम तमकुहीराज तहसील मुख्यालय पहुंचे। उन्होंने उपजिलाधिकारी व्यास नारायण उमराव से विभिन्न विंदुओ पर जानकारी लेने के बाद अधिवक्ताओ के एक प्रतिनिधि मंडल से वार्ता किया। जिलाधिकारी ने ग्राम न्यायालय के लिए तैयार किए जा रहे भवन का भी निरीक्षण किया।

पिछले दिनो तहसीलदार तमकुहीराज दीपक कुमार गुप्ता पर उच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना करने पर अवमानना के लिए दंडित करने की मांग की गई थी। वादी रामदेव ने तहसीलदार पर प्रशासनिक कार्य में व्यस्त रहने एवं अधिवक्ताओ के हड़ताल के चलते न्यायिक कार्य प्रभावित होने का आरोप लगाया था। जिसे न्यायालय ने गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी कुशीनगर को जांच कर पांच अगस्त तक न्यायलय में रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश जारी किया था। उच्च न्यायालय के आदेश पर जिलाधिकारी कुशीनगर एस.राजलिंगम तमकुहीराज तहसील मुख्यालय पहुंचे। उन्होनें मामले में उपजिलाधिकारी तमकुहीराज व्यास नारायण उमराव से विभिन्न विंदुओ पर जानकारी लेने के बाद अधिवक्ताओ के एक प्रतिनिधि मंडल से वार्ता किया। पिछले एक सप्ताह से तहसीलदार न्यायालय के बहिष्कार करने के मामले में भी जानकारी मांगी।

अधिवक्ता संघ का प्रतिनिधित्व कर रहे एच0 एन0 सिंह व अन्य द्वारा जिलाधिकारी को अधिवक्ताओं की समस्याओं से अवगत कराया गया। उन्होंने फाइलों का मुआयना करने की मांग, आर्डर शीट की नकल त्वरित उपलब्ध कराने, बैनामा की फाइल में पत्रावली लेखपाल के स्तर से लंबित, न्यायिक उदासीनता आदि समस्याएं गिनायीं। इस क्रम में उन्होंने उप जिलाधिकारी तमकुहीराज व्यास नारायण उमराव की कार्यप्रणाली से प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें उपजिलाधिकारी से किसी भी प्रकार की कोई शिकायत नहीं है, लेकिन तहसीलदार की कार्यप्रणाली से वे खिन्न दिखे।अधिवक्ताओ ने तहसीलदार पर आदेश कों लटकाने का आरोप लगाते हुए पिछले कई महिनो के फैसलों पर आदेश जारी करने की मांग किया। इसी बीच कुछ अधिवक्ता जिलाधिकारी का ध्यान लंबित पड़े ग्राम न्यायालय के तरफ आकर्षित किया। जिसके बाद उन्होंने ग्राम न्यायालय के लिए तैयार किए गए भवन का निरीक्षण कर उपजिलाधिकारी से आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया। इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता एचएन सिंह, अरविंद पाठक, रामेश्वर गुप्ता, मतिउल्लाह सिद्दीकी, शंभू सिंह, ब्रजेश कुमार पांडेय, अजय राय, संतोष कुमार गुप्ता, अखिलेश्वर द्विवेदी, आरएन पांडेय, अमरनाथ सिह, मारकंडेय वर्मा , योगेन्द्र यादव आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## प्रकृति के बेरूखी के बाद नहरों ने दिया धोखा



**नहरें सूखी कैसे होगी किसानों के खेतों की सिंचाई**

**-बारिश होते ही नहरों में भी भर जाता है पानी**

पहल टुडे

गोरखपुर। प्रकृति के बेरुखी से जहां किसान खेतों में सूख रही फसलों को बचाने के लिए पंपिंग सेट से पानी चलाकर धान की फसल को बचाने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन उनका यह प्रयास तेज धूप बेतहाशा गर्मी से असफल हो जा रहा है किसान बादलों में टकटकी लगाए बैठे हैं क्या पता अब बारिश आ जाए।

बांसगांव विधानसभा क्षेत्र के गगहा क्षेत्र के किसानों की समस्या कम होने का नाम नहीं ले रही यहां के किसानों के लिए सरयू नहर परियोजना अब तक अभिशाप ही रही है। इस नहर से अब तक कोई किसान सिंचाई का लाभ नहीं ले सका। लेकिन 29 जून की हल्की बारिश के बाद आज तक बारिश के तरस रहे हैं जबकि जुलाई माह आधा बीत गया। वहीं किसानों की सिंचाई के लिए सरयू नहर परियोजना का निर्माण हुआ लेकिन यह नहर किसानों के लिए अब तक अभिशाप ही साबित हुई। इस नहर का शुभारंभ वर्ष 86 से ही प्रारंभ हुआ काफी जद्दोजहद के बाद दो वर्ष पूर्व नहर में पानी दिखा लेकिन विभाग के लाख भगीरथ प्रयास के बावजूद नहर का पानी टेल तक नहीं पहुंचा और नहर जगह जगह टूट गई। किसानों की सारी फसलें जलमग्न हो गयी लेकिन विभाग के कानों पर जूं नहीं रेंगा आज किसानों की फसल बर्बाद सूख रही है लेकिन नहर में अब तक पानी ही नहीं छोड़ा गया किसानों के खेतों की तरह नहर भी सूखी पड़ी हुई है। किसान जगन्नाथ तिवारी, दीपक तिवारी, अनिल शाही, रमेश तिवारी, अनिल यादव, पंकज तिवारी आदि लोगों ने कहा जब खेतों की सिंचाई के लिए पानी की आवश्यकता हम किसानों को होती है तो नहर मे पानी ही नहीं छोड़ा जाता और जब बारिश से किसानों के खेतों में लबालब पानी भरा होता है तो नहर भी ओवर फ्लो होकर जगह जगह टूटकर किसानों की फसल को पलक झपकते ही बर्बाद कर देती है।

## गगहा में लगा कैंसर जांच शिविर, 97 की हुई जांच

गोरखपुर। समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गगहा परिसर में मुख्य चिकित्सा अधिकारी के सहयोग से हनुमान प्रसाद पोद्दार कैंसर अस्पताल एवं शोध संस्थान द्वारा निशुल्क कैंसर की प्राथमिक जांच एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 97 व्यक्तियों की जांच की गई और 5 कैंसर के रोगी चिन्हित किए गए। शिविर में कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ.आशुतोष त्रिपाठी द्वारा समाज के दुर्दांत रोग कैंसर के विषय में मरीजों एवं उनके परिजनों को प्रशिक्षण तथा इलाज के बारे में जानकारी दी गई तथा कुछ दवाओं का निःशुल्क वितरण भी किया गया। इस स्वास्थ्य केंद्र से संबंधित सी एच ओ, ए एन एम एवं आशा कार्यकताओं को बुलाकर उनको कैंसर लक्षण का प्रशिक्षण तथा इलाज क बारे में जानकारी दी गई ताकि वे लोगो को कैंसर के बारे मे जागरुक कर सकें। शिविर में अजय श्रीवास्तव, कु लक्ष्मी, अजीत पाण्डेय, श्रीमती सोनी, रामविलास, विकास सोनकर आदि का कार्य सराहनीय रहा।



## शहर और गांव हर जगह सफाई अभियान चलाया जाए : डीएम

पहल टुडे



**कुशीनगर** जिलाधिकारी द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में आज जिले के सभी अधिशासी अधिकारियों की बैठक ली गयी। बैठक में सड़क के किनारे गंदगी के संदर्भ में उन्होंने सभी को निर्देशित करते हुए कहा कि सड़कों के किनारे कूड़े नही दिखने चाहिए। उन्होंने ऐसी जगहों पर अभियान चलाकर साफ सफाई कराने की बात कही। मध्यान्ह बाद हुए इस बैठक में जिलाधिकारी एस राजलिंगम ने अपने सम्बोधन में कहा कि सभी मुख्य सड़कों सहित अन्य सभी ऐसी जगहों का चिन्हीकरण किया जाए जहां झाड़ झंखाड़ के साथ गंदगी फैली हुई हो। उन्होंने साफ-सफाई की पर्याप्त व्यवस्था करने की बात कहते हुए इसे अभियान चलाकर पूरा करने को कहा।उन्होंने कहा कि साफ सफाई का कार्य नियमित तौर पर शुरू करवाया जाना चाहिए। आपका शहर है आपका कस्बा है कहीं गंदगी नही दिखनी चाहिए। बरसात का समय है कहीं भी गंदगी पाए जाने पर उसका त्वरित निस्तारण भी होना चाहिए। इस क्रम में कुछ जगहों पर हाईवे के किनारे कूड़ा जलाने की शिकायतों को भी संज्ञान में लेते हुए उन्होंने अधिकारीयों को निर्देशित किया कि इस प्रकार की समस्याओं का संज्ञान आवश्यक है। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को सड़क के किनारे अवस्थित ग्रामों में भी गंदगी की सफाई कराने की बात कही। इस बैठक में जिलाधिकारी ने गांव और शहर की ऐसी मुख्य जगह को चिन्हित कराने को कहा जहां का सौंदर्यीकरण कराया जा सके। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए बताया है कि विद्यालय जो पहले रूरल एरिया में आते थे क्षेत्र विस्तारीकरण के बाद नगरीय क्षेत्र में आए हैं उनके गेट की बाउंड्री तत्काल बनाए जानेबका निर्देश भी दिया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी देवी दयाल वर्मा ने भी विशेष सफाई अभियान के संदर्भ में अपनी बात भी रखी। साथ ही नगर और ग्राम के अंतर्गत पड़ने वाले चौराहों को सफाई करने की बात कही।

## ग्राम प्रधान ने पद से दिया इस्तीफा, ग्रामनिधि खाते से भुगतान रोकने की मांग

**कौड़ीराम ब्लाक के ग्राम पंचायत पाण्डेयपार का मामला**

**पाण्डेयपार गांव में फिर चढ़ा सियासी पारा, अटकलों का दौर तेज**

**कुछ लोगो के दबाव से तंग आकर त्यागपत्र देने की चल रही चर्चा**

पहल टुडे

गोरखपुर।कौड़ीराम ब्लाक के ग्राम पंचायत पाण्डेयपार के प्रधान ने अपने पद से त्यागपत्र दे दिया है। इसके अलावा उन्होंने अधिकारियों से ग्राम निधि खाते से सभी प्रकार के भुगतान को तत्काल रोकने की भी गुहार भी लगाई है। ग्राम प्रधान के अचानक इस्तीफे की खबर से गांव का सियासी पारा चढ़ गया है। इस्तीफे की वजह को लेकर तरह तरह की चचाएं जोर पकड़ रही है।कौड़ीराम ब्लाक के पाण्डेयपार निवासी अमरजीत चौधरी 2021 में ग्राम प्रधान पद पर निर्वाचित हुए थे। निर्वाचित होने के कुछ ही महीने बाद से वह शारीरिक और मानसिक रूप से परेशान रहने लगे थे। गांव के चर्चा है कि ग्राम प्रधान को लिवर की बीमारी थी ऊपर से कुछ लोगो द्वारा तरह तरह के दबाव भी बनाए जाते थे। जिसकी वजह से वह काफी तनाव में था। करीब एक साल की लंबी जद्दोजहद के बाद परेशान ग्राम प्रधान ने बीडीओ को अपना इस्तीफा सौंप दिया। बीडीओ को भेजे इस्तीफे मे ग्राम प्रधान ने लिखा है कि वह लिवर की बीमारी से ग्रसित है। बीमारी के कारण वह पद की जिम्मेदारी निभाने के असमर्थ है।इसके साथ ही उन्होंने ग्राम निधि खाते से हर प्रकार के भुगतान को तत्काल प्रभाव से रोकने की बात भी लिखी है। त्यागपत्र की एक प्रति डीपीआरओ को भी सौंपा है। प्रधान के इस्तीफे की खबर से गांव में सियासी हलचल तेज हो गई है। इस्तीफे की।वजह को लेकर तरह तरह की चचाएं चल रही है। सूत्रों का यह भी कहना है कि गांव के कुछ लोग पंचायत चुनाव में सहयोग के एवज में ग्राम प्रधान पर अनर्गल दबाव बना रहे थे। उनके दबाव से तंग आकर प्रधान ने पद से इस्तीफा दे दिया।

इस सबंध में जिला पंचायत राज अधिकारी हिमांशु शेखर ठाकुर का कहना है कि उन्हें ग्राम प्रधान का त्यागपत्र मिल गया है। ग्राम प्रधान ने इस्तीफे का कारण लिवर की बीमारी बताया है। त्यागपत्र को स्वीकृति के लिए जिलाधिकारी को भेजा जाएगा।

## वर्टेक्स ग्लोबल स्कूल सरदार का 7वा स्थापना दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

गोरखपुर। वर्टेक्स ग्लोबल स्कूल सरदार नगर चौरी चौरा गोरखपुर का 7वा स्थापना दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।इस अवसर पर स्कूल के सभी बच्चों मिठाई खिलाई गई और स्कूल के सभी सदस्यों के साथ केक काटा गया इस अवसर पर स्कूल प्रिंसिपल डा्क्ट्ररवीश कुमार मिश्रा स्कूल निदेशक श्री शैलेंद्र त्रिपाठी एवं श्री मती तूलिका त्रिपाठी के साथ स्कूल चेयरमैन श्री अरविंद त्रिपाठी उपस्थित रहे। श्री त्रिपाठी ने कहा इन सात वर्षो में स्कूल बहुत ही ऊंचाई तक गया है

## बस की ठोकर से अज्ञात युवक की मौत

गोरखपुर। चौरीचौरा थाना क्षेत्र के सोनबरसा बाजार फोरलेन क्रासिंग पर अनुबंधित बस की ठोकर से एक अज्ञात युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। तथा अनुबंधित बस को कब्जे में ले लिया। बताते चलें कि 30वर्षीय अज्ञात युवक सोनबरसा बाजार फोरलेन क्रासिंग पार कर रहा था। कसया से गोरखपुर जा रही अनुबंधित बस ने युवक को ठोकर मार दिया। जिससे उक्त युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे सोनबरसा चौकी इंचार्ज ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लोगों ने बताया कि उक्त युवक सोनबरसा बाजार में लगभग एक सप्ताह से अर्धविक्षिप्त अवस्था में घूम रहा था।

## सड़क चौड़ीकरण को लेकर के क्षेत्रवासियों का प्रदर्शन

पहल टुडे



गोरखपुर। सहजनवां तहसील के दक्षिणी छोर पर स्थित अमटौरा, बनौडा - जैतपुर मार्ग के चौड़ीकरण और पटरी निर्माण के लिए क्षेत्र के समाजसेवी व भूतपूर्व ग्राम प्रधान बनौडा समर पाल सिंह के नेतृत्व में लोगों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे पूर्व ग्राम प्रधान व समाजसेवी समर पाल सिंह ने बताया कि अमटौरा, बनौडा से कछार मार्ग से होकर जयतपुर की तरफ जाने वाला यह दो किमी मार्ग काफी व्यस्त रहता है। यह क्षेत्र के करीब आधा दर्जन गांव जैसे बेलवाडाडी, कटका, गाडर, कैली, कोल्हुई, बनौडा, अमटौरा का प्रमुख मार्ग है।बाढ़ ग्रस्त एरिया में होने की वजह से हर साल बाढ़ से इसकी दोनों तरफ की पटरियां बह जाती है तथा रेन कट हो जाने से सड़क टूट जाता है।आलम यह है कि एक ही तरफ से ही गाड़ियां इस पर चल पाती हैं।जिससे आवागमन में काफी दिक्कत होती है और क्षेत्रवासियों में इस बात को लेकर काफी नाराजगी है।इसके चौड़ीकरण और पटरी निर्माण के लिए क्षेत्र के लोगों ने जनप्रतिनिधियों और जिम्मेदार अधिकारियों को कई बार अवगत कराया पर आज तक इस समस्या का समाधान ना हो सका।जिससे आक्रोशित होकर क्षेत्रवासियों ने आज प्रदर्शन किया। इस अवसर पर पंकज सिंह उर्फ लड्डू सिंह, उमेश सिंह, जयप्रकाश यादव, छनमन निषाद, सूरज सिंह, सूरज निषाद ,साहब सिंह ,मीना यादव, अरुण निषाद, शेषमणि निषाद सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

**कार्यक्रम की शुरूआत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,गोरखपुर द्वारा 'मां सरस्वती' की आराधना करके माल्यार्पण किया गया**

## जन-जन तक पहुंचनी चाहिए सरकार की लागू की गई जन कल्याणकारी योजनाएँ : बीएसए

पहल टुडे



गोरखपुर। बीआरसी सरदारनगर के सभागार में शुक्रवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रमेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में प्रधानाध्यापको की मासिक बैठक बुलाई गई, जिसमें उतर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जन-जन तक प्रचार-प्रसार कर पहुँचाने पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,गोरखपुर द्वारा 'मां सरस्वती' की आराधना करके माल्यार्पण किया गया, तत्पश्चात अध्यापकों द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत गाया गया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए जिला समन्वयक बालिका शिक्षा 'ज्ञान प्रकाश राय द्वारा उतर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ द्वारा लागू की गई लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा किया गया, जिसमें प्रमुख रूप से डीबीटी के कारण आने वाली समस्याओं को विस्तार से बताया गया। तत्पश्चात 'जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रमेन्द्र सिंह' ने परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा के संदर्भ में बताया कि ‡हमारे बच्चे ग्रामीण परिवेश से आते हैं,ऐसे में हमें बच्चों से घुल मिलकर कर शिक्षा प्रदान करनी चाहिये, जिससे हमारे अधिक से अधिक नौनिहाल 'नवोदय विद्यालयों' में प्रवेश पा सके। इसके लिए हमें सभी शिक्षकों से परस्पर संवाद करते हुए कार्य करना है। बीएसए ने शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शिक्षक उज्ज्वल भविष्य का निमार्ता होता है। परिषदीय विद्यालय के शिक्षको के पास बच्चों को पढ़ाने के अलावा विभागीय कार्यों को भी करने की दोहरी जिम्मेदारी होती है। इसलिए यदि शिक्षक अच्छा कार्य करें तो धीरे-धीरे समाज में नकारात्मक दूर होगी। कार्यक्रम को खंड शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार पाण्डेय ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया। सभी शिक्षकों की तरफ से शिक्षक संघ के जिला मंत्री अनिल कुमार चंद द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को यह आश्वस्त किया गया कि हमारा सरदारनगर ब्लाक एवं जिला प्रदेश सरकार द्वारा चलाए गए सभी अभियानों में प्रथम स्थान पर रहेगा। कार्यक्रम के अंत में बीएसए ने पौधारोपण किया। कार्यक्रम में कुल 94 प्रा विद्यालय के हेड मास्टर मौजूद थे।उक्त अवसर पर मुख्य रूप शिक्षक चन्द्र प्रकाश शुक्ला, हरिश्चंद्र पाण्डेय, आनंद तिवारी, मारकंडेय चौरसिया, सबिता पाण्डेय, मुन्ना सिंह, अंजू श्रीवास्तव, रीना सिंह, संध्या सिंह, रुचि जायसवाल, अनंत राम तिवारी, मानवी, गिरजेश मिश्रा, अजय दुबे सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## उद्यमिता विकास पखवाडा का हुआ आयोजन

गोरखपुर। क्षेत्र के पंचायत भवन माल्हनपार पर आजादी के अमृत महोत्सव उधमिता विकास पखवाड़ा उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत उरुवा ब्लाक मिशन प्रबंधन इकाई द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें संकुल स्तरीय संगठन दृष्टि प्रेरणा संघ का 13 ग्राम पंचायतों एवं 8 ग्राम संगठनों को मिलाकर गठन किया गया।

## बालू लदे ओवरलोड ट्रकों से सड़क हुई बदहाल

**सड़कों की दुर्दशा को लेकर ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से लगाई गुहार**

पहल टुडे



गोला, गोरखपुर। गोला क्षेत्र की गोपालपुर -बारानगर सड़क ओवरलोड बालू लदे ट्रकों के आवागमन से बदहाल हो गया है। एक वर्ष पूर्व ग्रामीणो ने सड़क की बदहाल स्थिति को लेकर प्रदर्शन किया था।

गोपालपुर-बारानगर सड़क का निर्माण प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत हुआ है। यह सड़क व्यस्ततम सड़कों में गिनी जाती है। सरयू नदी के किनारे के तथा उस पार के तकरीबन दो दर्जन गांवो के लोग प्रतिदिन गोला बाजार खरीदारी करने के लिए इस मार्ग का प्रयोग करते हैं। माँ कालिका स्थान पर दर्शन आदि के लिए भी दूर दूर से आने वाले दर्शनार्थी इस रास्ते का प्रयोग करते हैं। इसी मार्ग का प्रयोग देवईपीपीर बालू घाट व रतनपूरा बालू घाट से ओवर लोड बालू लेकर आने वाले ट्रक भी करते हैं। जिसके वजह से यह सड़क अपने मूल रूप को ही खो चुका है। झरकटा मोड़ से सहडौली गांव तक तकरीबन तीन किलोमीटर की सड़क गड्ढों में तब्दील हो गयी है। सड़क की गिट्टी गायब हो गयी है। सड़क दो तीन फुट नीचे धंस गयी है। केवल बालू ही दिख रहा है। इस पर दो पहिया वाहन अक्सर असंतुलित हो कर गिरते नजर आते हैं।

### ग्रामीणों ने रोक दिया था ट्रकों का आवागमन

तकरीबन एक वर्ष पहले ग्राम सभा झरकटा के ग्रामीणों ने ओवरलोड ट्रकों के कारण टूट रहे सड़क को देखते हुए प्रदर्शन करते हुए ट्रकों के आवागमन को रोक दिया था। प्रशासनिक मानमनौवल के बाद ग्रामीण कुछ मांगों के माने जाने पर सड़क को खोला था। झरकटा के ग्राम प्रधान सोमनाथ गुप्ता, मनोज तिवारी, राजकुमार दूबे, वीरेंद्र यादव, सोनू कौशिक जिलाधिकारी से इस सड़क की मरम्मत की मांग की है।

## एक घर एक पौधा अभियान के तहत हुआ पौधारोपण

पहल टुडे

बाड़मेर । थार नगरी बाड़मेर को हरा-भरा व स्वच्छ-सुन्दर बनाने को लेकर सृष्टि संस्थान, बाड़मेर के ओर से एक घर एक पौधा अभियान के तहत शनिवार को महाबार स्थित श्री वांकल माताजी मन्दिर परिसर में पूजा-अर्चना कर राहुल बोथरा के 18वें जन्मदिवस के उपलक्ष में महाबार सरपंच फोटो खान, पटवारी रामाराम एवं अभियान संयोजक मुकेश बोहरा अमन की उपस्थिति में 18 पौधे लगाएं गए । पूर्व पार्षद सुरेश बोथरा ने बताया कि महाबार गांव में बोथरा परिवार द्वारा नवनिर्मित श्री वांकल माताजी मन्दिर परिसर में शनिवार को राहुल बोथरा के 18वें जन्मदिवस के उपलक्ष में 18 पौधे लगाएं गए ।जिन्हें संरक्षित करने के लिए ट्री-गार्ड लगाते हुए संकल्प लिया गया ।महाबार सरपंच फोटा खान ने पौधारोपण करते हुए कहा कि प्रकृति के साथ व सहकार से ही जीवन में समृद्धि व सम्पन्नता सम्भव है ।हमें प्रकृति को हो रहे नुकसान से बचने की जरूरत है ।धरती पर अधिक से अधिक पौधारोपण व पौधे के संरक्षण की महती आवश्यकता है ।फोटा खान ने कहा कि हर घर में कम से कम एक पौधा तो अनिवार्य रूप से होना चाहिए ।अभियान के संयोजक मुकेश बोहरा अमन ने कहा कि पृथ्वी पर पौधे कुदरत की अनमोल धरोहर व उपहार है, जिन्हें हमें संरक्षित करते हुए आगे बढ़ाना है ।पेड़-पौधों से ही धरती की सुन्दरता व खूबसूरती है ।इस दौरान महाबार सरपंच फाटा खान, पटवारी रामाराम, पर्यावरण कार्यकर्ता मुकेश बोहर अमन, पारसमल बोथरा, पूर्व पार्षद सुरेश बोथरा, डलसिंह, जोगराज सिंह, मांगूसिंह राजपुरोहित, राहुल बोथरा, अंकित, भावित सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।



## GST के विरोध में आगरा के खाद्यान्न बाजार बंद



पहल टुडे, / प्रेमसिंह राजपूत

आगराः मोतीगंज बाजार में आज सुबह से ही पसरा है सन्नाटा,कस्बों में भी बंदी. जीएसटी के विरोध में शनिवार को आगरा का खाद्यान्न कारोबार पूरी तरह बंद. जीएसटी के विरोध में किसी व्यापारी ने अपनी दुकान नहीं खोली. व्यापारियों की मांग है कि सरकार खाद्यान्न से जीएसटी तुरंत वापस ले. गल्ला मंडी की एक भी दुकान नहीं खुली थी। जीएसटी का विरोध अभी और तेज हो सकता है.

जीएसटी में पैकिंग की नई परिभाषा लाकर खाद्यान्न को 5 फीसदी टैक्स के दायरे में लाने से व्यापारी नाराज हैं. 16 जुलाई यानी आज खाद्यान्न व्यापारियों ने देशव्यापी बंदी का आह्वान किया है। इसी क्रम में आगरा में भी खाद्यान्न व्यापारियों ने बाजार बंद रखे हैं.

### अब सोमवार को ही मिलेगा खाद्यान्न

शनिवार को खाद्यान्न बाजार बंद है। रविवार को साप्ताहिक अवकाश रहेगा। इसलिए लोगों को दाल और चावल आदि खरीदने के लिए सोमवार तक इंतजार करना होगा।

मोतीगंज खाद्य व्यापार समिति के पूर्व अध्यक्ष रामप्रकाश अग्रवाल, महामंत्री विष्णु अग्रवाल, पूर्व मंत्री श्याम कुमार, मोहित गर्ग आदि ने खाद्यान्न पर जीएसटी लगाने का कड़ा विरोध किया है। व्यापारियों को कहना है कि आम आदमी के लिए अब आटा, मैदा, सूजी, गुड़, चावल, दाल आदि महंगे हो जाएंगे

## 8.4 लाख में तीन तालाबो की हुई नीलामी

आनंदनगर, महराजगंजः नगर पंचायत बृजमनगंज के कार्यालय पर शुक्रवार को नगर क्षेत्र के तालाबो की नीलामी की गई। शाहबाद के एक व हताबेला हरैया के दो तालाबो की नीलामी हुई। शाहाबाद के तालाब की अंतिम बोली सुभाष सहानी ने दो लाख 26 हजार रुपये की लगाई। वहीं हताबेला हरैया के एक तालाब की सर्वाधिक बोली सुभाष सहानी ने पांच लाख रुपये की लगाई। जबकि दूसरे तालाब की बोली आशीष जायसवाल ने एक लाख 14 हजार रुपये की लगा कर हासिल किया।अधिशासी अधिकारी अवध प्रकाश सिंह ने बातया की कुल 13 तालाबो में से तीन की नीलामी हुई।जबकि शेष अन्य तालाब की नीलामी 19 जुलाई को होगी।उपजिलाधिकारी रामसजीवन मौर्या, वेदप्रकाश गुप्ता, राहुल यादव, मोहम्मद कासिम, आदित्य राय, राकेश पासवान मौजूद रहे।

फास्ट ट्रैक

## गली मोहल्लों में फॉगिंग मशीन द्वारा कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव



पहल टुडे / कासिद अंसारी

**मंडावर, बिजनौर,** कस्बा मंडावर में नगर पंचायत के द्वारा रोजाना गली मोहल्लों में फॉगिंग मशीन द्वारा कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव किया जा रहा है।बीमारियों से बचने के लिए नगर पंचायत मंडावर के द्वारा ये कार्य किया जा रहा है।जिससे मंडावर वासियों को बीमारियों से बचाया जा सके।नगर पंचायत के कर्मचारी रोजाना मशीन से मंडावर के सभी गली मोहल्लों में लेकर इससे छिड़काव का कार्य करते है जो की मशीन से निकलने वाला धुआ मच्छरों आदि को मारने का काम करता है।बरसात में होने वाली बीमारियों से बचने के लिए भी इसका छिड़काव किया जा रहा है। जिससे बीमारी को रोका जा सके। कीटनाशक दवाइयों का प्रयोग ही बीमारी को फैलने से रोकथाम करता है। जिससे होने वाली बीमारी खत्म हो जाती हैं। नगर वासियों ने नगर पंचायत के इस कार्य की भूरी भूरी प्रशंसा की है।

## भागूवाला पर ग्राम मिजार्पुर में बिजली न आने की समस्या उठाई



अमित राठी भागूवाला

बिजनौरः भारतीय जनता पार्टी सोशल मीडिया पिछड़ा मोर्चा ने विद्युत उपखंड भागूवाला पर ग्राम मिजार्पुर में बिजली न आने की समस्या उठाई।जिसे एसडीओ ने शीघ्र ठीक कराने का आश्वासन दिया।

भागूवाला क्षेत्र की ग्राम पंचायत मिजार्पुर में 40 घंटे से बिजली आपूर्ति ठप है।ग्रामीणों की समस्या के समाधान के लिए टीम सोशल मीडिया बीजेपी ने जे ई छत्रपाल सिंह विद्युत उपखंड भागूवाला से बताई तो वह आनाकानी करने लगे। जिलासोशल मीडिया प्रमुख रितेश सैन ने विद्युत एसडीओ को समस्या से अवगत कराया। जिस पर एसडीओ ने कल तक तीनों टूटे पोल को खड़ा करके विद्युत सुचारु कराने का आश्वासन दिया। यदि कल तक समस्या का समाधान नहीं होता है तो उच्चाधिकारियों को अवगत करा कर शिकायत दर्ज कराई जाएगी। साथ में मनोज राठी विक्रम सिंह राठी राजेंद्र सिंह कृष्णपाल मास्टर रमेश सिंह मौजूद रहे।

## भगवन्त पब्लिक स्कूल में हाउस एक्टिविटी कंपटीशन का आयोजन किया गया





पहल टुडे / विनोद शर्मा

**चांदपुर, बिजनौर,** जिसमें विद्यालय में चारों हाउस में तीन स्तरों पर प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।जिसमें सीनियर गर्ल्स के लिए स्टोरी राइटिंग कंपटीशन, सीनियर वायस के लिए एस्से राइटिंग कंपटीशन, जूनियर गर्ल्स के लिए पोयम रिसाइटिंग कंपटीशन, जूनियर बॉयस के लिए इंग्लिश राइटिंग कंपटीशन, सब जूनियर टीम के लिए इंग्लिश पैराग्राफ राइटिंग कंपटीशन आयोजित किए गए।प्रतियोगिताओं का आयोजन एक्टिविटी इंचार्ज नीतू राजपूत ने चारों हाउस इंचार्ज के साथ मिलकर किया। प्रतियोगिताओ का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य राजीव कुमार सक्सेना व उपप्रधानाचार्य विजय कौशिक ने दीप प्रज्वलित कर किया ।इस प्रतियोगिता का परिणाम निम्न वत रहा , सीनियर गर्ल्स में प्रथम स्थान स्नेहा ने सीनियर वर्ग वॉइस में प्रथम स्थान शौर्य राठी ने जूनियर वर्ग गर्ल्स मे प्रथम स्थान तन्वी ने जूनियर वर्ग वॉइस में प्रथम स्थान वंश ठाकरान ने सब जूनियर वर्ग गर्ल्स मे प्रथम स्थान अदीबा ने सब जूनियर वांइस में प्रथम स्थान लक्ष्य एवं हितांश ने प्राप्त किया।

अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सभी प्रतिभागियों को प्रतियोगिता का महत्व बताते हुए, साधुवाद दिया व विजेता हाउस टीम को शुभकामनाएं दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सभी विजेता टीम को इसी प्रकार प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। और प्रतियोगिताओ से ही छात्रों का सर्वांगीण विकास होने की बात कही। प्रतियोगिताओं को सफल बनाने में समस्त स्टाफ का सहयोग रहा।

## जला मजिस्ट्रेट ने गोवध निवारण अधिनियम के अन्तर्गत एक वाहन को किया जब्त तथा एक शस्त्र लाइसेंस को किया निरस्त

अमेठी जिला मजिस्ट्रेट राकेश कुमार मिश्र ने बताया कि जनपद के विभिन्न थानाध्यक्षों के माध्यम से पुलिस अधीक्षक अमेठी की संस्तुति सहित प्राप्त शस्त्र निरस्तीकरण के वादों में अभियुक्त जलाल पुत्र जमाल निवासी ग्राम जियापुर थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी के शस्त्र लाइसेंस संख्या 549/शिवरतनगंज (रायफल-ए0बी05-5937) को आदेश तिथि 13 जुलाई 2022 द्वारा उक्त शस्त्र लाइसेंस को निरस्त किया गया है एवं गोवध निवारण अधिनियम के वाद में अभियुक्त रामदीन यादव पुत्र रामतीरथ यादव निवासी ग्राम कोहड़ा थाना शाहगंज जिला जौनपुर के वाहन संख्या यू0पी0 62 टी 4264 ट्रक को आदेश तिथि 13 जुलाई 2022 द्वारा जब्त वाहन को अवैध रूप से गोवंशीय पशुओं के परिचालन हेतु प्रयुक्त विपक्षी के वाहन को राज्य सरकार के पक्ष में जब्त किया गया है। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में गोवध तथा सक्रिय गुण्डा तत्व एवं आपराधिक कार्य में संलिप्त लोगों से सख्ती से निपटने के निर्देश निर्गत किये गये है

## गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के अन्तर्गत वांछित 07 अभियुक्तों को किया गया जिला बदर




**छः माह की अवधि के लिए किया गया जनपद की सीमा से निष्कासित।**

पहल टुडे

अमेठी जिला मजिस्ट्रेट राकेश कुमार मिश्र ने बताया कि जनपद के विभिन्न थानाध्यक्षों के माध्यम से पुलिस अधीक्षक अमेठी की संस्तुति सहित प्राप्त गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के वादों में अभियुक्त विकास सिंह पुत्र शेर बहादुर सिंह निवासी ग्राम शिवगढ़ जलालपुर थाना अमेठी, रोहित कसौंधन पुत्र महेश प्रसाद कसौंधन निवासी ग्राम रायपुर फुलवारी थाना अमेठी, गुलफान पुत्र सुहील निवासी ग्राम पूरे लाल मजरे रसूलपुर थाना कमरौली, शमीम उर्फ शन्नू पुत्र सुहील निवासी ग्राम पूरे लाल मजरे रसूलपुर थाना कमरौली, बृजेश कनौजिया पुत्र हरीलाल कनौजिया निवासी ग्राम केशवपुर थाना संग्रामपुर, राजेश कनौजिया पुत्र हरीलाल कनौजिया निवासी ग्राम केशवपुर थाना संग्रामपुर एवं शिवनायक सिंह पुत्र सूर्यनाथ सिंह निवासी ग्राम गुडूर थाना गौरीगंज जनपद अमेठी को आदेश तिथि 13 जुलाई 2022 से छः माह की अवधि हेतु जनपद की सीमा से निष्कासित (जिला बदर) किया गया है। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय गुण्डा तत्व एवं आपराधिक कार्य में संलिप्त लोगों से सख्ती से निपटने के निर्देश निर्गत किये गये है तथा जनपद के किसी भी थाना क्षेत्र के अन्तर्गत कोई भी असामाजिक तत्वों को द्वारा यदि लोकशांति व लोक सुरक्षा को भंग करने का प्रयास किया जायेगा तो उसके विरूद्ध तत्काल निरोधात्मक कार्यवाही किये जाने हेतु पुलिस को कड़े निर्देश निर्गत किये गये है।

## मुख्य विकास अधिकारी अमेठी के निर्देशन में समूहों की दीदियों द्वारा बन रहा एक लाख राष्ट्रीय ध्वज




पहल टुडे

गोरीगंज अमेठी ।डॉ अंकुर लाठर मुख्य विकास अधिकारी अमेठी का प्रथम प्राथमिकता पर सदैव से ही महिलाओं को सशक्त/आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास रहा है इसी कड़ी में अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय ध्वज आम नागरिकों को उपलब्ध कराने के संबंध में शासन से निर्गत निदेशों का अनुपालन करते हुए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित समूह की महिलाओं अथवा दीदियों के माध्यम से राष्ट्रीय गौरव के प्रतीक भारतीय राष्ट्रीय झंडे का निर्माण कराया जा रहा है जिस का विवरण निम्न हैः-

विकासखंड अमेठी की महिला शक्ति ग्राम संगठन समूह द्वारा 7500 राष्ट्रीय झंडे का निर्माण किया जाएगा विकासखंड बहादुरपुर नारी शक्ति प्रेरणा ग्राम संगठन समूह द्वारा 8000 झंडे का निर्माण किया जाएगा विकासखंड भादर में कामयाब महिला ग्राम संगठन द्वारा 8000 झंडे का निर्माण किया जाएगा विकासखंड भेटुवा शक्ति ग्राम संगठन समूह द्वारा 8000 झंडे का निर्माण किया जाएगा विकासखंड गौरीगंज सभ्दावना ग्राम संगठन समूह द्वारा 7500 अंडे का निर्माण किया जाएगा विकासखंड जगदीशपुर जाफर गंज प्रेरणा संकुल संघ समूह द्वारा 7500 झंडे का निर्माण किया जाएगा विकासखंड जामो जय राघव दास ग्राम संगठन समूह द्वारा 8000 झंडे का निर्माण किया जाएगा विकासखंड मुसाफिरखाना इंसाफ महिला ग्राम संगठन समूह द्वारा 7500 का निर्माण किया जाएगा विकासखंड संग्रामपुर नारी शक्ति महिला ग्राम संगठन द्वारा 7500 झंडे का निर्माण किया जाएगा विकासखंड शाहगढ़ सवेरा महिला संकुल संघ द्वारा 7500 झंडे का निर्माण किया जाएगा विकासखंड शुकुल बाजार संगम क्रीडा संकुल संघ समूह द्वारा 8000 झंडे का निर्माण किया जाएगा विकासखंड सिंहपुर जागृति महिला ग्राम संगठन समूह द्वारा 7500 झंडे का निर्माण किया जाएगा एवं विकासखंड तिलोई मां दुर्गा प्रेरणा ग्राम संगठन द्वारा 7500 झंडे का निर्माण किया जाएगा इस प्रकार कुल 13 विकास खंडों के 13 समूहों द्वारा जनपद में 100000 भारतीय राष्ट्रीय प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज का निर्माण किया जाएगा जिसे जनपद के आम जनमानस को उपलब्ध कराया जाएगा इन समूहों द्वारा निर्मित झंडों को जिला पंचायत राज अधिकारी अमेठी कार्यालय द्वारा कर आयकर नियम अनुसार शासन के निदेर्शानुसार समूह के खाते में धन राशि हस्तांतरित कराई जाएगी इसके अतिरिक्त जनपद में उद्योग विभाग खाद्य विभाग आदि के माध्यम से भी झंडे का निर्माण कराया जा रहा है जिसे लाभार्थियों को अथवा जनपद वासियों को उपलब्ध कराया जाएगा।

## जामों विकास खंड में फिर गरजा बाबा का बुल्डोजर

**स्कूल व चकमार्ग की जमीन से हटा अतिक्रमण**



पहल टुडे

गौरीगंज अमेठी प्रदेश सरकार के दूसरे कार्यकाल में मशहूर बाबा का बुल्डोजर का असर जिले में भी पूरी तरह से दिखाई दे रहा है।जो आये दिन अवैध अतिक्रमणकारियो के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है।विदित हो कि उपजिलाधिकारी राकेश कुमार तहसीलदार दिग्विजय सिंह के निर्देश पर नायब तहसीलदार आशुतोष पाण्डेय के नेतृत्व में राजस्व कर्मियों की संयुक्त टीम मय पुलिस बल के साथ परगना गौरा जामों के हरकरनपुर पहुंची। चकमार्ग गाटा संख्या 540 व स्कूल गाटा संख्या 541 रकबा 0.123 हेक्टेयर जमीन पर गांव के ही दबंग मोहम्मद साकिर पुत्र मोहम्मद खलील पक्की दीवार बनाकर अवैध रूप से कब्जा किए थे। जिसकी शिकायत मिलने पर नायब तहसीलदार के नेतृत्व में राजस्व कर्मियो की अगुवाई में भूमि की पैमाईश की गई।चिन्हित जमीन पर अवैध रूप से खड़ी दीवार को जे सी बी की मदद से गिराकर अवैध अतिक्रमण से मुक्त कराया। तहसील प्रशासन के इस कार्य की स्थानीय लोग बहुत ही सराहना कर रहे हैं। इस मौके राजस्व निरीक्षक मंजीत सिंह, लेखपाल राजेश कुमार आदि सहित काफी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

## अवैध असलहा फैक्ट्री का भंडाफोड़

**अमेठी में पकड़ी गई अवैध असलहों की फैक्ट्री**

**दो तस्कर गिरफ्तार, अगल-बगल के जिले के अपराधियों को थे बेचते**



पहल टुडे

गोरीगंज अमेठी। यूपी के अमेठी में स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप टीम व शिवरतनगंज पुलिस ने अवैध असलहा फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। पुलिस टीम ने 10 अदद अवैध तमंचे व 10 जिन्दा कारतूस और अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण के साथ 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। शिवरतनगंज थाना क्षेत्र से हुई गिरफ्तारी पुलिस कप्तान के निर्देश पर अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए गए अभियान में आज यह गिरफ्तारी हुई। उपनिरीक्षक अमरेन्द्र सिंह थानाध्यक्ष शिवरतनगंज व उपनिरीक्षक धीरेन्द्र कुमार वर्मा एसओजी प्रभारी अमेठी वांछित की तलाश में चेकिंग कर रहे थे।इस दौरान मुखबिर की सूचना पर इण्डियन आयल पेट्रोल पम्प सरैया सुल्तानपुर मोड़ के पास खण्डहर मकान के अन्दर अवैध शस्त्र बनाते हुए दो लोगो को गिरफ्तार किया।इनकी पहचाना कुलदीप तिवारी (27) पुत्र गिरधारी तिवारी निवासी जुगराजपुर थाना शिवरतनगंज व जिब्राइल (28) पुत्र कासिम निवासी कामापुर थाना मोहनगंज के रूप में हुई है।

10 तमंचा बरामद

पुलिस ने कुलदीप तिवारी के कब्जे से 2 तमंचा, 2 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 3 तमंचा 8 जिन्दा कारतूस 12 बोर व अभियुक्त जिब्राइल के कब्जे से 5 तमंचा 315 बोर बरामद किया है। मौके से भारी मात्रा में अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण 1 भट्ठी लोहा, 1 प्लास, 2 पेचकस, 15 कील, 2 लोहे की आरी, 2 ट्रैगर, 1 हथौडी, 1 सम्सी, 4 स्प्रिंग, 11 लोहे की नाल आदि बरामद हुआ।

## मुसाफिरखाना में 108 शिकायतें प्राप्त हुई तथा 05 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया

## तहसील मुसाफिरखाना में डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

- पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर करें निस्तारण.......डीएम।
- गलत जाति प्रमाणपत्र निर्गत करने पर बूबूपुर के लेखपाल निलंबित।




पहल टुडे

अमेठी जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में तहसील मुसाफिरखाना में कोविड-19 की गाइडलाइन का पालन करते हुए संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ।संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। इस अवसर पर पुलिस से संबंधित प्रकरणों को पुलिस अधीक्षक इलामारन जी ने सुना एवं संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान तहसील मुसाफिरखाना अंतर्गत ग्राम बूबूपुर में गलत जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने का मामला प्रकाश में आने पर जिलाधिकारी ने संबंधित लेखपाल अजीत सिंह को तत्काल निलंबित करने के निर्देश एसडीएम मुसाफिरखाना को दिए।

इसके साथ ही जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए कि संपूर्ण समाधान दिवस में समय से आकर जन समस्याएं सुनें तथा उनका निस्तारण कराना सुनिश्चित करें इसमें लापरवाही किए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। आज संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान सर्वाधिक शिकायतें राजस्व विभाग, पुलिस विभाग तथा विकास विभाग से संबंधित प्राप्त हुई। जिनके निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने लेखपालों को निर्देश दिए कि गांव में जाकर निरंतर भ्रमण कर अवैध कब्जा सहित छोटे-मोटे विवाद निपटाएं। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि ग्रामीणों के शिकायती पत्र प्राप्त होते ही तुरन्त कार्यवाही अमल में लाई जायें ताकि तत्समय मौके पर ही निस्तारण किया जा सके। उन्होंने कहा कि जन सामान्य के कल्याणार्थ संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगो को दिया जाना सुनिश्चित किया जाये। शासन द्वारा संचालित योजनाएं पात्र व्यक्ति तक अवश्य पहुंचनी चाहिए। आज तहसील मुसाफिरखाना में कुल 108 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 05 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया, तहसील तिलोई में 40 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 05 का निस्तारण किया गया,

तहसील अमेठी में 69 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 02 का निस्तारण किया गया तथा तहसील गौरीगंज में 45 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 09 शिकायतों का निस्तारण किया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन जन समस्याओं के निस्तारण के प्रति अत्याधिक गम्भीर है

## आंखों में मिर्ची डाल बदमाशों ने महिला के गले से उड़ाई चेन, जांच पड़ताल में जुटी पुलिस



पहल टुडे / ब्यूरो रिपोर्ट रमेश बाजपेई

लालगंज रायबरेली।स्थानीय कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ऐहार स्थित बालेश्वर मंदिर के पुजारी झिलमिल महाराज की पत्नी की आंखों में मिर्ची डालकर बदमाश गले से चेन ले उड़े।ज्ञात हो कि ऐहार गांव निवासी अर्चना शुक्ला पत्नी झिलमिल महाराज अपने किसी काम से घर के बाहर खड़ी हुई थी उसी समय मोटरसाइकिल सवार उनके नजदीक पहुंचकर आंखों में लाल मिर्ची डाल गले से चेन ले उड़े क्योंकि घटना घर के पास घटित हुई थी।इसलिए आनन फानन मोहल्ले वासी एकत्र हो गए और पुलिस को सूचना दी गई।वही आंखों में लाल मिर्ची पड़ने के कारण पीड़िता अर्चना शुक्ला गंभीर रूप से घायल हो गई थी जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेज दिया गया है घटना बीते दिवस की बताई जा रही है मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।दिनदहाड़े हुई छिनैती से लोगों में दहशत व्याप्त है।

## पंचायत स्तरीय गंगा दूतों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन







पहल टुडे

**अमरोहा** नेहरू युवा केंद्र अमरोहा के तत्वधान में नमामि गंगे कार्यक्रम में युवाओं की सहभागिता परियोजना के अन्तर्गत दो दिवसीय पंचायत स्तरीय गंगा दूत प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन रिशाल इंटर कॉलेज, सतेड़ा अहैतमली ब्लॉक हसनपुर में 15 जुलाई 2022 से 16 जुलाई 2022 तक युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्त शासी संस्था नेहरू युवा केंद्र संघठन द्वारा एवं राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन,जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से किया गया ।कार्यक्रम में गंगा दूतों को प्रमाण-पत्र वितरित कर गंगा स्वच्छता सपथ दिलाई गई ।प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गंगा दूतों को परियोजना के उद्देश्यों,महत्वपूर्ण क्षेत्रों के बारे में जानकारी एवं प्रशिक्षण प्रदान करना तथा उन्हें स्वेच्छा से उनके संबंधित गांव में परियोजना से संबंधित गतिविधियों एवं शैक्षिक गतिविधियों को करने के लिए प्रेरित करना था ।कार्यक्रम के दौरान गंगा दूतों द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता में भी प्रतिभाग किया गया।प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कुमारी ममता रही, द्वितीय स्थान पर सचिन यादव रहे एवं तृतीय स्थान संदीप सिंह ने पाया ।मां गंगा की स्वच्छता सपथ के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया।कार्यक्रम में रिशाल इंटर कॉलेज के प्रधानाधापक श्री सुभाष यादव , पर्यावरण के विशेषज्ञ श्री महेंद्र जी, नमामि गंगे के जिला परियोजना अधिकारी सचिन चौधरी, स्वास्थ विभाग से सशीराज जी, अंजू यादव, अथर हुसैन, स्पेयर हेड टीम लीडर हरीश, हरकिशन, फरमान, सना, पवन एवं तरुण की सक्रिय सहभागिता रही।

फास्ट ट्रैक

## जिलाधिकारी ने गोकना घाट का किया स्थलीय निरीक्षण



### घाटों पर साफ–सफाई व स्वच्छता का व्यवस्था रखे सुनिश्चित: माला श्रीवास्तव

रायबरेली। जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने कावड़ यात्रा को दृष्टिगत रखते हुए श्रद्धालुओं के लिए ऊँचाहार के गोकना घाट का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि घाट पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए घाटों की साफ-सफाई व स्वच्छता का पूरा इंतजाम करने के साथ ही घाटों पर स्नान आदि की सभी व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिये।इसी दौरान जिलाधिकारी ने गंगा मईया की विधि विधान द्वारा पूजा अर्चना भी की। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, मुख्य विकास अधिकारी प्रभाष कुमार, एसडीएम, बीडीओ ऊँचाहार आदि सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## रोडवेज बस में हुई मारपीट की घटना को लूट की झूठी घटना दशार्नें वाले बस के चालक व परिचालक गिरफ्तार

### साथ ही बस में मारपीट व तोड़फोड़ करने वाले 07 अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार।

पहल टुडे ब्यूरो चीफ आकाश गुप्ता

लखीमपुर खीरी। दिनांक 12.07.2022 को समय 22.30 बजे थाना पसगवां पर सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्रान्तर्गत मछेछा नहर पुल के आगे पेट्रोल पम्प के पास हरिद्वार से रुपैडिया जा रही सीतापुर डिपो (वढ 34 ळ 9566) को नीले रंग की मोटरसाइकिलों पर बैठकर आए कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा मोटरसाइकिलों को बस के आगे लगाकर रोक दिया गया था और बस परिचालक के बैग (जिसमें 38,000 रुपये व टिकट गड्डी और चार बेबिल रखे थे) व परिचालक के गले से सोने की चेन को भी छीन लिया गया और बस के शीशे को तोड़कर मोटरसाइकिलों से पीछे की तरफ भाग गए । घटना की सूचना पर क्षेत्राधिकारी मोहम्मदी द्वारा मय पुलिस फोर्स के तत्काल मौके पर पहुँचकर जांच की गई और थाना पसगवां पर मु0अ0सं0 320/22 धारा 392 भादवि पंजीकृत किया गया था।पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा घटना की गम्भीरता को देखते हुए क्षेत्राधिकारी मोहम्मदी के नेतृत्व में घटना के शीघ्र अनावरण हेतु 04 पुलिस टीमों का गठन किया गया था ।विवेचना के क्रम में मोबाइल सर्विलांस व ह्युमन इंटेलिजेन्स की मदद से प्रकाश में आया कि रोडवेज बस के चालक व परिचालक के साथ जनपद शहाजहाँपुर बस स्टैण्ड पर एक व्यक्ति कुलदीप के साथ किसी बात को लेकर विवाद हुआ था, जिसमें अभियुक्त कुलदीप द्वारा अपने अन्य साथियों की मदद से बस को जनपद खीरी में घेर लिया गया और बस के चालक व परिचालक के साथ मारपीट की गई और बस में तोड़फोड़ की गई। बस के चालक व परिचालक द्वारा विवाद की घटना व मारपीट की घटना को छिपाकर पुलिस को लूट की झूठी सूचना दी गई। पुलिस द्वारा बस के चालक व परिचालक को गिरफ्तार कर लूट की सूचना में अंकित सामान 01 अदद बैग( जिसमें 38,000 रुपये, टिकट गड्डी व 04 बेबिल रखे थे) को बस परिचालक के घर की छत पर पानी की टंकी के पास से बरामद कर लिया गया है।

## डीओ ने दिलाया जल संरक्षण का संकल्प

### 16 से 22 जुलाई तक चलेगा भूजल सप्ताह, होंगी विविध गतिविधियां



पहल टुडे

लखीमपुर खीरी 16 जुलाई। खीरी में शनिवार को भूजल सप्ताह का आगाज हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस के उपरांत तहसील गोला में सीडीओ अनिल कुमार सिंह की अध्यक्षता में भूजल सप्ताह पर शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित हुआ। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि प्रदेश में गिरते भूजल स्तर को दृष्टिगत रखते हुए भूगर्भ जल सम्पदा के महत्व के प्रति जन जागरूकता सृजित करने के उददेश्य से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 16 से 22 जुलाई तक भूजल सप्ताह मनाया जायेगा। भूजल सप्ताह का सफलतापूर्वक आयोजन करने हेतु एवं भूजल संरक्षण का संदेश आम जनता को पहुंचाने हेतु शासन द्वारा इस वर्ष का मुख्य विचार बिन्दु ₹जन-जन तक जल पहुंचाना है, जल संरक्षण अपनाना है₹ रखा गया।

सहायक अभियन्ता (लङ्गसिं०) कल्पना वर्मा ने भू जल सप्ताह की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताइ। उन्होंने बताया कि डीएम ने जनपद में जिला स्तर, तहसील स्तर, नगर निकाय, खण्ड स्तर पर सम्बन्धित विभागों को साप्ताहिक कार्ययोजना बनाकर भूजल सप्ताह का सफल आयोजन करने हेतु निर्देशित किया। वेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, उच्चतर शिक्षा, प्राविधिक शिक्षा विभाग एवं अन्य शिक्षण संस्थाएं अपने नियंत्रणाधीन स्कूल-कालेजों को भूजल सप्ताह के आयोजन हेतु जिम्मेदारी देंगे एवं अभियान को सफल बनायेंगें। इसके अन्तर्गत परिचर्चा एवं संवाद, निबन्ध प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता इत्यादि कार्यक्रम शासन से नियत है। कठपुतली प्रदर्शन, लोकनृत्य, गीत, नुक्कड़ नाटक को भी सम्मिलित किया गया है।पोस्टर्स, होडिंग, बैनर्स, प्रदर्शनी मेंलों, उत्सव, पद यात्राओं, रैलियों, संगोष्ठियों, साइकिल परेड इत्यादि के माध्यम से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भूजल सप्ताह का आयोजन होगा। जन सामान्य की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित कराये जाने के उददेश्य से केन्द्रीय संस्थाओं, प्रतिष्ठानों, गैर सरकारी संगठनों एवं स्वयं सेवी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों का यथा सम्भव सहयोग लिया जाएगा ।अन्त में सीडीओ द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील गोला में उपस्थित समस्त अधिकारी व कर्मचारियों तथा जन सामान्य को जल संरक्षण शपथ भी दिलाई गयी एवं सहायक अभियन्ता (लङ्गसिं०) द्वारा भूजल सप्ताह की बैठक सधन्यवाद समाप्त की गई।

## मोटरसाइकिल सवार को बचाने में अनियंत्रित हुई स्कॉर्पियो 5 लोग जख्मी

डीह रायबरेली। थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव के निकट उस समय हड़कंप मच गया जब मोटरसाइकिल सवार को बचाने में पल्टी स्कार्पियो में पांच लोग गंभीर रूप से घायलहो गए। ज्ञात हो कि फूलपुर प्रयागराज गेल इंडिया से निकल कर आ रहे इंजीनियर पूरे उमराव प्रधानपुर सब स्टेशन थाना डीह जा रहे थे ।जैसे ही परसदेपुर रायबरेली रोड गोपालपुर गांव के निकट पहुंचे अचानक मोटरसाइकिल सवार के मुड़ने पर स्कार्पियो अनियंत्रित होकर बने चबूतरे से जाकर टकराई। और ग क्षतिग्रस्त हो गई। गाड़ी में इंजीनियर सुनील कुमार जो कि आगे सीट पर बैठे थे उनका एयर बैग खुलने के कारण उन्हें ज्यादा चोट नहीं आई चालक सूरज कुमार का भी एयर बैग खुलने के कारण हल्की चोट के साथ सुरक्षित बच गये ।वही पीछे सीट पर बैठे टेक्नीशियन सुधाकर शिवदत्त अनिल कुमार राकेश कुमार हादसे में घायल हो गए जिसमें सुधाकर शिवदत्त गंभीर रूप से घायल हुए सभी घायलों को सीएचसी डीह ले जाया गया जहां प्रारंभिक उपचार कर घायलों की हालत गंभीर होने के कारण जिला रायबरेली अस्पताल भेजा गया है।

## हत्या के एक अभियुक्त को आलाकत्ल सहित किया गिरफ्तार



पहल टुडे / ब्यूरो रिपोर्ट रमेश बाजपेई

सलोन रायबरेली ।अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध कृत कार्यवाही के अन्तर्गत 16 जुलाई 2022 को थाना सलोन पुलिस टीम द्वारा थाना सलोन पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 278/22 धारा-302,201 भादवि से संबंधित साक्ष्य संकलन एवं विवेचना के आधार पर प्रकाश में आये अभियुक्त चन्द्रभान पुत्र माताप्रसाद निवासी पूरे पंचम सिंह मजरे बेला खारा थाना भदोखर रायबरेली को थानाक्षेत्र के मीरजहांपुर मोड से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है जिसकी निशादेही पर 01 अदद बांका आलाकत्ल बरामद किया गया है । अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है ।उल्लेखनीय है कि दिनांक 09 जून 2022 को थाना सलोन क्षेत्रांतर्गत कोडरी के जंगल में एक व्यक्ति का शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई थी । प्राप्त सूचना पर तत्काल उच्चाधिकारीगण द्वारा प्रभारी निरीक्षक सलोन/फॉरेंसिक टीम/पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तथा विधिक कार्यवाही करते हुए शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया था, घटना के अनावरण हेतु टीमों का गठन किया गया था ।प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना सलोन में मुकदमा अपराध संख्या-278/2022 धारा-302,201 भादवि बनाम अज्ञात पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की प्रारम्भ की गयी थी।

## चातुर्मास में लहराएगी धर्म और संस्कृति की ध्वजा : मुनि सुधासागर

### क्षेत्रपाल मंदिर में हुआ निर्यापक श्रमण मुनि संघ का प्रथम चातुर्मास स्थापित

### ललितपुर नगरी बनी धर्म नगरी



पहल टुडे/अजय बरया

ललितपुर :चातुर्मास मात्र आत्मकल्याण के लिए ही नहीं वरन धर्म और संस्कृति के लिए होता है। धर्म आत्मा की पर्याय जो धर्मात्मा के साथ रहती है। धर्म से स्वयं का कल्याण होता है और अर्न्तशक्ति जागृत होती है। भगवानमहावीर ने जिओ और जीने दो का जो संदेश दिया है उसको जनजन तक पहुचाना चातुर्मास का उददेश्य है। क्षेत्रपाल मंदिर में चातुर्मास स्थापना के पूर्व धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए आचार्य श्रेष्ठ विद्यासागर महाराज के प्रभावक शिष्य निर्यापक श्रमण मुनिपुंगव सुधासागर महाराज ने कहा चतुर्मास साधु और श्रावक दोनों के लिए होता है। साधु कितना भी करें आत्मा का रत्नात्रय किसी को नहीं दे सकता उनके चरणों के स्पर्श और गँदोधक द्वारा श्रावक और आचरण और जीवन को निर्मल बनाता है। संस्कृति का निर्माण दूसरे के प्रति भाव से है क्या कभी सोचा सारा जगत कैसे जीवित रहेगा। जरूरी है धर्म को जानो और संस्कृति के निर्माण के लिए संवाहक बनो। ललितपुर को धर्मनगरी बताते हुए मुनि श्री ने श्रावकों को चातुर्मास मंगल करने के लिए सीख देते हुए कहा संकल्प की शक्ति मजबूत करनी होगी यह चातुर्मास निश्चय ही व्यक्ति के विचार और सोच मे परिवर्तन लाएगा। धर्मसभा में मुनि द्वय के पादप्रक्षालन करने का सौभाग्य प्रदीप कुमार प्रेमलता पाण्डिया ऋषभ कुमार जयपुर को प्राप्त हुआ जिन्होने आचार्य श्री के चित्र का अनावरण श्रेष्ठीजनों के साथ किया गुरुभक्त अमित पहाडिया ने मुनि श्री के चातुर्मास को ललितपुर के लिए पुण्यशाली बताते हुए कहा इसे पूरा देश निहार रहा है कि गुरुकृपा अब ललितपुर में वरसेगी जैन पंचायत के अध्यक्ष अनिलजैन अंचल ने कहा चातुर्मास में पहला अवसर होगा जब चातुर्मास के भक्तिकलश श्रावकों के घर पहुंचकर जीवन का मंगल करेंगे। प्रतिष्ठाचार्य प्रदीप जी सुयश ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए ललितपुर में होने वाले अतिभव्य चातुर्मास एवं इस दौरान होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी ।चातुर्मास कलश स्थापना के पूर्व ध्वजारोहण मुनि संघ के सानिध्य में सोमचंद संजीव, राजीव लकी बुक डिपो परिवार द्वारा किया गया। अखण्ड ज्योति प्रज्जवलन अखिलेश जैन रीतेश गदयाना ने स्थापित की। चातुर्मास का मुख्य सर्वास्थ सिद्धि अमृत कलश जैन पंचायत अध्यक्ष अनिल जैन अंचल परिवार एवं बालावहेट तीर्थ क्षेत्र अध्यक्ष एवं मंदिर प्रबंधक राजेन्द्र जैन थनवारा द्वितीय कलशय तरूण जैन काला व्यावर प्रवासी मुम्बई, अमृत सिद्धि कलश महेन्द्र कुमार विमलेश जैन पालीवाले, जयंती परिवार अलवर, डा अक्षय टडैया महामंत्री जैन समाज सुशील जैन पास ज्वैलर्स सोनीपत ने स्थापित किए। मंगल कलश अमित जैन सपना स्टोर, कुशलचंद सौरभ जैन एडवाकेट, सेठ उत्तम चंद कोयला परिवार कटना, वंदना वडजात्या मयंक श्यामली, देवेंद्र कुमार श्रीश सिंघई ललितपुर द्वारा स्थापित किए गए।

## डीएम ने की आयुष्मान अंत्योदय पखवाड़ा अभियान की समीक्षा,दिए निर्देश

### सभी अंत्योदय कार्ड धारक परिवार के एक सदस्य का आयुष्मान कार्ड बनवाने वाले दस कोटेदार होंगे सम्मानित, डीएम ने की घोषणा।

पहल टुडे ब्यूरो चीफ आकाश गुप्ता



लखीमपुर खीरी ।शुक्रवार की देर शाम डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयुष्मान अंत्योदय पखवाड़ा अभियान की समीक्षा की एवं संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। बैठक की शुरूआत में योजना के नोडल अधिकारी एसीएमओ डॉ बी सी पंत ने अभियान की प्रगति बताइ। डीएम ने निर्देश दिए कि गांव-गांव जागरूकता अभियान चलाए, प्रयास करें कि कोई भी पात्र लाभार्थी कार्ड से वंचित न रहने पाए। डीएसओ अंजनी कुमार सिंह को निर्देश दिए कि प्रत्येक उचित दर विक्रेता अपने यहां नामांकित अंत्योदय कार्डधारकों के परिवार के एक सदस्य को नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर ले जाकर उसका समग्र न्यूज आयुष्मान कार्ड बनवाए। यह शासन की शीर्ष प्राथमिकताओं में है ।डीएम ने कहा कि उचित दर विक्रेताओं को जो अपने-अपने क्षेत्र में प्रत्येक अंत्योदय कार्ड धारक परिवार में से न्यूनतम एक आयुष्मान कार्ड बनवाते हैं, यह कार्य सबसे पहले करने वाले 10 उचित दर विक्रेताओं को ब्रेकफास्ट विद डीएम कार्यक्रम में आमंत्रित करके सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि आयुष्मान कार्ड बनवाने में आशा और एएनएम भी महती भूमिका निभाएं।

## जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने तहसील दिवस में जनता की समस्याओं का कराया निस्तारण

पहल टुडे / ब्यूरो रिपोर्ट रमेश बाजपेई



ऊंचाहार रायबरेली ।16 जुलाई को जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव व पुलिस अधीक्षक रायबरेली आलोक प्रियदर्शी द्वारा तहसील दिवस के अवसर पर तहसील ऊँचाहार में जनता की शिकायतों/समस्याओं के सम्बंध में जनसुनवायी करते हुये उनके त्वरित/समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया तत्पश्चात जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा पर्यावरण को अनुकूल बनाये रखने हेतु ऊँचाहार तहसील परिसर मे वृक्षारोपण किया गया तथा संबंधित अधि0/कर्मचारियों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने हेतु प्रेरित किया गया। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक रायबरेली विश्वजीत श्रीवास्तव द्वारा उप-जिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी लालगंज के साथ तहसील लालगंज में जनता की शिकायतों/समस्याओं के सम्बंध में जनसुनवायी करते हुये उनके त्वरित/समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया साथ ही जनपद की अन्य तहसीलों में राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारियों की अध्यक्षता में तहसील दिवस का आयोजन कर जनता की शिकायतों/समस्याओं का निस्तारण कराया जा रहा है ।

## श्री दीपचंद चौधरी महाविद्यालय मैं आयोजित किया गया कैरियर काउंसलिंग प्रोग्राम

## समस्या बन यदि तुम न उभरते तो मैं समाधान बन गया होता:कमलेश चौधरी

पहल टुडे/अजय बरया



ललितपुर :शहर के श्री दीपचंद चौधरी महाविद्यालय में कैरियर काउंसलिंग प्रोग्राम आयोजित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के संस्थापक/प्रबंधक कमलेश चौधरी और प्राचार्य डॉ जे एस तोमर ने छात्र-छात्राओं की समस्या का समाधान किया। साथ ही बीएड और बीटीसी करने के बाद प्रशिक्षु भविष्य में क्या क्या कर सकते हैं और किस डिग्री से उनको क्या क्या लाभ मिल सकते हैं, इन सब पर विद्यार्थियों को विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के शुभारंभ मौके पर प्रबंधक कमलेश चौधरी, प्रदीप चौधरी, प्रवीण चौधरी और श्री दीपचंद चौधरी महाविद्यालय मैं आयोजित किया गया कैरियर काउंसलिंग प्रोग्राम्‌डॉ जे एस तोमर ने मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन किया। तत्पश्चात कार्यक्रम की शुरूआत की गई। शनिवार को आयोजित कैरियर काउंसलिंग के प्रोग्राम में बतौर मुख्य अतिथि महाविद्यालय के संस्थापक प्रबंधक कमलेश चौधरी उपस्थित रहे। उन्होंने बीएड और बीटीसी करने में असमंजित छात्र-छात्राओं की भ्रांतियां दूर कीं व छात्रों की असमंजस की स्थिति बी एड करें या बीटीसी इसके बारे में छात्रों से कहा कि यदि हमारे सामने कोई समस्या आती है तभी हम समाधान की खोज में क्रियाशीलता को अपनाते हैं। आज यदि आप में निर्णय लेने क्षमता नहीं है, आप असमंजस में है कि बीएड करें या बीटीसी, उसके लिए आज महाविद्यालय में कैरियर काउंसलिंग प्रोग्राम आयोजित किया गया है। जिसमें छात्रों से बीएड व बीटीसी कोर्स को लेकर उनकी इस समस्या का समाधान देने का प्रयास किया गया। प्राचार्य डॉ जे एस तोमर ने बताया कि असमंजस की स्थिति का कारण है कि समाज में बढ़ रहे शिक्षा के प्रति छात्रों की अधूरी जानकारी ही है। क्योंकि यदि छात्र को शिक्षा जगत के विभिन्न कोर्सों की जानकारी नहीं होगी, तो वह अपने भविष्य के मार्गों का निर्माण किस प्रकार करेगा। अपनी योग्यता के अनुसार उसको किस कोर्स का चयन करना चाहिए। इसके लिए उसके पास समय-समय पर इस तरह के प्रोग्राम होने ही चाहिए जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग प्रभारी अंशुल दुबे ने कहा कि कोर्ट के फैसले का इंतजार कर रहे बीएड और बीटीसी के छात्र में कोर्स के चयन में अपने को असमर्थ समझ रहे हैं। इसके लिए उनको जानना होगा कि बीएड करके उनको किस प्रकार के प्रशिक्षण बीटीसी करने के बाद उनको किस प्रकार की जॉब मिलेगी। आज का समय शिक्षा के द्वारा सिर्फ ज्ञानार्जन प्राप्त करना नहीं है। जीवन उपार्जन के लिए नौकरी पाना ही बन गया है। इस बार यूपी बी एड 2022- 2024 सत्र में जिन छात्र-छात्राओं ने आवेदन किया है, वह सभी छात्र-छात्राएं डीएलएड -बीटीसी 2022-24 में भी अपना रजिस्ट्रेशन 25 जुलाई तक करा सकते हैं। इस वर्ष यूपी बीएड में लगभग 7 लाख आवेदन हुए हैं। वहीं पूरे प्रदेश में लगभग 2 लाख 23000 सीट है ।ऐसे में लगभग 4 लाख 50000 ऐसे छात्र-छात्राएं रहेंगे। जिनको बीएड में प्रवेश नहीं मिल पाएगा ।ऐसे में उनके लिए डीएलएड एक बेहतर विकल्प है। डीएलएड में आवेदन करके आप अपने लिए प्रशिक्षण कोर्स करने के बाद आगे की दरवाजे की चाबी प्राप्त कर सकेंगे। बैठक में प्रबंधन की ओर से कमलेश चौधरी, प्रदीप चौधरी, प्रवीण चौधरी सहित प्राचार्य डॉ जे एस तोमर, आदित्य मिश्रा, राकेश राजन, नीरज सिंह, अंशुल दुबे, सुमिता पांडेय, नीतू शर्मा, पुष्पेंद्र कुमार, नीरज सिंह, बृजेश पटेरिया, प्रकाश साहू, अभिषेक रावत, एकता शर्मा, नितिन जैन, डॉ रामेंद्र कुमार, डॉ खुशबू सिद्दीकी, डॉ सलमान अली, प्रदीप कुमार, प्रदीप गंगेले, आकाश राय, श्रीराम, शुभम सिंघई, सपना चक्रवर्ती, महेंद्र झा, रीमा यादव, सुमन कुमार, अनुज सेन, भगवानदास, मुकुल आदि मौजूद रहे।

# TMU के TMIMT सभागार में एक संगोष्ठी का आयोजन





पहल टुडे / विपिन कुमार

मुरादाबाद : जल संरक्षण सप्ताह के अंतर्गत सभागार में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड मुरादाबाद के एई जे.एन. तिवारी जी, भूजल विभाग मुरादाबाद के अधिशासी अभियंता सौरभ शाह,कालेज के डायरेक्टर डॉ विपिन जैन, पर्यावरण भारती के अध्यक्ष और भारतीय जीवजंतु कल्याण बोर्ड के कोआप्टेड मेम्बर डॉ जयप्रकाश सक्सेना एवं पर्यावरण गतिविधि के विपिन गुप्ता जी आदि मौजूद रहे।

# आर्ष गुरुकुल एटा के अधिष्ठाता आचार्य देवराज शास्त्री का निधन

**पूरे प्रदेश में शोक की लहर गुरुकुल में आचार देवराज शास्त्री के शिष्यों को लगा जमावड़ा।**

रिपोर्टर मिथुन गुप्ता एटा

पहल टुडे

एटा। शहर के सनातन परंपरा के वाहक कल गुरुकुल एटा के अधिष्ठाता आचार्य देवराज शास्त्री का 81 साल की उम्र में बीती रात को निधन हो गया वह एटा गुरुकुल की पहचान थे कल आचार्य देवराज शास्त्री के निधन के बाद पूरे जनपद में शोक की लहर दौड़ गई लोग उनके अंतिम दर्शन के लिए रात्रि में ही अंतिम दर्शन करने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे गुरूकुल आचार्य देवराज शास्त्री का अंतिम संस्कार एटा गुरुकुल में ही किया जाएगा शव यात्रा को श्री राम बाल भारती इंटर कॉलेज एटा के प्रधानाचार्य शांति नगर स्थित डॉ रामनिवास यादव की निवास बड़े बेटे के निवास स्थान अरूणा नगर स्थित श्रीराम बालभारती इंटर कॉलेज में लाया जाएगा जिसके आचार्य देवराज शास्त्री प्रबंधक थे।

गुरुकुल परंपरा को आगे बढ़ाया।



आचार्य देवराज शास्त्री के निधन से प्रदेश एवं देश में गुरुकुल परंपरा का 1 अध्याय समाप्त हो गया शिक्षा जगत की अपूरणीय क्षति हुई है आचार्य देवराज शास्त्री के पढ़ाई और शिक्षित किए विद्यार्थी आज भारत के कोने-कोने में विश्व के कई देशों में वैदिक ज्ञान संस्कृत और गुरुकुल परंपरा की अलख जगा रहे हैं।

## 1964 में मिली थी जिम्मेदारी।

आचार्य देवराज शास्त्री ने इसी गुरुकुल से मध्यमा उत्तर मध्यमा शास्त्री आचार्य की परीक्षा उत्तीर्ण की और 1964 में गुरुकुल संस्थापक के निधन के बाद आचार्य देवराज शास्त्री को ही गुरुकुल के संचालन की जिम्मेदारी मिली उनके समय में एटा गुरुकुल ने देश-विदेश में ख्याति अर्जित की। वही आपको अवगत करा दें कि 20 एकड़ में बना हुआ है गुरुकुल एटा गुरुकुल में एशिया की सबसे बड़ी यज्ञशाला है यह यज्ञशाला 84 खंभों पर बनी हुई है और यहां पर 108 यज्ञ कुंड जिनमें एक साथ हवन यज्ञ होता है इस के खंभों पर यजुर्वेद के श्लोक लिखे हुए हैं 1948 में आजादी के बाद स्वामी ब्रह्मानंद दंडी ने आर्ष गुरुकुल एटा की स्थापना की थी। वही गुरुकुल के अलावा एटा जनपद में शोक की लहर छाई हुई है वही आचार्य देवराज शास्त्री के अंतिम दर्शन के लिए जगह जगह से लोगों का आना जाना लगा हुआ है वही आचार्य देवराज शास्त्री के सुपुत्र समाजसेवी मेधा व्रत शास्त्री को सांत्वना देने के लिए जगह जगह से समाजसेवी एवं राजनीति लोग पहुंच रहे हैं।

फास्ट ट्रैक

# बढ़ती गर्मी व तपिश से लोगों को को मिली राहत

**दैनिक पहल टुडे ब्यूरो चीफ नफीस अहमद हरदोई।।**

बिलग्राम। बढ़ती गर्मी व तपिश से लोगों को शनिवार को राहत मिली। पिछले दिनों से बिलग्राम व आसपास क्षेत्र के लोग उमस गर्मी से बेहाल थे। सुबह से लेकर दोपहर तक लोग 44 डिग्री तापमान से को लेकर लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ा था एक तरफ भीषण गर्मी तो दूसरी ओर बिजली में भारी कटौती को लेकर लोग गर्मी से बेहाल थे। अचानक देर रात मौसम में तब्दीली आई और शनिवार को जमकर बारिश हुई बारिश के बाद लोगों को राहत मिली। सुबह से आसमान हल्के बादलों ने डेरा डाल लिया, साथ ही दिन भर रुक रुककर धूप देखने को मिल रही थी लेकिन, उमस भरी गर्मी आमजन के पसीने छुड़ाती रही। शाम होते ही तेज हवा के साथ झमाझम बारिश होना शुरू हो गई, जिसके बाद उमस भरी गर्मी से बेहाल हो रहे लोगों को राहत मिल गई। मौसम सुहाना हो गया और लोग घरों के बाहर गली-मोहल्लों की सड़कों पर व घरों की बालकोनी पर मौसम का आनंद लेते दिखाई देने लगे। वहीं देर शाम तक आसमान पर बादल छाए रहे, इस वजह से रात को फिर एक बार बारिश होने की उम्मीद जताई जा रही है। तापमान में हो रहा उतार-चढ़ाव से शनिवार को नगर का अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस रहा। बारिश से मौसम हुआ सुहावना, गर्मी से मिली राहत।।

# चोरी का खुलासा करते हुए बैटरी सहित तीन चोर गिरफ्तार



जलेसर। कोतवाली पुलिस ने वार रूम मे 2 दिन पूर्व हुई चोरी का खुलासा करते हुए बैटरी सहित तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार करके जेल भेजा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह एवं क्षेत्रधिकारी इरफान नासिर खान के निर्देशन में एवं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक गजराज सिंह के नेतृत्व में चोरों की गिरफ्तारी का अभियान चलाया जा रहा है जिस में आज उपनिरीक्षक जे0पी0 अशोक कांस्टेबल ओमवीर सिंह, देवेंद्र सिंह, योगेश कुमार ने 2 दिन पूर्व तहसील परिसर में बने वार रूम से अज्ञात चोर ताला तोड़कर एक बैटरी व इन्वर्टर चुरा कर ले गए थे वार अधिवक्ताओं ने कोतवाली में अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी जिस पर पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए चोरी का खुलासा करते हुए मुस्ताक पुत्र मकबूल निवासी अवागढ़, चंद्रमोहन पुत्र हरि नंदन निवासी निधौली बस स्टैंड चौराहा कस्बा व थाना जलेसर, राजकुमार पुत्र धर्मेंद्र निवासी मोहल्ला ठगेलान कस्बा व थाना जलेसर को जलेसर-आगरा तिराहे से बैटरी सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

## छः जुआरियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

पहल टुडे



जलेसर। कोतवाली पुलिस ने जुआ खेल रहे छः जुआरियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह व क्षेत्राधिकारी इरफान नासिर खान के निर्देशन में एवं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक गजराज सिंह के नेतृत्व में जुआरियों एवं सटोरियों की गिरफ्तारी का अभियान चलाया जा रहा है उस पर उपनिरीक्षक जे0पी0 अशोक का0 देवेंद्र कुमार, ओमवीर सिंह, अंकित कुमार, अंकित चौधरी, मोहित कुमार, ने सागर ताल मोहल्ला इस्लामनगर पर जुआ खेल रहे 6 जुआरी अब्दुल मलिक, मुख्तियार, वकील, आमिर जावेद, अख्तर, निवासीगण मोहल्ला इस्लामनगर कस्बा व थाना जलेसर को गिरफ्तार किया जुआरियों से 3125/ रुपए एवं ताश की गड्डी बरामद की सभी जुआरियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

# जन शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी- जिलाधिकारी शामली

पहल टुडे / सलीम फारूकी




**शामली** प्रदेश सरकार के महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन आज जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में तहसील कैराना के सभागार में आयोजित किया गया।आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने फरियादियों की शिकायतों को सुनते हुए शिकायतों का गुणवत्ता परक निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन के स्पष्ट निर्देश है कि फरियादियों की शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर समय से करना सुनिश्चित करें।संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने दो टूक कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।संपूर्ण समाधान दिवस में आज फरियादियों द्वारा जिलाधिकारी के समक्ष 40 शिकायतें पत्र निस्तारण हेतु रखे गए प्राप्त शिकायती पत्रों में से मात्र 04 शिकायतों का निस्तारण मौके पर कर दिया गया।और शेष शिकायतों का शासन की मंशा के अनुसार समय से निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गये।आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक द्वारा पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश पुलिस विभाग के अधिकारियों को दिए।संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर एसडीएम कैराना शिव प्रकाश यादव,मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संजय अग्रवाल, तहसीलदार कैराना प्रियंका जायसवाल,प्रभागीय वनाधिकारी डॉ विनय कुमार सिंह सहित जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा तहसील शामली में मुख्य विकास अधिकारी,शंभूनाथ तिवारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी के समक्ष 45 शिकायती पत्र निस्तारण हेतु रखे गए।प्राप्त शिकायतों में 05 का निस्तारण मौके पर किया गया।शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु मुख्य विकास अधिकारी ने प्राथमिकता के आधार पर करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर एसडीएम शामली विशु राजा सहित समस्त संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।इसके अलावा तहसील ऊन में संपूर्ण समाधान दिवस अपर जिलाधिकारी संतोष कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी के समक्ष 39 शिकायतें प्राप्त हुई प्राप्त शिकायतों में से मौके पर 05 शिकायत का निस्तारण किया गया।

# पुलिस ने शांति भंग मे तीन अभियुक्तों को जेल भेजा



पहल टुडे / पवन वार्ष्णेय

जलेसर। सकरौली पुलिस ने शांति भंग करने पर तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह व क्षेत्राधिकारी इरफान नासिर खान के निर्देशन में एवं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार के नेतृत्व में वांछित व वारंटीओ की गिरफ्तारी का अभियान चलाया जा रहा है जिसमें उप निरीक्षक इब्राहिम का0कुलदीप, का0 सुनील कुमार ने जितेन्द्र पुत्र ज्योति प्रसाद निवासी ग्राम जरानी खुर्द थाना सकरौली व जितेन्द्र पुत्र सियाराम निवासी ग्राम जलूखेडा थाना सकरौली कुवेंद्र पुत्र घनेंद्र निवासी ग्राम भोजपुर थाना सकरौली को शांति भंग करने पर तीनो अभियुक्तों को गिरफ्तार करके जेल भेजा है।

# एक सटोरिये को गिरफ्तार कर जेल भेजा



पहल टुडे / पवन वार्ष्णेय

जलेसर। कोतवाली पुलिस ने नगर मे चल रहे सटटे को रोकने के लिए एक सटोरिये को गिरफ्तार कर जेल भेजा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय सिंह कुशवाह एवं क्षेत्राधिकारी इरफान नासिर खान के निर्देशन में व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक गजराज सिंह के नेतृत्व में सट्टोरिया एवं जुआरियो की गिरफ्तारी का अभियान चलाया जा रहा है इसी कड़ी में कोतवाली पुलिस के उप निरीक्षक जे0पी0 अशोक कांस्टेबल देवेंद्र सिंह कांस्टेबल ओमवीर सिंह ने नगर के गौतम नर्सिंग होम के पास गली में सट्टा लिखते हुए हिरदेश कुमार पुत्र श्रीपाल सिंह निवासी मोहल्ला शेर गंज थाना जलेसर को गिरफ्तार कर तलाशी लेने पर उसके पास से 530/ रुपए एक डायरी, पेन,सटटा पर्ची सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

# थाना कैराना पुलिस द्वारा ग्राम बराला में हुई कुर्बान की हत्या का 24 घण्टे में सफल खुलासा, 01 हत्याभियुक्त गिरफ्तार एवं कब्जे से आलाकत्ल बरामद

पहल टुडे / सलीम फारूकी

**शामली** थाना कैराना क्षेत्रान्तर्गत वादी श्री मुस्तकीम पुत्र श्री शौकत निवासी ग्राम बराला थाना कैराना जनपद शामली द्वारा थाना कैराना पर तहरीर दाखिल की गई कि मेरे सबसे छोटे भाई कुर्बान के साथ छोटे भाई सूफियान द्वारा पैसे के लेन-देन को लेकर अभियुक्त सुफियान ने जान से मारने की नियत से धारदार हथियार से कुर्बान पर हमला किया जिससे कुर्बान की मौके पर मौत हो गई । तहरीर के आधार पर थाना कैराना पर मु0अ0सं0 369/22 धारा 302 भादवि में अभियोग पंजीकृत किया गया था ।



इसी क्रम मे आज दिनांक 16.07.2022 को थाना कैराना पुलिस द्वारा घटना का सफल अनावरण करते हुए कुर्बान की हत्या करने वाले 01 हत्याभियुक्त को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है ।गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कैराना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।

*पूछताछ का विवरणः- पूछताछ में अभियुक्त सुफियान पुत्र शौकत नि0 ग्राम बराला थाना कैराना जिला शामली से पूछताछ की गयी तो अभि0 सुफियान द्वारा बताया गया कि मैने अपने भाई कुरबान को सिल्ला नि0 कण्डेला से कुछ महीने पूर्व 11,000/- रुपये उधार दिलवाये थे सिल्ला मुझसे बार बार तकादा कर रहा था मैने अपने भाई कुरबान को कई बार कहा कि उसके पैसे दे दे किन्तु वह नही दे रहा था सिल्ला इसके बदले मेरी मो0सा0 ले गया इससे मुझे अपमानित महसूस हुआ दिनांक 15/7/2022 को समय करीब रात के 11 बजे 11000/- रुपये की उधारी ने देने पर मेरी अपने भाई कुरबान से बहस हो गयी कुरबान ज्यादा बोलने लगा मुझे गुस्सा आ गया मैने घर से छुरा लाकर कुरबान के पेट में छुरा घोपकर अपने सगे भाई कुरबान र/ड शौकत ग्राम बराला उम्र 33 वर्ष की हत्या कर दी थी तथा जिस लोहे के छुरे से हत्या की वह मैने अपने कमरे मे रखे सन्दूक में छिपा कर रखा था जिसे मैंने बरामद करा दिया है साहब ड़र की वजह से मैं घर से भाग गया तथा इखों के रास्ते जाकर अपने गाँव के कोका की ईंख के खेत में छिप गया जो बराला से कसेरवा रोड़ पर है वहाँ पर जाकर लेट गया तथा पुलिस ने मुझे पकड़ लिया ।

# दो वारंटियो को गिरफ्तार कर जेल भेजा

पहल टुडे / पवन वार्ष्णेय

जलेसर। कोतवाली पुलिस ने न्यायालय से चल रहे वारंट पर दो वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक धनजंय सिंह कुशवाह एवं क्षेत्राधिकारी इरफान नासिर खान के निर्देशन व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक गजराज सिंह के नेतृत्व मे वाछिंत व वारटियो की गिरफ्तारी का अभियान चलाया जा रहा है इस कढी मे उपनिरीक्षक रामजीलाल का0हितेश कुमार ने दो वारंटियों शिवकुमार व विष्णु पुत्रगण शेरपाल निवासीगण ग्राम लोधीपुर थाना जलेसर को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

# अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता मे समाधान दिवस का आयोजन

पहल टुडे / पवन वार्ष्णेय



जलेसर। शनिवार को शासन द्वारा निर्गत निदेशों के अनुपालन में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें अपर जिलाधिकारी सुनील कुमार ने जनसमस्यायें सुनी। शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में एडीएम सुनील कुमार ने कहा कि शासन की मंशानुसार जनशिकायतों का संपूर्ण समाधान दिवस में निस्तारण सुनिश्चित कराया गया। उन्होने कहा कि जनता द्वारा संपूर्ण समाधान दिवस में प्रस्तुत शिकायतों का समयबद्ध तरीके से पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारण किया जाए। सभी विभागीय अधिकारी संवेदनशील बनें, हर हाल में शिकायतों का निस्तारण किया जाए। सभी विभागीय अधिकारी अपने कार्यालय में समय से उपस्थित रहकर जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनें। कहा कि फरियादियों को बार-बार चक्कर न काटने पडे.। इसका पूरा ध्यान रखा जाए। इस दौरान कुल 22 प्रार्थना पत्र आए। जिसमें एक शिकायत का मौके पर ही निस्तारण किया गया। अन्य शिकायतों को एक सप्ताह के अंदर निस्तारण करने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को भेजा गया। इस दौरान एसडीएम अलंकार अग्निहोत्री, क्षेत्राधिकारी इरफान नासिर खान, तहसीलदार अजीत कुमार, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जलेसर गजराज सिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सकरौली विनोद कुमार सिंह एवं सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# कस्तूरवा गांधी आवासीय बालिका विद्यालस पिवारी में शनिवार को मीना मंच का किया गया आयोजन

पहल टुडे / रिपोर्टर अमित कुमार गुप्ता

मारहरा। विकास खण्ड मारहरा के कस्तूरवा गांधी आवासीय बालिका विद्यालस पिवारी में शनिवार को मीना मंच का आयोजन किया गया। विद्यालय की शिक्षिका ने छात्राओं को मीना मंच के बारे में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई। वहीं मीना मंच का गठन, उद्देश्य आदि पर विस्तृत रूप से चर्चा की।



कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय पिवारी मारहरा की शिक्षिका दीपिका ने छात्राओं को मीना मंच की जानकारी देते हुए बताया कि मीना मंच विद्यालयों में बालिकाओं के लिए एक ऐसा मंच है जो उन्हे अपनी बात को खुलकर कहने के लिए अवसर देता है। यह बालिकाओं की कोशिस को जोडने, नियमित विद्यालय आने और लिंग आधारित भेदभावके प्रति सजग रहने के लिए प्रोत्साहित करता है। वहीं बच्चों को मीना मंच पर आधारित कविताओं के माध्यम से छात्राओं को शिक्षा के प्रति प्ररित करते हुए मनोरंजन कराया। इस अवसर पर विद्यालय की वार्डेन श्रीमती नीरज यादव, शिक्षिकाऐं दीपिका, पूजा राजौरिया, शशिकला, एवं दिशा राजपूत मौजूद रहीं।

**अब नही हुई बरसात तो पिछड जायेगी धान की फसल किसानों को सताने लगा है अब धान की पौध सूखने का डर बरसात में हो चुकी है 1 महीने की देरी**

# बारिश नही होने से धान की रोपाई प्रभावित, किसानों को सता रहा है सूखे का डर

पहल टुडे / रिपोर्टर अमित कुमार गुप्ता

मिरहची। जनपद में बारिश न होने से किसान धान की रोपाई नही कर पा रहे है। किसानों ने धान की पौध तैयार कर ली है। किसान धान की रोपाई में पहले से ही 25 दिन पिछड़ गये है। धन की फसल की रोपाई 25 जून से शुरू हो जाती है। बरसात का महीना आ चुका है, लेकिन अभी तक क्षेत्र में बरसात नहीं हुई। एक माह की बारिश देरी ने किसानों के माथे पर बल डाल दिया है। किसानों की धान की नर्सरी सूखने की कगार पर जा पहुंची है। खेत की जुताई कराने के बावजूद किसान धान की रोपाई के लिए पानी को जूझ रहे हैं। स्थिति यह हो गई है कि किसान अब बाजरे की खेती को मजबूर हैं।वही शनिवार को हुई थोड़ी बारिश ने किसानों के जख्मो पर मरहम तो लगाया




दिया। लेकिन धान की फसल के लिए व सूखा मिटाने के लिए अभी ऐसी कोई बारिशो की जरूरत होगी।मौसम विज्ञान विभाग अनुसार, क्षेत्र में बरसात जून के अन्तिम सप्ताह के दिनों में शुरू हो जानी चाहिऐ थी। इसे बीते लगभग 25 दिन हो चुके है, लेकिन खेतों में वर्षा के जल का नामोनिशान नहीं है। जिसके कारण धान की रोपाई के लिए वर्षा का इंतजार कर रहे किसानों की खेती पिछड़ती जा रही है। वहीं, तेज धूप के कारण खेतों में तैयार धान की नर्सरी भी सूखने की कगार पर जा पहुंची है। सिंचाई के लिए पानी के अभाव में अब किसान सावन माह में बोई जाने वाली बाजरे की खेती की तरफ आकर्षित हो रहे हैं। बाजरे की खेती को लेकर भी किसानों के मन में डर बना हुआ है कि कहीं ज्यादा वर्षा हो गई तो बाजरे की खेती भी डूब जाएगी।

## नहर चलने के बाद भी खेतों में नहीं चढ़ रहा पानी

मिरहची। क्षेत्र के गांव साउसपुर, रतनपुर, रफीपुर, नयाबॉस, अख्तौली, जयरामपुर, बहादरपुर, उदयनगला, सिरसाटिप्पू, झामनगर, बन्थलकुतकपुर व काजीखेडा आदि सहित अन्य कई गांव जो हजारा नहर के किनारे पर बसते है। इन गांवों में हजारा नहर के माध्यम से बड़ी संख्या में खेतों की सिंचाई होती है। हालांकि यह नहर भी किसानों के धान की खेती में ज्यादा सहयोग नहीं कर पा रही है। नहर के पानी के लिए लोगों में होड़ मची है। जिसके कारण ग्रामीण जगह-जगह से उसे बांधकर पहले अपने खेतों में धान की रोपाई करने में लग गए हैं। नहर के अगले हिस्से में पानी का दबाव कम हो गया है। इससे खेतों में नहर का पानी भी पर्याप्त मात्रा में नहीं चढ़ रहा है।


## अच्छी बारिश ना होने से नहीं हो पाई रोपाई

मिरहची। जुलाई का तीसरा सप्ताह चल रहा है और अब तक खेतों में धान की रोपाई हो जानी चाहिए थी, लेकिन ऐसा एटा के जिलों में ऐसा नहीं हो सका। किसान अभी तक अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं ताकि वह अपने खेतों में धान की रोपाई कर सकें।

# ठेकेदार की दबंगई हरेभरे पेड़ो पर चलाया आरा

## रात में शीशम सेमर यूकेलिप्टिस चोरी से काटने का आरोप

पहल टुडे



लहरपुर सीतापुर जहाँ एक तरफ सरकार प्रतिबंधित पेड़ो को काटने को लेकर समय समय पर कठोर नियम कानून बनाती है तो वही लकडकट्टे अपनी पैतरेबाजी से बाज नही आते है ऐसा ही एक मामला ग्राम पिपरी कंजाशरीफपुर का सामने आया है जहाँ इमरान पुत्र रउफ के यूकेलिप्टिस सेमर और कुछ शीशम के पेड़ लगे थे जिन्हें इमरान ने अपनी जरूरत के अनुसार एक ठेकेदार को यूकेलिप्टिस बेका था जिसमे ठेकेदार के 1000 रुपये देने के बाद यूकेलिप्टिस सहित सभी पेड़ो को रात्रि में ही चोरी से काट लिया जिसके बाद सुबह जब इमरान को इस बात की जानकारी हुई तो वही ठेकेदार से नोकझोक होने लगी बातों बातों में ठेकेदार ने इमरान के ऊपर हाथ छोड़ दिया इमरान का आरोप है कि ठेकेदार ने 1000 रुपये के अलावा कोई पैसा नही दिया है और बिना बताए चोरी छुपा शीशम यूकेलिप्टिस सेमर सभी पेड़ो को काटकर भर ले गए इस बात की जानकारी होने के बाद इमरान के द्वारा थाना तालगांव में प्रार्थना पत्र देकर ठेकेदार के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग की है।

# लाखों की लागत से बने सामुदायिक शौचालय पर जड़ा ताला

पहल टुडे

सकरन (सीतापुर) लाखों की लागत से बने सामुदायिक शौचालयों में लटक रहा ताला

गांवों में लाखों रुपये की लागत से बनाए गए सामुदायिक शौचालयों में ताला लटक रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे लोगों की मुश्किलों को आसान बनाने के लिए भारी भरकम बजट खर्च कर बनाए गए इन शौचालयों का लाभ किसी को नहीं मिल पा रहा है। इन्हें प्रयोग में लाने में सबसे बड़ी बाधा साफ-सफाई को लेकर आ रही है। शौचालयों के रख-रखाव का जिम्मा समूहों को सौंप तो दिया गया लेकिन इसकी सही तरह से मानिटरिंग नहीं हो रही है। गांवों में लाखों रुपये की लागत से बनाए गए सामुदायिक शौचालयों में ताला लटक रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे लोगों की मुश्किलों को आसान बनाने के लिए भारी भरकम बजट खर्च कर बनाए गए इन शौचालयों का लाभ किसी को नहीं मिल पा रहा है। इन्हें प्रयोग में लाने में सबसे बड़ी बाधा साफ-सफाई को लेकर आ रही है।




शौचालयों के रख-रखाव का जिम्मा समूहों को सौंप तो दिया गया, लेकिन इसकी सही तरह से मानिटरिंग नहीं हो रही है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत सभी बिकास खण्ड सकरन के 85 गांवों में सामुदायिक शौचालय बनाए जाने के निर्देश दिए गए। इसमें सभी गांवों में निर्माण पूर्ण हो चुका है, जबकि चालू हालत में 90% शौचालय बंद है। अधिकारियों की ओर से दलील दी जा रही है कि 85 सामुदायिक शौचालयों को समूहों को सौंप दिया गया है, जिनके साफ-सफाई व संचालन की जिम्मेदारी उन्हीं की है। हालांकि ऐसा हो नहीं रहा है। अधिकांश गांवों में बने सामुदायिक शौचालयों में ताला लटक रहा है। इससे आस-पास के लोग इस महत्वपूर्ण योजना से वंचित हैं। समूहों को दिए जा रहे हैं नौ हजार रुपये सामुदायिक शौचालयों के संचालन का जिम्मा समूहों को दिया गया है। इसकी साफ-सफाई को बकायदा नौ हजार रुपये भी दिए जा रहे हैं। बावजूद इसके अधिकांश सामुदायिक शौचालयों में ताले लटक रहे हैं। अधिकांश गांवों में तैयार सामुदायिक शौचालय का ताला आज तक नहीं खुला। तकरीबन तीन चार हजार आबादी को देखते हुए हर ग्राम पंचायत में सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया था।

उम्मीद थी कि बाजार के सामने बने सामुदायिक शौचालय से काफी संख्या में लोगों को लाभ मिलेगा। बाजार आने वाले लोगो को भी काफी दिक्कत होती थी। निर्माण पूर्ण होने के बाद भी इसमें ताला बंद रखना समझ से परे है।

सुरेश (बाजार ग्राहक)

सामुदायिक शौचालयों का निर्माण आमलोगों की सुविधा को देखते हुए कराया गया है। हालांकि इसमें काफी समय से ताला बंद है। यह कब खुलेगा इसकी भी कोई जानकारी नहीं दी जाती। संबंधित अधिकारियों को इस पर विचार की जरूरत है।

फास्ट ट्रैक

# फर्जी जमीन मालिक बन कर बेचने वालों का भंडाफोड़ एक गिरफ्तार आधा दर्जन की तलाश

## फर्जी गैगो ने मां बेटा बनकर पचासों लाख की जमीन बेचा

रुद्रपुर देवरिया एकौना थाना क्षेत्र के ग्राम अनुसा के निवासी राजू सिंह उर्फ गृहराज सिंह की जमीन गोरखपुर के निवासी सतेंद्र सिंह फर्जी राजू सिंह बनकर लगभग 50 लाख की जमीन फर्जी आधार बनाकर तीन लोगों को अलग-अलग लोगो मे वेच दी जिसकी बकायदा रुद्रपुर रजिस्ट्री ऑफिस में रजिस्ट्री की गई है जहां भू स्वामी को मालूम होने पर उन्होंने क्रेता सहित गवाहो के ऊपर एकौना थाने में तहरीर दी जहां पुलिस ने 35/19 धारा 420 467 468 471 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर वाछित अभियुक्त की तलाश में थी जहां आज एकौना पुलिस ने गोरखपुर जनपद के सोनबरसा से फर्जी राजू बने सत्येंद्र सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया मालूम हो कि राजू सिंह उर्फ गृहराज सिंह निवासी अनुसा की पैतृक जमीन अनुषा में थी जो दशकों से लखनऊ में रहते थे जिस पर फर्जी भू माफियाओं की नजर पड़ी थी जहां 2019 में फर्जी गैगो ने राजू व उनकी मां शकुंतला फर्जी बनकर एकौना थाना क्षेत्र के तीन अलग-अलग लोगों मे रजावती देवी वैदा ,ईशरावती व फुलमती ग्राम सरॉवं बुर्जुग को बेच दिया जहां राजू सिंह के तहरीर पर थाना एकौना पुलिस ने उक्त लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया था शासन के निर्देश पर वांछित अभियुक्तों के गिरफ्तारी हेतू चलाए जा रहे अभियान में पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के निर्देश में थाना प्रभारी दीपक कुमार अपने हमराही कांस्टेबल कमलेश यादव बादशाह खान महिला कांस्टेबल निधि तिवारी के साथ चौरी चौरा थाना के सोनबरसा चौराहे से फर्जी वने राजू सिंह सत्येंद्र सिंह पुत्र श्री निवास ग्राम रामूडीहा थाना चोरी चोरा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया अभी फर्जी राजू की मां शकुंतला देवी फरार है बताया जाता है कि जानकारी होने पर क्रेताओं सिविल जज जूनियर डिवीजन देवरिया में रजिस्ट्री खारिज करने की अपील दायर की थी




## कट्टा फायर व जान से मारने में नामजद युवकों में एक को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



रुद्रपुर देवरिया बीते गुरुवार को लक्ष्मीपुर निवासी धीरज सिंह पर हुए जानलेवा हमले में नामजद आरोपियों में एक को राम-लक्षन पुलिस चौकी ने कन्हौलो चौराहे से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जानकारी के अनुसार गुरुवार को लक्ष्मीपुर निवासी धीरज सिंह पुत्र जितेंद्र सिंह खोरमा से दोपहर 2:00 बजे दावत खाकर अपने घर लक्ष्मीपुर आ रहे थे कि पुलिया के पास कुछ युवकों में रोककर कट्टा फायर किया जहां वह भागने पर गिर पड़े तो युवको ने लाठी-डंडे से पिटाई की और फायर झोकते हुए भाग गए जिसकी सूचना उन्होंने रुद्रपुर पुलिस को दी जहां पुलिस ने धीरज सिंह के तहरीर पर अ.स.222/22 धारा 323 307 के तहत मुकदमा दर्ज कर खोज वीन कर रही थी जहा आज मुखबिर की सूचना पर राम लक्षन चौकी इंचार्ज राधेश्याम चौधरी कांस्टेबल वीरेंद्र राय रविंद्र प्रताप राव कन्हौली चौराहे से नामजद युवको मे राज तिवारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया

# कोतवाली लहरपुर पुलिस को मिली बड़ी सफलता

पहल टुडे /कृष्ण मोहन मिश्रा राहुल

सीतापुर लहरपुर कोतवाली पुलिस को मिली बड़ी सफलता। 5 शातिर 17 लाख 97000 रुपये नगद के साथ बंदी। मास्टरमाइंड फरार। प्राप्त जानकारी के अनुसार लखीमपुर खीरी के जुनैद पुत्र अनीस मालिक आफताब ट्रेडर्स मोहल्ला बाजार खीरी ने अपने मुंशी को लहरपुर एचडीएफसी बैंक से 18 लाख रुपए की चेक देकर लहरपुर के व्यापारी इमरान पुत्र मोहम्मद याकूब को ?18 लाख रुपए देने के लिए कहा था, यहीं से दोनों मुंशी अंकित व सचिन ने रुपए हड़पने की योजना बनाई और बैंक से रुपए निकालकर अपने मोबाइल बंद कर वैगनआर से फरार हो गए उसके उपरांत सिधौली पहुंचकर दूसरे के मोबाइल मांग कर मालिक जुनैद को फोन किया कि, उन्हें चार पांच अज्ञात लोगों ने बैंक के बाहर बंधक बनाकर बेहोश करके 18 लाख रुपए छीन लिए हैं और सिधौली मनवा चौराहे के निकट उन्हें फेंक कर फरार हो गए हैं। व्यापारी जुनैद जिसकी पत्नी की तबीयत अत्यंत खराब थी और लखनऊ में इलाज चल रहा था उसने लूट की कहानी पर शक प्रकट करते हुए लहरपुर के व्यापारी इमरान को पुलिस से मिलकर उक्त घटना की प्रथम



सूचना दर्ज कराने को कहा। इमरान ने लहरपुर कोतवाली में धारा 406 के तहत दोनों मुंशी अंकित व सचिन नाम पता अज्ञात के विरुद्ध धोखाधड़ी कर ?1800000 हड़पने की एफ आई आर दर्ज कराई। एफ आई आर दर्ज होते ही कोतवाली प्रभारी राजीव सिंह ने जांच प्रारंभ कर कार्रवाई शुरू की और 24 घंटे के अंदर लूटे गए 1800000 में से 17 लाख 97 हजार बरामद कर 5 अभियुक्तों को बंदी बना लिया। कोतवाली प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि, पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गश्त के दौरान सूचना के आधार पर लहरपुर तंबौर मार्ग पर शारदा नहर पुल के निकट आज शनिवार को रुपयों का बंटवारा करते समय अंकित तिवारी पुत्र मुंशीलाल तिवारी निवासी बूढनपुर थाना रेउसा के पास से ?6,15000 एक चेक बुक एक मोबाइल, सचिन तिवारी पुत्र जन्मेजय तिवारी निवासी मोहम्मदपुर उसिया थाना तंबौर के पास से ?615000 एचडीएफसी बैंक की चेक बुक एक मोबाइल, पुनीत त्रिवेदी राम लखन त्रिवेदी निवासी पट्टी देहली थाना लहरपुर हाल पता केसरी गंज, सुनीत त्रिवेदी पुत्र राम लखन त्रिवेदी निवासी पट्टी दहेली थाना लहरपुर के कब्जे से ?2,75000 एवं दिलखुश तिवारी पुत्र आलोक तिवारी निवासी कोरैया उदयपुर थाना इमलिया सुल्तानपुर के कब्जे से ?17000 बरामद करने में सफलता प्राप्त की। कोतवाली प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि, पुलिस ने एक वैगनआर कार भी बरामद की है। कोतवाली प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि राम लखन त्रिवेदी व उनका लड़का सुनीत व पुनीत इस पूरे खेल के मास्टरमाइंड है और उन्होंने ही 18 लाख रुपए हड़पने की योजना बनाई थी और रामलखन फरार है। कोतवाली प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि धारा 406,420,411के तहत अपराध दर्ज कर कार सहित 17,97000 बरामद कर लिया है।

## बाप बेटे के बंटवारे में बेटे के हाथ पिट गई पुलिस

बिसवां/ सीतापुर सकरन थाना क्षेत्र में बाप बेटे का विवाद सुलझाने के लिये मौके पर पहुंची पुलिस की लात घूसों से जमकर पिटाई की गयी किसी तरह जान बचाकर मौके से भागे सिपाही जानकारी के अनुशार सकरन थाना क्षेत्र के मुर्थना गांव निवासी रामू व उसके पिता हरी शंकर का शनिवार की सुबह आपसी बंटवारे को लेकर विवाद होने लगा जिसको लेकर हरि शंकर ने डायल 112 पर काल करके पुलिस को सूचना दी सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची सकरन थाने की पीआरवी के आरक्षी जीतू रामू को गालियां देने लगा जब रामू ने गालियां देने से मना किया तो आरक्षी जीतू ने रामू पर हाथ चला दिया जिससे गुस्साये रामू ने आरक्षी की लात घूसों से जमकर पिटाई कर दी सिपाही को पिटता देख पीआरवी चालक गाडी लेकर वहां से भाग निकला उधर सिपाही जीतू ने भी किसी तरह से भाग कर अपनी जान बचायी उसके बाद सिपाही द्वारा थाने को सूचना दी गयी सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस फोर्स रामू को पकड कर थाने ले आयी हैं

मामले को लेकर जब एसओ मनीष सिंह से बात की गयी तो उन्होने कहा कि मारपीट नही हुयी है रामू विवाद सुलझाने गये सिपाही से उलझ गया था जिसे थाने ले आया गया हैं

# संपूर्ण समाधान दिवस में कुल आये 29 प्रार्थना पत्र में मात्र 4 का निस्तारण



### पुलिस व राजस्व टीम सामंजस्य स्थापित कर पड़े प्रार्थना पत्र का करें निस्तारण ए डी एम प्रशासन

पहल टुडे

रुद्रपुर देवरिया रूद्रपुर तहसील सभागार मे समाधान दिवस का आयोजन ए डी एम प्रशासन कुँवर पंकज की अध्यक्षता में किया गया जहा कुल 29 शिकायतें प्रार्थना पत्र पड़े जिसमें राजस्व के चार प्रार्थना पत्र का निस्तारण हुआ

एडीएम प्रशासन और पंकज ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाना है जहां पड़े प्रार्थना पत्रों को पुलिस व राजस्व टीम मिलकर समयवद्ध समय में निस्तारण करावे इस में लापरवाही बरतने वाले संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाएगी

भाजपा नेता रमेश गुप्ता ने रुद्रपुर के प्राइवेट स्कूलों द्वारा छुट्टी की फीस जबरन छात्रों से वसूलने की शिकायत की

समाधान दिवस पर राजस्व के 19 पुलिस के छः विकास के दो अन्य दो प्रार्थना पत्र पड़े जिसमें राजस्व के चार प्रार्थना पत्र का निस्तारण हुआ

समाधान दिवस में एस डी एम रुद्रपुर संजीव उपाध्याय क्षेत्राधिकारी जिलाजीत सिंह नायब तहसीलदार हिमांशु सिंह रुद्रपुर टाउन इंचार्ज जितेंद्र बहादुर सिंह मदनपुर थाना अध्यक्ष वी वी राजभर एकौना व गौरी बाजार के थानाध्यक्ष सहित संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे

# ताले बंदी के विरोध में एसडीएम व्यापारियों ने एसडीएम का घेराव किया

दैनिक पहल टुडे (अनिल तोमर)

बुलंदशहर। उद्योग व्यापार मंडल के तत्वधान एवम राजेंद्र अग्रवाल के नेतृत्व में जरगवां गांव रजत मेडिकल स्टोर पर एसडीएम द्वारा गैरकानूनी तरहा से ताले बंदी के विरोध में एसडीएम कार्यालय का घेराव किया। जिसमें अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल एसडीएम से कहा की जो तालाबंदी हुई है वह एकदम गैरकानूनी है। हम सब कानून के दायरे में बने हुए हैं कानून ऐसा नहीं है यदि बिल ना मिलने पर ताला डाल दिया जाए कुछ फुटकर व्यापारियों के बिल थोक विक्रेता तब तक नहीं देते जब तक उनका पूरा पेमेंट ना हो जाता। उन्होंने बताया कि 1 दिन पहले हमने औषधि निरीक्षक



दीपा लाल के कार्यालय जाकर यह जानकारी ली किस कानून के तहत आपने दुकान में तालाबंदी की है। तब उन्होंने कहा कि मेरी तरफ से कोई तालाबंदी नहीं है हमने जो बिल मांगे थे जो दुकानदार समय नहीं दे पाया था उसने बिल पहुंचा दिए हैं। उप जिलाधिकारी डिबाई ने सारी बात सुनते हुए औषधि निरीक्षक को फोन लगाया और बिल मिलने की बात पूछ कर थाना अध्यक्ष को दुकान की चाबी देने के निर्देश दिए। सभी व्यापारियों ने रामघाट थाना जाकर चाबी ली और दुकान खोलकर सभी का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में कर्ण वीर सिंह सिरोही, जरगवां से विकास अग्रवाल, बेलोन से सौरभ, नरौरा से संजय उपाध्याय, राजघाट से तन्नू गुप्ता अपनी टीम के साथ पहुंचे।

## स्कूली बच्चों को ड्रेस व अन्य सामग्री के लिए राशि दी जाएगी

बुलंदशहर। परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को डीबीटी की राशि देने के लिए विभाग कार्य कर रहा है। स्कूली बच्चों को ड्रेस, स्वेटर, जूते-मौजे और बेग व स्टेशनरी की राशि के लिए 1100-1100 रुपये दिए जाने हैं। विभाग ने 2.53 लाख बच्चों में से 1.62 लाख का सत्यापन पूरा कर लिया है। बीएसए बीके शर्मा ने बताया कि बीईओ के पास अभी 90 हजार बच्चों का डाटा है, इसी माह उसका भी सत्यापन विभाग को मिल जाएगा। उन्होंने बताया कि डाटा को सीधे प्रेरणा एप पर अपलोड किया जा रहा है। बच्चों के अभिभावकों के खातों में यह राशि अगस्त माह तक आ जाएगी।

# स्क्रैप कारोबारी की हत्यारोपियों की गिरफ्तारी को पुलिस की 4 टीम गठित, तीन को लिया हिरासत में

दैनिक पहल टुडे

बुलंदशहर। कोतवाली खुर्जा नगर क्षेत्र के मोहल्ला शेखपैन में शुक्रवार की सुबह मस्जिद में घुसकर एक वृद्ध की दो बुर्का धारी बदमाशों ने गोलियां बरसाकर हत्या कर दी थी। इस मामले में पुलिस की चार टीमें आरोपियों को गिरफ्तार करने में लगी है। वहीं पुलिस ने 3 लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। स्क्रैप कारोबारी की हत्या को रंजिश के चलते अंजाम देने की बात कही जा रही है। मस्जिद के अंदर हत्या की वारदात से पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों में हड़कंप



मच गया था। तमाम अधिकारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए थे। मृतक के बेटे ने छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने 3 लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस के अनुसार मोहल्ला शेखपैन निवासी इदरीश (65वर्ष) पुत्र अब्दुल गफूर का मोहल्ले के कुछ लोगों से रंगदारी को लेकर विवाद चल रहा है। इसको लेकर मृतक इदरीश ने उक्त लोगों के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज करा रखा है।

# कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने के लेकर जिलाधिकारी ने गंगा घाट का निरीक्षण किय

दैनिक पहल टुडे

बुलंदशहर। कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराये जाने एवं गंगा घाट से जल भरकर ले जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए घाटों पर की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह एवं एसएसपी श्लोक कुमार ने अधिकारियों के साथ बवस्टरगंज एवं मस्तराम गंगा घाट अनूपशहर का स्थलीय निरीक्षण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने ईओ को निर्देशित किया कि गंगा में बढ़ते जल स्तर के दृष्टिगत सुरक्षा के लिए बैरिकेटिंग/रस्सी डालने, गहरे पानी मे संकेतक, साफ सफाई, पेयजल, शौचालय, चेंजिंग रूम को चारों ओर एवं ऊपर से कवर्ड कराते हुए बनवाये जायें। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के दृष्टिगत सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाने



के साथ ही अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिए। दोनों अधिकारियों ने इस अवसर पर कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए माँ गंगा की पूजा अर्चना करते हुए आशीर्वाद भी लिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में सभी मन्दिरों में कावड़ चढ़ाने के लिए भक्तगण आते हैं और पूरी सुरक्षा व्यवस्था बनी रहे एवं भगवान की कृपा सभी पर बनी रहे एवं उनकी यात्रा मंगलमय सम्पन्न हो। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ0 प्रशान्त कुमार, एसपी देहात, एसडीएम, सीओ, ईओ एवं सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## राजू भैया ने वेलकेयर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का उद्घाटन किया

# सरकार ने मंहगाई और बेरोजगारी की समस्या को कम करके दिखाया - राजू भैया

दैनिक पहल टुडे (अनिल तोमर)

बुलन्दशहर। राजवीर सिंह राजू भैया सांसद एटा ने मोहन कुटी मामन रोड पर स्थित वेलकेयर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजवीर सिंह राजू भैया सांसद एटा, विशिष्ट अतिथि-देवदत्त शर्मा पूर्व आयुक्त (आईएएस) रहे। उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व एमएलसी सतीश शर्मा ने की एवं संचालन कोऑपरेटिव के चेयरमैन ठाकुर गिरिराज सिंह ने किया। संसदीय कार्यवाही से कुछ शब्दों को हमेशा के लिए बैन करने पर बोले सांसद और पूर्व सीएम कल्याण सिंह के बेटे राजू भैय्या ने कहा कि कुछ शब्द संसदीय मयार्दा के खिलाफ थे। इसलिए उनको हटा दिया गया। शब्दकोष में बोलने और






कटाक्ष करने के और भी बहुत से शब्द हैं। राजू भैया शहर में बने एक अस्पताल के उद्घाटन में आए थे। उन्होंने कहा कि एलोपैथी तभी काम करती है जब डॉक्टर की सिंपैथी मरीज के साथ हो। राजू भैया ने कहा कि मंहगाई चरम पर है यह कहना सही नहीं है, लेकिन कुछ चीजों पर महंगाई जरूर बढ़ी है। यह मैं स्वीकार करता हूँ, सरकार ने मंहगाई और बेरोजगारी की समस्या को कम करके दिखाया है। इस अवसर पर राजू भैया के साथ भाजपा के कई नेता मौजूद थे और बुलंदशहर में काफी समय रहे आईएएस देवदत्त शर्मा मौजूद रहे। वहीं कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मनवीर जी भाई साहब, गोपाल दत्त शर्मा, पीतांबर शर्मा, डिबाई विधायक सीपी सिंह, जिला महामंत्री अजय त्यागी, जिला मीडिया प्रभारी संजय माहेश्वरी, ब्लॉक प्रमुख आदेश चैधरी, इंद्रमोहन लोधी, उदय शर्मा, अंकित शर्मा, मुकुट लाल गुप्ता, राजपाल लोधी, प्रयाग मोहन लोधी, महेश लोधी, जीतू ठाकुर आदि रहे।

## किसान का बेटा बना प्रोफेसर

पहल टुडे



सेमरियावां/संतकबीरनगर। हौसले बुलंद हो तो हर मंजिल मिलना आसान हो जाता है कुछ ऐसा ही कर दिखाया है सेमरियावां ब्लाक के ग्राम इनायतपुर के एक किसान का बेटा जो अपने कड़ी मेहनत व लगन से प्रोफेसर बनकर अपने माता पिता का मान बढाया है। ग्राम इनायतपुर के विपिन कुमार चैधरी पुत्र विरेंद्र नाथ चैधरी ने वर्ष 2008 की हाईस्कूल परीक्षा मे प्रथम स्थान वर्ष 2010 मे इंटर की परीक्षा में प्रथम स्थान हासिल कर स्नातक (बागवानी) करने के लिए केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय इम्फाल मणिपुर से वर्ष 2016 में प्रथम स्थान प्राप्त करने के उपरांत बीएड जीव विज्ञान की पढ़ाई के लिए इन्होंने के०एस साकेत पीजी कालेज अयोध्या चले गए जहां से वर्ष 2021 में प्रथम स्थान उत्तीर्ण की। यूपीएचईएससी द्वारा आयोजित वर्ष 2021 में असिस्टेंट प्रोफेसर (कृषि वनस्पति) की परीक्षा में प्रथम स्थान पाकर अब ये 20 अप्रैल 2022 से अपना योगदान नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय बड़हलगंज गोरखपुर मे असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर है। उन्होंने इस कामयाबी का श्रेय अपने माता पिता तथा शिक्षको को देते हुए कहा कि लक्ष्य को पाने के लिए कड़ी मेहनत और लगन की आवश्यकता होती है।

## राह देखते रहे फरियादी नहीं आई डीएम

**तहसील दिवस में डीएम के आने की पूर्व सूचना पर पहुंचे थे फरियादी**

**उपजिलाधिकारी धनघटा ने किया तहसील दिवस की अध्यक्षता**

पहल टुडे



धनघटा/संतकबीरनगर। शासन की मंशा के अनुरूप फरियादियों को त्वरित न्याय दिलाने के उद्देश्य से आयोजित तहसील दिवस के मौके पर जिलाधिकारी के आने की पूर्व सूचना के दौरान शनिवार को तहसील परिसर में भारी संख्या में पुरुष तथा महिला फरियादी डीएम के इंतजार में पलकें बिछाए रहे लेकिन जैसे-जैसे घड़ी की सुईयां बढ़ती गई वैसे-वैसे उनके आशा पर वज्रपात होता गया और अंततः जिलाधिकारी के न आने पर जहां अधिकारियों ने राहत की सांस लिया वहीं फरियादियों में निराशा के भाव देखे गए। बताते चलें कि शासन की मंशा के अनुरूप महीने के पहले और तीसरे शनिवार को धनघटा तहसील में तहसील दिवस का आयोजन किया जाता है जिसके पीछे शासन की मंशा रहती है कि फरियादियों को न्याय मिल सके इसी क्रम में शनिवार को तहसील दिवस में जिलाधिकारी के आने की पूर्व सूचना लोगों में पहुंच गई थी जिसको लेकर तमाम फरियादी जिला अधिकारी से मिलकर अपनी फरियाद करने की योजना बनाकर सुबह से ही तहसील परिसर में डेरा डाल दिए हुए थे 10रू00 बजे ही उपजिलाधिकारी के साथ अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचकर जिलाधिकारी के आने का इंतजार करने लगे वही भारी संख्या में पुरुष और महिला भी जिलाधिकारी के आने की राह देखने लगी हालांकि तय कार्यक्रम के अनुरूप उपजिलाधिकारी धनघटा रविंद्र कुमार ने तहसील दिवस की अध्यक्षता करते हुए कार्रवाई शुरू कर दिया लेकिन अधिकतर फरियादी जिलाधिकारी के आने की राह देखते रहे जैसे-जैसे समय बीता वैसे-वैसे उनके चेहरे पर जिला अधिकारी के आने न आने के असमंजस के भाव साफ दिखाई देने लगे 2रू00 बजे तक फरियादियों ने जिलाधिकारी के आने की उम्मीद बनाए रखी लेकिन जैसे ही 2रू00 बजे और तहसील दिवस के समापन की घोषणा कर दी गई फरियादी निराश होकर अपने घर वापस चले गए तहसील दिवस में आए फरियादी रामबरन सुमित्रा देवी संतलाल रामफेर यादव जगरूप सिंह गुलाब आदि लोगों ने बताया कि बड़े ही आशा के साथ जिलाधिकारी से फरियाद करने की उम्मीद से सुबह ही घर से चले थे लेकिन जिलाधिकारी के न आने से निराशा हाथ लगी है वहीं कुछ फरियादियों का कहना है कि तहसील प्रशासन का रवैया बेहद ही निराशाजनक है पिछले कई बार में जो भी शिकायती पत्र तहसील प्रशासन को सौंपा गया था हल्का लेखपाल झूठी रिपोर्ट लगाकर मामले को रफा-दफा कर दिए कुल मिलाकर जिलाधिकारी के आने से एक बार फिर धनघटा तहसील दिवस के लिए बेमतलब साबित हुआ

### उनत्तीस मामले में मात्र दो का हुआ निस्तारण

धनघटा/संतकबीरनगर। जिलाधिकारी के आने की सूचना पर भारी संख्या में फरियादी मौके पर मौजूद हो गए लेकिन तमाम फरियादी जिलाधिकारी के न आने से तहसील दिवस में पहुंचकर भी शिकायती पत्र नहीं सौंपा इस दौरान उपजिलाधिकारी धनघटा ने मौके पर तहसील दिवस की अध्यक्षता करते हुए लोगों की फरियाद सुनी जिसमें कुल 29 मामले आए इस बार भी तहसील दिवस में आने वाले मामलों में राजस्व विभाग नंबर एक पर रहा जो यह सिद्ध करता है कि तहसील में आने वाले मामले में हल्का लेखपाल केवल झूठी रिपोर्ट लगाकर मामले को समापन करने का काम करते हैं

फास्ट ट्रैक

## खेत से घर जा रही युवती को बाइक ने मारी टक्कर,युवती हुई घायल



दैनिक पहल टुडे ब्यूरो चीफ नफीस अहमद हरदोई।।

बेंहदर हरदोई:- खेत से घर जा रही एक युवती के सामने से तेज रफ्तार में बाइक चालक ने टक्कर मार दी। जिससे युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने घायल युवती को आनन फानन में इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया। जहां से युवती को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। तथा बाइक चालक मौके से फरार हो गया। कासिमपुर थाना क्षेत्र के सिरौली गांव के निवासी राजा द्विवेदी पुत्र राजकुमार द्विवेदी ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि शुक्रवार की शाम को करीब पांच बजे मेरी पुत्री दीपा अपने खेत से घर जा रही थी। तभी रास्ते में भालूपुर रघुवर निवासी अज्ञात ने सामने से लापरवाही पूर्वक तेज रफ्तार में दीपा के टक्कर मार दी। घटना की सूचना मिलने पर घटनास्थल पर पहुंचे परिजनों ने आनन फानन में घायल युवती को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया। जहां से चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। युवती के पिता राजा द्विवेदी ने बताया कि बाइक चालक के विरुद्ध थाने में तहरीर दी है।

## अवैध रूप से रिफिलिंग को लाया गया 1440 लीटर अल्कोहल, 01 लीटर केरोमल तथा भारी मात्रा में रैपर व ढक्कन बरामद, मौके से दो शराब तस्कर गिरफ्तार

एटा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय सिंह कुशवाहा के निकट पर्यवेक्षण में अवैध शराब की बरामदगी व शराब माफियाओं की धर-पकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना अलीगंज पुलिस तथा जनपदीय स्वाट व आबकारी टीम द्वारा दो शराब तस्करों को गिरफ्तार कर मौके से 1440 लीटर अल्कोहल, एक लीटर केरोमल, 4920 रैपर गुड इवनिंग तथा 03 हजार ढक्कन मार्क वेव डिस्टलरी अलीगढ एवं नगदी बरामद करने में सफलता प्राप्त की गयी है। घटना दिनांक 15.07.2022 को थाना अलीगंज पुलिस तथा जनपदीय स्वाट टीम व आबकारी टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर संयुक्त कार्यवाही में थाना अलीगंज क्षेत्रांतर्गत कस्बा अलीगंज में मदन लाल बिल्डिंग मेटेरियल की दुकान में अवैध रूप से लाए गए अल्कोहल का भंडाफोड़ कर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। मौके से 40-40 लीटर की प्लास्टिक की 36 केनों में भरा 1440 लीटर अल्कोहल, एक लीटर केरोमल, 4920 रैपर गुड इवनिंग तथा 03 हजार ढक्कन मार्क वेव डिस्टलरी अलीगढ एवं जामातलाशी में 3030 रुपए बरामद किये गये है। इस प्रकार इस अवैध धन्धे में संलिप्त अभियुक्तगण अपने व्यक्तिगत लाभ के लिये अवैध रूप से शराब तैयार कर उ0प्र0 राज्य में बेचने हेतु अधिक शराब बनाकर एवं उस पर रैपर, होलोग्राम तथा ढक्कन लगाकर उ0प्र0 सरकार के राजस्व को नुकसान पहुँचा रहे हैं। इस संबंध में अभियुक्तों के विरुद्ध थाना अलीगंज पर मुअसं- 212/2022 धारा 420, 467, 468, 471 भादवि व 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है, साथ ही प्रकाश में आए अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु सार्थक प्रयास किये जा रहे हैं।

## थाना कांधला पुलिस द्वारा कांधला क्षेत्रान्तर्गत हुई अंकित की हत्या का किया खुलासा, 02 अभियुक्त गिरफ्तार

पहल टुडे / साजिद खान



दिनांक 14.07.2022 को थाना कांधला क्षेत्रान्तर्गत वादी श्री दिनेश पुत्र महेन्द्र निवासी ग्राम भनेडा थाना कांधला जनपद शामली द्वारा अपने छोटे भाई अंकित के साथ गांव के ही अर्जुन, पंकज, विनीत द्वारा लाठी-डन्डों से पीट-पीट कर जान से मार देने के संबंध में थाना कांधला पर लिखित तहरीर दी गई । तहरीर के आधार पर थाना कांधला पर मु0अ0सं0 282/22 धारा 302,506 भादवि में अभियोंग पंजीकृत किया गया था । अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा प्रभारी निरीक्षक कांधला को निर्देशित किया गया था ।

जिसके क्रम में आज दिनांक 16.07.2022 को थाना कांधला पुलिस द्वारा 02 हत्यारोपियो को आलाकत्ल के साथ गिरफ्तार करने मे महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है । गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध मे थाना कांधला पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है । गिरफ्तार अभियुक्तों का एक साथी विनित पुत्र अजीत निवासी ग्राम भनेडा थाना कांधला जनपद शामली फरार है जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे है ।पूछताछ का विवरणः- गिरफ्तार अभियुक्त पंकज पुत्र चन्दवीर नि0 ग्राम भनेडा थाना कांधला जनपद शामली द्वारा पूछताछ पर बताया कि दिनांक 11.07. 2022 को मैं व गांव के अर्जुन उर्फ बुलबुल पुत्र योगेन्द व मृतक अंकित पुत्र महेन्द की टयूवैल पर पार्टी कर रहे थे । पार्टी के दौरान हमारी अंकित के साथ मारपीट हुई थी । अंकित ने मारपीट की बात गाँव में कई लोगो से कही थी ।जिससे हम लोग अपनी बेईज्जती महसूस कर रहे थे ।दिनांक 13.7.22 को मृतक अंकित के साथ हमारे गांव का आदेश उर्फ भोरपडा पुत्र जीत सिंह उर्फ जीता जो अंकित के खेतों पर काम करता है । मैंने व अर्जुन उर्फ बुलबुल ने आदेश उर्फ भोरपड़ा के मोबाइल से अंकित के मोबाइल पर फोन करवाया था और अंकित को शराब पिलाने के बहाने आदेश से बुलवाया था ।अंकित ने फोन से बताया था कि मै कांधला की तरफ हूँ अभी आता हूँ ।समय करीब 9.30 बजे रात अंकित अपने बडे भाई दिनेश व प्रवीण के साथ मो0साड से ग्राम कनियान से अपने गांव भनेडा की तरफ आ रहे थे । अंकित को देखकर मैंने व अर्जुन उर्फ बुलबुल ने रोक लिया । तभी मैंने अपने हाथ में लिये हुये डन्डे से अंकित को मारा जो मो०सा० से नीचे गिर गया था तथा अर्जुन उर्फ बुलबुल ने भी अपने हाथ में लिये हये डन्डे से अंकित को मारने लगे तभी अंकित वहाँ से उठकर ग्राम कनियान की तरफ भागने लगा ।कुछ दूरी पर जाकर आगे से बायी तरफ ग्राम कनियान के संजीव उर्फ अस्सी के खेत में गिर पडा था । वहाँ जाकर मैंने व पंकज पुत्र चन्द्रवीर ने अंकित की पीट-पीट कर हत्या कर दी थी ।

## किसान अपने फसल का बीमा अवश्य करायें-जिला कृषि अधिकारी

संतकबीरनगर। जिला कृषि अधिकारी पी.सी. विश्वकर्मा ने किसानो को अवगत कराया कि वर्तमान मौसम के विपरीत परिस्थितियों में अपने फसल का बीमा कराया जाना आवश्यक है। उन्होने कहा कि गैर ऋणी किसान जिनका के.सी.सी. नहीं है,वह अपनी फसल का बीमा करा सकते हैं। इसके लिए अपने नजदीकी सहज जन सेवा केंद्र पर अपने बैंक पासबुक,खतौनी,आधार कार्ड,स्व प्रमाणित बुआई प्रमाण पत्र के साथ संपर्क करें और अपनी फसल का बीमा कराएं। उन्होंने बताया कि जनपद में खरीफ की धान,मक्का,अरहर अधिसूचित फसल है। धान फसल के एक एकड़ के लिए रुपया 478.42 की प्रीमियम निर्धारित है। ग्राम पंचायत स्तर पर फसल की असफल बुआई,फसल बुवाई से लेकर कटाई के 15 दिन तक फसल की प्रतिकूल मौसम के कारण क्षति अथवा फसल कटाई प्रयोग में उपज निर्धारित औसत से कम आती है,तो फसल की क्षतिपूर्ति,फसल बीमा योजना से बीमित किसान के खाते में भेजी जाएगी।

## नौनिहालों के जीवन के साथ कभी भी घट सकती है बड़ी घटना

**कम्पोजिट विधालय के बच्चों के साथ हो रहा है खिलवाड़ जिम्मेदार बने हैं मौन**

पहल टुडे



बेलहर/संतकबीरनगर। बेलहर बिकास खण्ड अन्तर्गत एक तरफ जहां सरकार प्राथमिक शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए नित नए प्रयास कर रही है वही जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते प्राथमिक विद्यालय काम्पोजिट विधालय लंगड़ा बार के बच्चों की के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है पूरा मामला जनपद के बेलहर शिक्षा खंड क्षेत्र के लंगड़ा बार ग्राम पंचायत का है जहां प्राथमिक विद्यालय को जाने वाली मुख्य मार्ग पर ही बिजली विभाग के जिम्मेदारों द्वारा विद्युत सप्लाई लगाए गए हैं हाईटेंशन तार व ट्रांसफार्मर के नीचे से बच्चे एवं अध्यापक प्रतिदिन विद्यालय आने जाने को मजबूर है लेकिन काम्पोजिट विद्यालय ग्राम पंचायत लंगड़ा बार एक बार भी प्रशासन द्वारा कभी भी ध्यान नहीं दिया गया कि कहीं अगर कोई बच्चा ट्रांसफार्मर की चपेट में आ जाए तो उस दुर्घटना का जिम्मेदार कौन होगा जबकि कुछ दिनों पूर्व सोशल ऑडिट के दौरान जिला विकास अधिकारी द्वारा विद्यालय का निरीक्षण भी किया गया था जिसकी शिकायत ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सन्तोष कुमार सिंह एवं प्रा आ पावन कुमार द्वारा किया गया उसके बाद भी विद्यालय के मुख्य मार्ग से विद्युत ट्रांसफार्मर को नहीं हटाया गया जो कभी भी अप्रिय घटना को दावत दे सकता है। इस सम्बन्ध में जिला बिधालय निरीक्षक अतुल कुमार शुक्ला से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि इस संबंध में अभी तक मुझे जानकारी नहीं थी मामला गंभीर है तुरंत जांच करके ट्रांसफर एवं खम्भे का हटवाने का कार्य किया जाएगा

## खुली बैठक का हुआ दी गई जानकारिया

पहल टुडे



बेलहर/संन्तकबीरनगर। बेलहर ब्लॉक में चल रहे मनरेगा से कराये गए ब्लॉक क्षेत्र में बुधवार को पांच ग्राम पंचायतों में योजनाओं के तहत जमीनी हकीकत जानने के लिए सोशल ऑडिट टीम के सदस्यों ने ग्राम पंचायतों में कराये गए कार्यों का सत्यापन डोर टू डोर किया गया कराये गए विकास कार्यो का सत्यापन हर पहलू से जांच किया गया बैठक में मौजूद लोगो की समस्याए सुनी गई एवं निदान करने हेतु भी जानकारिया दी। ग्राम पंचायत के पवरिहा,पडिया,परासी गनवारिया, पजराभीरी पकरी आरजी में स्थित वित्तीय वर्ष 2019-20एवं 2021-22 में कराए गए कार्यों की धरातलिय स्तर से 14-7-2022वा 15-7-2022 को ग्राम पंचायतों में जाकर निरीक्षण किया गया । एवं 16-7-2022को पंचायत भवन प्रथामिक बिधालय के प्रंगाण में खुली बैठक का आयोजन किया गया जिसमें कराये गए कार्यों को वहां मौजूद ग्रामीणों को पढ़कर अवगत कराया गया जांच में नाली,खण्डजा,इंटर लॉकिंग, फार्म रोड़ निर्माण, पीएम आवास, पशुसेड सहित मनरेगा से सम्वन्धित कार्यो का सत्यापन किया गया। बैठक में मनरेगा मजदूरों ने मनरेगा मजदूरी और बढ़ाने की माँग की। अधिकतर आवास पूर्ण पाये गये। अधूरे आवासों को जल्द से जल्द पूर्ण कराने व नाम पट्टिका साफ-सफाई,शौचालयों का शत प्रतिशत उपयोग पर बल दिया गया। इस अवसर पर कोडिनेटार एवं बीसैक,शैल कुमारी खलील अहमद,अमृत बाला,ग्राम प्रधान फुलचंद यादव, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजिंदर यादव, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि तारिक अहमद,ग्राम प्रधान रामेश्वर,ग्राम प्रधान प्रतिनिधि फिरोज अहमद रोजगार सेवक सुनील कुमार राय,सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## इलेक्ट्रिक झूला बनाकर चांदनी ने पेश किया अनोखा पहल- ई. नील कमल मिश्र

संतकबीरनगर। विकास खण्ड खलीलाबाद क्षेत्र अन्तर्गत धनश्यामपुर मगहर स्थित जे.एम. एकेडमी मे शनिवार को कक्षा आठ की एक छात्रा ने इलेक्ट्रिक झूला बनाया। उक्त अवसर पर एकेडमी के प्रबंधक ई. नील कमल मिश्र ने कहा कि विद्यालय की कक्षा आठवीं की छात्रा चांदनी मौर्या ने इलेक्ट्रिक झूला तैयार करके एक अनोखा पहल छात्र-छात्राओं में पेश किया है।उन्होने कहा कि झूला बनाने से अन्य छात्र-छात्राओं मे भी जागरुकता देखी गयी। श्री मिश्र ने कहा कि इस तकनीकी युग मे छात्राओं को इस तरह की तैयारियों जरुर करना चाहिए

## तहसील दिवस में आने वालें लोगो के साथ करें बेहतर व्यवहार-एडीएम

**मेंहदावल तहसील परिसर में एडीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुआ तहसील दिवस**

पहल टुडे



मेंहदावल/संतकबीरनगर। तहसील दिवस में आने वालें मामलों के निस्तारण को लेकर जिम्मेदार गंभीर हों। जिस विभाग से संबंधित मामला हो वह विभाग मामलें का समय से निस्तारण करें। लापरवाह लोगो के विरुद्ध कार्यवाई की जायेगी। तहसील दिवस में आने वाले फरियादियों के साथ बेहतर व्यवहार का परिचय दें। उक्त बातें मेंहदावल तहसील परिसर में आयोजित तहसील दिवस की अध्यक्षता करते हुए एडीएम मनोज कुमार सिंह ने कही। उन्होने कहा कि तहसील दिवस में आने वाले फरियादियों के साथ बेहतर व्यवहार होना चाहिए। उनकी समस्या को सुने और उसके निस्तारण के लिए प्रभावी कदम उठावें। यह हम सभी की जिम्मेदारी हैं कि शासन की नीति व निदेशों का पालन ईमानदारी के साथ करते हुए लोगो को सुलभ न्याय उपलब्ध कराने की दिशा में संकल्पित हों। तहसील दिवस में कुल 25 मामलें आये जिसमें पांच का निस्तारण किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह,एसडीएम योगेश्वर सिंह,पुलिस क्षेत्राधिकारी अम्ब्रीश भदौरिया,रेंजर सूर्यभान यादव,खंड विकास अधिकारी अमरेश सिंह चैहान,एडीओ पंचायत दीप श्रीवास्तव,अवर अभियंता विद्युत शनि प्रताप,मनोज श्रीवास्तव,अधीक्षक सीएचसी डा.आर.डी.गौरव समेत अन्य मौजूद रहें।

## दबंगों द्वारा अवैध कब्जे की शिकायत को लेकर दलित महिलाओं ने किया प्रदर्शन

**सुनवाई नहीं हुई तो चक्का जाम करने की दिया चेतावनी**

पहल टुडे



धनघटा/संतकबीरनगर। धनघटा तहसील के अंतर्गत अम्मा देई गांव के लगभग 2 दर्जन से अधिक दलित महिलाओं ने तहसील परिसर में गांव के एक दबंग व्यक्ति पर अवैध कब्जे की शिकायत का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी किया आक्रोशित महिलाओं का कहना था कि गांव के कुछ दबंग दलित आबादी और खलिहान की जमीन पर जबरन कब्जा कर लिया है जिसके चलते काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है महिलाओं ने प्रशासन और राजस्व कर्मी पर गंभीर आरोप लगाते हुए आंदोलन की चेतावनी दिया बताते चलें कि शनिवार को धनघटा तहसील में आयोजित तहसील दिवस के मौके पर उक्त गांव निवासी दर्जनों दलित महिलाओं ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की प्रदर्शन कर रही महिलाओं का कहना था कि हमारे राजस्व गांव में गाटा संख्या 471 रकबा 0.0 58 हेक्टेयर हरिजन खलिहान की भूमि है वह गाटा संख्या 445६ 0.013 हेक्टेयर व 363६ 595੪0.0 हेक्टेयर हरीजन खाद गड्ढा है जिस पर प्रार्थी के पूर्वज उपयोग करते थे विपक्षी गण विनोद यादव पुत्र रामपति यादव शिव कुमार पुत्र राम सरन बीरबल महेश पुत्र कैलाश दिनेश पुत्र रमाकांत राकेश पुत्र अज्ञात जो दबंग किस्म के व्यक्ति हैं विपक्षी गढ़ अपने दबंगई के बल पर खलिहान व खाद गड्ढा की भूमि पर अवैध अतिक्रमण किए हैं ग्रामीणों का कहना था कि जिस पर उपजिलाधिकारी धनघटा शिकायत पर कार्रवाई की मांग किया गया और मौके पर पहुंचे हल्का लेखपाल विपक्षी के दबाव में आकर गलत पैमाइश कर दिए प्रार्थी गण यह मांग करता है कि अवैध कब्जे को हटाया जाए अन्यथा वृहद आंदोलन किया जाएगा।

## केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का मिल रहा सभी को लाभ-विश्वनाथ

## महिलाओं को दिया गया दो-दो सिलाई मशीन व किट

**महिलाओं को बनाया जा रहा आत्म निर्भर-महेन्द्र कुमार**

पहल टुडे




संतकबीरनगर। जिला मुख्यालय स्थित विकास भवन सभागार में शनिवार को टेलरिंग शाम योजना अन्तर्गत चेयनित अनुसूचित जाति की 22 महिलाओं को दो-दो सिलाई मशीन व टूल किट सहित 20 हजार रुपये का सामान उपाध्यक्ष, उ0प्र0 अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लि. विश्वनाथ के कर कमलो द्वारा दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन मे कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार विभिन्न प्रकार की लाभार्थीपरक योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं स्वावलम्बी बनाने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है तथा सरकार की इसी मंशा के साथ महिलाओं को सिलाई मशीन एवं अन्य सहायक उपकरण का वितरण किया गया है। उन्होंने महिलाओं को इसका उपयोग करने तथा अपने हुनर के अनुसार इससे पैसा कमाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी अतुल मिश्र नें गरीब परिवारों के उत्थान के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही लाभार्थीपरक योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि जो भी महिलाएं सिलाई मशीन मुफ्त में प्राप्त कर रही हैं, वे अपने घर पर ही कपड़े कि कटिंग एवं सिलाई आदि के साथ-साथ बुटीक सेंटर के रूप में अपग्रेड करते हुये बेहतर इनकम कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को आत्म निर्भर बनाना विकासगत योजनाओं की प्राथमिकता मे शामिल है। समाज कल्याण अधिकारी महेन्द्र कुमार ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि सहित सभी आगंतुकों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुये कहा कि सिलाई मशीन वितरण कार्यक्रम मे आकर आप सभी लोगो ने योजनाओं के बारें मे विस्तृत जानकारी दी,इसकी जितनी सराहना की जाय वह कम है। उन्होने कहा कि शासन के मंशा के अनुरुप विभाग द्वारा सभी योजनाओं का शत प्रतिशत पालन कराया जा रहा है तथा लाभार्थियों को उसका लाभ मिल रहा है। उन्होने कहा कि सभी योजनाओं को जन-जन तक पहुचाने का दायित्व जो सबको मिला है उस पर सभी लोग ईमानदारी पूर्वक कार्य करें,जिससे समाज के दबे कुचले लोगो को भी रोजगार का अवसर मिले। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि आनन्द त्रिपाठी,जिला महामंत्री भाजपा तारा राय,जिला मंत्री विमला सिंह,सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# श्रावण मास में कांवड़ियों की सुरक्षा के मद्देनजर प्रशासन ने सिकंदराराऊ के पंत चौराहे से 4 दिन के लिए रूट किया डायवर्ट

पहल टुडे


सिकंदराराऊ  श्रावण मास में कांवडियों के आवागमन को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा के मद्देनजर प्रशासन द्वारा शुक्रवार से सोमवार की शाम तक यातायात रूट डायवर्ट रखने का निर्णय लिया है ।इस दौरान सिकंदराराऊ और कासगंज के बीच भारी एवं मध्यम वाहनों का आवागमन पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा।

पुलिस की विज्ञप्ति के मुताबिक श्रावण मास प्रारम्भ होते ही कांवरियों का गंगा घाटों पर आवागमन शुरू हो जाता है। जिस कारण बरेली-कासगंज-मथुरा मार्ग पर कांवरियों व भक्तजनों की लाखों की संख्या में भीड होने के कारण कांवरियों व आमजनमानस की सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए श्रावण मास में पडने वाले प्रत्येक शुक्रवार सायः 05.00 बजे से सोमवार सायः 04.00 बजे तक सिकंदराराऊ पंत चैराहे से जनपद कासगंज की तरफ को आवागमन करने वाले भारी व मध्यम वाहनों तथा ट्रक, ट्रोला, डीसीएम, केन्टर आदि वाहनों का आवागमन पूर्णतया बन्द रहेगा तथा हाथरस शहर से सिकंदराराऊ एवं कासगंज व एटा की तरफ आवागमन करने वाले सभी भारी व मध्यम तथा ट्रक, ट्रोला, डीसीएम केन्टर आदि वाहन नगलाभुस बाईपास तिराहा से हतीसा पुल ओवरब्रिज मथुरा रोड से वाया सासनी से कैलोरा चैराहे से जलेसर रोड से आवागमन करेंगें। अलीगढ की तरफ से आने वाले आगरा मथुरा की तरफ जाने वाले सभी प्रकार के वाहन रुहेरी तिराहा बाईपास होते हुए अपने गन्तव्य को जायेगें।

# सटोरिये हुए हाईटेक - व्हाटएप के माध्यम से हो रही है सट्टेबाजी

पहल टुडे

हाथरस।कहते हैं कि दुनिया बहुत रंगीन है और यह बात सच भी है कि दुनिया सच में बहुत रंगीन है।परन्तु इस सतरंगी दुनिया में ग्रहण लगाने वाले राक्षस भी बहुत हैं, जो अपनी कार्यशैली से दुनिया को सबके सामने बदनाम करते हैं।जी हाँ हम बात कर रहे हैं ऐसे खेल की जिसमें सिर्फ और सिर्फ हमेशा माफियाओं को ही फायदा होता है और बाकी सब देखते ही रह जाते हैं। यह ऐसा खेल है जिसको खेलने के लिए दिन-भर मजदूरी करने वाला भी अपनी पूरी की पूरी दिहाड़ी को भी दांव पर लगा देता है।चाहे भले ही घर पर परिवार को भूखा रहना पड़े।जी हां हम बात कर रहे हैं सट्टे के अवैध खेल की, जो पूरी तरह से लालच का नाम है और उसी लालच में जनता फस भी जाती है।सट्टे के खब्बाल कहते हैं कि इस खेल में 1 रुपए के 80 रुपये मिलते हैं। बस इसी के लालच में जनता फस रही है और सट्टे के खब्बाल मौज मार रहे हैं। इस खेल में 1 से 100 तक के नंबर होते हैं।जिनमें से कोई एक नंबर सट्टे में खुलता है।अब जब पूरे 100 नंबर मौजूद हैं, तो कैसे सट्टा लगाने वाले




युवक को आसानी से 1 रुपये के 80 रुपये मिल जाएंगे ? इसी कारण लालच में जनता डूब रही है और बर्बाद हो रही है। सट्टे के खेल के अड्डा खातीखाना, गणेश गंज और भूरापीर चौराहा गौशाला रोड आदि जगहों पर फैले हुए है कई और भी क्षेत्र सट्टे के खेल के लिए प्रसिद्ध हैं, जो पुलिस की नजरों से जाने कैसे बच रहे हैं यह कह पाना मुश्किल है ?

**खब्बाल की पकड़ शायद बहुत ऊपर तक**

अब बात देवी वाली बगीची के सामने गली में सट्टे का अवैध धंधा करने वाले खब्बाल की करें तो यह कहना गलत नही होगा कि इस खब्बाल की पकड़ शायद बहुत ऊपर तक है।क्योंकि यह खब्बाल कुछ हफ्ते पहले ही पुलिस ने खाईबाड़ी करते हुए पकड़ा था, लेकिन जमानत मिलने के तुरंत बाद ही वह फिर से और अधिक सक्रिय होकर अपनी सट्टे की खाईबाड़ी कर रहा है और पुलिस शायद अब उसके अवैध धंधे से अंजान है।

सट्टे के खब्बाल की अब दुबारा से धमाकेदार वापसी लगभग 5 साल पहले सट्टे की दुनिया से दूर चले जाने वाला सट्टे का खब्बाल अब दुबारा से धमाकेदार वापसी कर चुका है।मेंडू गेट पुलिस चौकी क्षेत्र में आने वाले भूरापीर चौराहे के पास लालडिग्गी मोड़ पर एक छोटे से कमरे में बैठकर एक खब्बाल लोगों के सट्टे के नंबर लिखता है, जिसके लिए उसे पहले उस काम की महीना दारी मिलती थी। लेकिन आज वही महीनादारी पर नंबर लिखने वाला सट्टे का खब्बाल अब खुद 10% कमीशन पर सट्टे की खाईबाड़ी कर रहा है।परंतु पुलिस अब इस खब्बाल से अनजान है या नही, यह तो कह पाना अभी मुश्किल है।

**व्हाट्सअप के माध्यम से खुलेआम सट्टा**

मैंडू गेट पुलिस चौकी के क्षेत्र में ही खब्बाल गणेश गंज में व्हाट्सअप के माध्यम से खुलेआम अपने सट्टे की खाई बाड़ी को फड़ चलाकर पुलिस की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह खड़े कर रहा है। शायद उक्त खब्बाल की पकड़ बहुत ऊपर तक के अधिकारियों और नेताओं से है। इसी कारण इसका अवैध सट्टे का धंधा बंद नहीं होता है।

**कुछ स्थानों पर तो चार बार खुलता है सट्टे का नम्बर**

एक तरफ तो पुलिस कहती है कि माफियाओं पर कानूनी शिकंजा कसा जाएगा, जबकि दूसरी तरफ अवैध धंधे बढ़ते ही जा रहे हैं।1 से 100 तक के अंको का लगने वाला सट्टा पहले तो केवल सुबह ही नंबर खुलता था, लेकिन अब तो एक नंबर रात को भी खुलता है। लोग कहते हैं कि रात्रि को लगभग 11:00 बजे खुलने वाला सट्टे का नाम गली है और सुबह 5:00 बजे खुलने वाले सट्टे का नाम दिसावर है।अब इससे तो यही समझ आता है कि दिन-प्रतिदिन सट्टा माफिया अपने कारोबार को बढ़ाने में लगे हुए हैं।अगर ऐसा नहीं होता तो जो सट्टा चल रहा था, वह भी बंद हो जाता।लेकिन अब तो एक के दो हो गए हैं

फास्ट ट्रैक

## सुबह 4:00 बजे बदमाशों ने युवक को गोली मारकर की हत्या

**हापुड़** एडिशनल एसपी सर्वेश कुमार मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया सुबह 4:00 बजे के करीब थाना कपूरपुर के ग्राम छज्जूपुर में तीन अज्ञात बदमाशों द्वारा सचिन निवासी ग्राम छज्जूपुर को अपने घेर से घर की तरफ आते समय गोली मार दी गई परिजनों द्वारा उन्हें तत्काल देवनन्दनी अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों द्वारा उन्हें मृत घोषित कर दिया गया पुलिस ने मृतक का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। परिवार के लोगों की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया

## उत्तर प्रदेश मे भूमाफियाओ के हौसले बुलंद

मथुरा।फरह ब्लॉक गाँव मुसतफाबाद मे मां चामुंड मंदिर के सामने गौचर जमीन पर भूमाफियाओ ने घेर रखा है तथा इसमे कांग्रेस पाटी के कार्य करता स्व कुंजी लाला अग्रवाल ने इस मुद्दे को उठाया था सन उन्नीस सौ पीचेतहर (1975)वर्ष मे तथा भूमाफियाओ ने छोड देने का बायदा किया उनके गुजर (स्वर्गवासी)जाने के बाद साहब सिंह पुर्व प्रधान मुसतफाबाद से केस दर्ज कराया तथा अभी तक भूमाफियाओ ने जमीन को कब्जे मे



कर रखा है नव प्रधान चिरंजी लाल गोला,ठाकुर रज्जो राजावत पुर्व बीटीसी ने भूमाफियाओ की जानकारी ब्यूरो चीफ ठाकुर धर्म सिह ब्रजवासी को कल शाम छः बजे दी तथा इसी प्रकार के कही मामले देखने को मिले फरह ब्लॉक के सभी गाँव मे सरकारी,गौचर ,श्मशान आदि जमीन भूमाफियाओ ने घेर रखी है तथा पैसे से सभी कार्य चल रहे है उत्तर प्रदेश मे मुख्यमंत्री माननीय आदित्यनाथ योगी जी की सरकार मे लेखपाल, कानिको और भूमाफियाओ के हौसले बुलंद है पता नही गरीब किसान किस किस मुशिकलो से रह रहे है मथुरा हो, आगरा हो या फिरोजाबाद सभी जगह इसी प्रकार के मामले मीडिया की शुरखियो मे है *सच कभी हारता नही ,गलत लोगो को हारा देता है* *पहल टुडे सच का साथ देता है और केवल सच लिखता है

## संदिग्ध परिस्थितियों में मानसिक विक्षिप्त युवक का मिला शव

गुरबक्शगंज रायबरेली।कोतवाली क्षेत्र के ओनई गाँव निवासी एक 24 वर्षीय मानसिक विक्षिप्त युवक का शव शुक्रवार की शायं संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ोस के गाँव के समीप पड़ा पाया गया। खबर लगते ही परिवारजनों में हड़कम्प मच गया।मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ओनई गाँव निवासी राजू कोरी का 24 वर्षीय बेटा सूरज शराब पीने का आदी था।सूरज पिछले कुछ दिनों से मानसिक रूप से विक्षिप्त अवस्था में इधर-उधर घूमा करता था।विगत 15 दिन पूर्व सूरज की माँ ने गुरुबक्शगंज थाने में तहरीर देकर अपने मानसिक विक्षिप्त बेटे पर तीन बकरियों को मार डालने का आरोप लगाया था।शुक्रवार की अपराह्न पड़ोस के गाँव गम्भीपुर के समीप संदिग्ध परिस्थितियों में सूरज का शव पड़ा मिला।

## अलग-अलग गांव के झगड़ा कर रहे चार लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

सिम्भावलीथाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया अलग-अलग गांव के झगड़ा करने वाले चार लोगों को  शान्ति भंग मे अभियुक्तगण 1. भीम पुत्र अमर सिह 2. अंकित पुत्र अमर सिह निवासीगण ग्राम शरीफपुर थाना सिम्भावली  हापुड 3. इन्द्रपाल पुत्र जयपाल सिहँ 4. प्रदीप उर्फ लटूर पुत्र जयपाल निवासी ग्राम फुल्डेहरा थाना सिम्भावली जनपद हापुड गिरफ्तार कर अन्तर्गत धारा 151 सीआरपीसी मे मा0 न्यायालय चालान किया गया ।

# भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक में कार्यक्रम तय

**भाजपा घर-घर लगायेगी तिरंगा:मिष्ठान वितरण व आतिशबाजी भी होगी**

पहल टुडे

हाथरस-। आज भाजपा जिला कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्यसमिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्य वक्ता जिला प्रभारी चौ. देवेन्द्र सिंह उपस्थित थे। बैठक की कार्य योजना प्रस्तावना सदर विधायिका श्रीमती अंजुला सिंह माहौर द्वारा दी गई।. बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष गौरव आर्य तथा संचालन जिला महामंत्री हरीशंकर राना ने किया ।बैठक में राष्ट्रीय कार्य समिति बैठक जो कि तेलंगाना राज्य में हुई थी, उसमें पास हुए प्रमुख प्रस्तावों पर चर्चा हुई। प्रथम प्रस्ताव को जिला उपाध्यक्ष अविनाश तिवारी द्वारा रखा गया तथा दूसरा प्रस्ताव जिला उपाध्यक्ष सुनील गुप्ता द्वारा रखा गया। राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक की मीडिया कवरेज के विषय में जिला मीडिया प्रभारी अनिल सिसोदिया ने बताया।




कार्य समिति की बैठक में प्रस्तावना रखते हुए सदर विधायिका अंजुला सिंह माहौर ने बताया कि प्रत्येक बूथ एवं मंडल पर व्हाट्सअप ग्रुप बनने हैं।मन की बात कार्यक्रम को किसी वरिष्ठ पदाधिकारी के नेतृत्व में बूथ पर सुना जाना है।मोदीजी के 20 साल के शासन पर एक पुस्तक प्रकाशित हुई है।जिस पर जिले के प्रबुद्धजनों और 18 वर्ष से अधिक के विद्यार्थियों एवं युवाओं के बीच में चर्चा करनी है।15 अगस्त को प्रत्येक घर में तिरंगा लगना है।जिसके लिए जिले स्तर, मंडल स्तर और शक्ति केंद्र स्तर पर  दो-दो कार्यकताओं की टीम लगाई जायेगी। 21 जुलाई को राष्ट्रपति चुनाव की मतगणना होगी।इस दिन क्षेत्र के अनुसूचित जाति व जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में मिष्ठान एवं आतिशबाजी की जानी है। 24 जुलाई को सभी सरकारी कार्यालयों एवं पंचायत सचिवालयों पर राष्ट्रपति के चित्र को लगवाना है। राष्ट्रपति बनाने पर जिले से राष्ट्रीय अध्यक्ष को धन्यवाद पत्र अनुसूचित जाति, जनजाति के कार्यकताओं द्वारा भेजे जायेंगे ।बैठक में जिला प्रभारी चौ. देवेन्द्र सिंह ने कहा कि 2 जुलाई से 3 जुलाई को तेलंगाना राज्य के भाग्य नगर में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में तेलंगाना राज्य की वर्तमान स्थिति पर चर्चा हुई। बैठक में यह भी तय हुआ कि जिन लोकसभा और विधानसभाओं में भारतीय जनता पार्टी 2019 और 2022 में चुनाव हारी है, वहां केंद्रीय मंत्रियों को दो से तीन दिन के प्रवास पर लगाया जायेगा। राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक को आयोजित करने के लिए पहली बार पार्टी ने 10,000 बूथों से 100 रुपये का सहयोग तथा एक-एक लाख रुपये की धनराशि 2500 लोगों से ली गई। जिसके कारण एक बहुत बड़ी सभा का सफल आयोजन हुआ।जिसमें लगभग 3 लाख लोगों ने भाग लिया।इसमें सभी राज्यों के भाजपा के मुख्यमंत्री, देश के प्रधानमंत्री, सभी राज्यों की कार्यसमितियों के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया ।बैठक के समापन पर जिलाध्यक्ष गौरव आर्य ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास लेकर चल रही है। आगामी राष्ट्रपति चुनाव में भारतीय जनता पार्टी द्वारा एक वनवासी समाज की महिला को देश के सर्वोच्च पद पर नामित करने से इसके अन्त्योदय के विकास की परिकल्पना को सत्य सिद्ध होता है ।बैठक में जिला पंचायत अध्यश श्रीमती सीमा उपाध्याय, महेंद्र सिंह आचार्य, सत्यपाल सिंह मदनावत, कुसुमा देवी मदनावत, डौली माहौर, प्रीति चौधरी, संतोष पाथौर, प्रेम सिंह कुशवाहा, संतराज सिंह, ब्रजेश सिंह चौहान, पवन रावत, मथुरा प्रसाद गौतम, राजेंद्र सिंह, प्रभात पचौरी, दुर्गेश नंदनी, संध्या आर्य, मोहित बघेल, सुनीता वर्मा, हाफिज सबीर अहमद, भीकम सिंह चौहान, रामवीर सिंह माहौर, शरद माहेश्वरी, शिवदेव दीक्षित, राजेंद्र सिंह धाकरे, नीरज वैश्य, दीपक उपाध्याय, राजपाल सिंह, हम्वीर सिंह, चौ. हम्वीर सिंह, संजय सिंह, कुशलपाल सिंह पौरुष, रामवीर सिंह भैयाजी, सुरेन्द्र सिंह पुंडीर, देवचन्द्र गौड़, प्रमोद सेंगर, मीरा माहेश्वरी, शीलेन्द्र गौड़, रामकुमार माहेश्वरी, रामकुमार वर्मा, नीरेश कुमार सिंह, हरस्वरूप वर्मा आदि उपस्थित थे।

# कृषि विज्ञान केंद्र ने मनाया भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का 94 वां स्थापना दिवस

पहल टुडे

सिकंदराराऊशनिवार को कृषि विज्ञान केंद्र  द्वारा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के 94 वे स्थापना दिवस पर खेती की नई तकनीकी अपनाकर आय दोगुनी करने वाले किसानों को कृषि मंत्री भारत सरकार द्वारा सम्मानित किया गया ।

जिसमें कृषि विज्ञान पर आधारित इस कार्यक्रम का किसानों को सजीव प्रसारण दिखाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि मोहित बघेल जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग उपस्थित रहे।

इस अवसर पर डॉक्टर एके सिंह अध्यक्ष, डॉ एस आर सिंह व डॉक्टर कमल कांत ने अपने अपने विचार व्यक्त किए।

इसमें डीएफआई किसानों ने भी प्रतिभाग किया ।

प्रतिभागी किसानों में गीतम सिंह, बनवारी लाल, राकेश, पुनीत कुमार, सत्यदेव पाठक, रामस्वरूप, पुष्पेंद्र कुमार, सत्येंद्र कुमार , बंटी प्रधान, देशराज, बिंदु प्रधान , कृष्ण गोपाल सिंह आदि ने इस कार्यक्रम का संजीव प्रसारण देखा।

## महिला डॉक्टर पर रिश्वतखोरी का आरोप,दिया ज्ञापन

हाथरस। राष्ट्रीय सर्वण परिषद के नगर अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों ने मरीजों की शिकायत पर महिला जिला चिकित्सालय में तैनात महिला डॉक्टर पर रिश्वतखोरी का आरोप लगाते हुए सीएमएस के नाम शिकायती पत्र लिखकर एसीएमओ को सौपा है ।जिसमें उक्त महिला डॉक्टर को सस्पेंड कराने की मांग की है। आरोप लगाया है कि बागला जिला अस्पताल की डॉ.मंजू रानी को मरीजो से धन उगाही कर रही है। इसलिए राष्ट्रीय सवर्ण परिषद के नगर अध्यक्ष सन्दीप तिवारी का कहना है कि अस्पताल की डॉ.मंजू रानी की रिश्वतखोरी की शिकायत काफी आ रही थी। अचानक दो पीड़ित मरीज महिलाए जिसमें अंजू शर्मा, प्रतिभा शर्मा निवासी महमदपुर ब्राहमण बैलोट ने बताया कि मंजू रानी ने उनसे रिश्वत के 4 हजार एवं 3 हजार रुपए अलग अलग लिये है। जब हमने इनसे बात की तो इन्होने पैसे लौटने की भी बात मान ली परंतु अब ये इन मरीजो के पैसे वापस नही कर रही।

# फैजाबाद बार एसोसिएशन फैजाबाद चुनावी सरगर्मियां बढ़ी

**2 दिनों में 12 पदों के लिए 26 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दाखिल किया**

पहल टुडे / देव बक्श वर्मा अयोध्या

अयोध्या। जनपद में फैजाबाद बार एसोसिएशन जनपद अयोध्या का चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई है। नामांकन प्रक्रिया चल रही है।2 दिनों में 26 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दाखिल किया।

अध्यक्ष पद पर कालिका प्रसाद मिश्र राजेंद्र प्रताप सिंह, राघवेंद्र प्रताप सिंह, अवधेश कुमार त्रिपाठी, इंद्र प्रताप सिंह उर्फ लल्ला सिंह, अशोक कुमार पांडे ने अपना नामांकन दाखिल किया।

उपाध्यक्ष पद पर सुरेंद्र कुमार सिंह, महेंद्र कुमार दुबे, रामकुमार यादव, देवकीनंदन त्रिपाठी, अंजनी कुमार त्रिपाठी व चंद्रभान सिंह ने अपना नामांकन दाखिल किया।



महामंत्री पद पर विपिन कुमार मिश्र, सूर्यनारायण सिंह ने अपना नामांकन दाखिल किया।

संयुक्त मंत्री प्रथम पद पर प्रमोद शंकर पांडे व राजेश कुमार त्रिपाठी ने अपना नामांकन दाखिल किया।

संयुक्त मंत्री रविंद्र कुमार पांडे जय प्रकाश पाल ने अपना नामांकन दाखिल किया।

कोषाध्यक्ष पद पर सुशील कुमार मिश्र व विकास श्रीवास्तव ने अपना नामांकन दाखिल किया।

कार्यकारिणी प्रथम पद पर समा उद्दीन व हरनाथ सिंह ने नामांकन दाखिल किया।कार्यकारिणी द्वितीय पद पर आशीष कुमार त्रिपाठी व राम प्रकाश वर्मा ने अपना नामांकन दाखिल किया।

कार्यकारिणी सी पद पर उपेंद्र मिश्र व बद्री प्रसाद यादव ने अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन प्रक्रिया अट्ठारह जुलाई तक चलेगी ।19जुलाई को जांच होगी।28 जुलाई को मतदान व 29 जुलाई को मतगणना होगी । जिसकी तैयारियां बार एसोसिएशन की तरफ से किया गया है ।

## अवैध चाकू के साथ युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**हापुड़** एडिशनल एसपी सर्वेश कुमार मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना हापुड़ देहात पुलिस ने चेकिंग के दौरान  अभियुक्त लिली उर्फ सारिक पुत्र हनीफ निवासी उल्दन थाना खरखोदा जनपद मेरठ  को किया गिरफ्तार, थाना बहादुरगढ़ प्रभारी निरीक्षक आशीष कुमार ने चेकिंग के दौरान अवैध चाकू के साथ विकास उर्फ जिंदा पुत्र मेहर सिंह निवासी डेहरा रामपुर थाना बहादुरगढ़ जिसके कब्जे से एक एक अवैध चाकू बरामद किया गया जिसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय में पेश किया गया न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया

# मां चामुंडा के मंदिर पर विशाल भंडार आयोजित हुआ

पहल टुडे / ठाकुर  धर्म सिह ब्रजवासी

मथुरा। फरह ब्लॉक के गाँव परखम मे श्री चामुंड माता के मंदिर पर विशाल भंडारे अयोजित हुऐ इसमे चामुण्डा पर भक्त भपपू संत से बात चीत करते हुए संत समाज मे रहने वाले देश भक्त ठाकुर धर्म सिह ब्रजवासी पत्रकार ने सारी जानकारी प्राप्त की। आज शनिवार को चार भंडारे अयोजित हुऐ इसमे दो परखम, एक भाई गाँव, और एक पीपरे गाँव जो राजस्थान मे है सभी भक्तो की कामना को पुरी करती है मां चामुंडा तथा क्षेत्रीय गाँव मे माता रानी मंदिर की मान्यता बहुत है ।यह मंदिर अंग्रेजी हुकूमत से पहले का है बताते है इस मंदिर पर श्री श्री 108 नागा बाबा ने आपना पुरा



जीवन माता के मंदिर पर गुजरा दिया तथा सभी लोगो भलेरा चामुंडा मंदिर पर आते रहते है और मन की मुहिम को पूरा करके जाते है

# नजीबाबाद पुलिस अधीक्षक को प्राथना पत्र देकर इंसाफ की गुहार लगाई

पहल टुडे

थाना क्षेत्र नांगल सोती के अंतर्गत ग्राम रसूलपुर सैद के शाहिद हुसैन पुत्र सैद अली निवासी रसूलपुर सैद बूढ़े कमजोर व्यक्ति जिसकी उम्र 90वर्ष के लग भग बताई जा रही है !जिसमें अच्छा बुरा सोचने में सक्षम नहीं है तथा यादाश्त कमजोर बताई जा रही है !तथा जिसमें सगे भाई मोहित हुसैन वह उसकी पत्नी सूफिया उर्फ छोटी चुशत चालाक किशम की व्यक्ति बताई जा रही है जिसमें मुजीब पुत्र शहीद हुसैन की जमीन को हड़पने के चक्कर में लगी हुई है ! लेकिन प्रार्थी के पिता के नाम पर ग्राम रसूलपुर सैद वें हरेवली में जो कृषी जमीन है !वहीं रसूलपुर सैद के पास आबादी की जमीन स्थित है जिसमें उपरोक्त प्रतिपक्ष प्रार्थी के पिता को बहला-फुसलाकर प्रार्थी के हक को हड़पने की नीयत से बताया जा रहा है लेकिन जब मुजीब को जमीन हड़पने के बारे में पता चला की आबादी के पास वाली जमीन रसूलपुर सैद को बिकवाने की फिराक में है ! मुजीब ने अपने भाई शाहिद हुसैन को समझाने का प्रयास किया तों उपरोक्त ने ए शब्दों का प्रयोग किया और मारपीट करतें हुए वहां से रफूचक्कर हो गया जिसमें मुजीब पुत्र शाहिद हुसैन ने नजीबाबाद पुलिस उपाधीक्षक महोदय को प्रार्थना पत्र देकर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की आखिरकार शाहिद हुसैन कब तक अपने छोटे भाई पर अपना कहर बरसाता रहेगा जिसमें यह भी बताया जा रहा है कि शाहिद हुसैन चतुर चलाक किस्म का व्यक्ति है जो दबंगी के बल पर अपने भाई मुजीब के साथ मारपीट पर उतारू हो जाता है !

## बुलंदशहर जाएगी पंचायत विभाग की टीम

महराजगंजः जिला पंचायती राज विभाग की तरफ अधिकारी, प्रधान सहित 43 लोग बुलंदशहर के ग्राम पंचायत शाहजादपुर कनैनी में विकास कार्यों को देख उसी तर्ज पर जिले की ग्राम पंचायतों को माडल के रूप में विकसित करेंगे।इसके लिए सभी लोग 25 जुलाई को रवाना होंगे। जिला पंचायत राज अधिकारी यावर अब्बास, सहायक जिला पंचायत राज अधिकारी नित्यानंद, जिला सलाहकार एके उपाध्याय, 12 सहायक विकास अधिकारी पंचायत, 12 खंड प्रेरक, सात ग्राम पंचायत अधिकारी, पांच राजगीर मिस्त्री के जाने का कार्यक्रम निर्धारित है।

**पुलिस आरोपियों के पिता को पूर्व में भी चुकी हैं जेल, इस मामले में 3 जने हुए थे नामजद**

# कोल्डड्रिंक पीने के दौरान हुई मौत के मामले में मुख्य हत्यारोपी समेत 2 गिरफ़्तार, अवैध चाकू बरामद

पहल टुडे / फाईज अली सैफी

गाज़ियाबाद। मुरादनगर थानाक्षेत्र के मोहल्ला नूरगंज में 11 जुलाई को कोल्डड्रिंक पीने के दौरान हुई काले उर्फ गुफरान की चाकू से गोदकर मौत के मामले में पुलिस ने मुख्य हत्यारोपी इरशाद पुत्र निसार और इसके भाई फैजान को इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस, मैनुअल इंटेलिजेंट, बयान, तथ्य व साक्ष्य और पूछताछ आदि आधार पर बस अड्डा पड़ाओ तिराहे के पास से गिरफ़्तार किया हैं।पुलिस ने इनके पास से आलाकत्ल एक अवैध चाकू भी बरामद कर लिया हैं ।पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों स्पष्ट हुआ कि ने 11 जुलाई की शाम समय करीब 5 बजे के लगभग अभियुक्त फैजान एक जनरल स्टोर पर गया था जोकि मेहताब नामक व्यक्ति की थी वही फरमान पुत्र उस्मान पहले से कोल्ड ड्रिंक पी रहा था। इसी दौरान इनकी आपस में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई और देखते ही देखते बात इतनी बढ़ गई कि फैजान ने अपने पिता निसार और अपने भाई को वहां बुला लिया। जिसके बाद निसार अपने बेटे इरशाद को लेकर मौके पर पहुंच गया।इरशाद के एक चाकू मौजूद था।इतने में दोनों पक्षों में कहासुनी होते-होते विवाद हो गया। इसी बीच शोर-शराबे की आवाज सुनकर फरमान का भाई काले उर्फ गुफरान और गुफरान का मामा इरशाद भी वहां आ गया।इसी के चलते फैजान ने गुफरान के मामा इरशाद को पकड़ लिया और फिर निसार के बेटे इरशाद ने काले उर्फ गुफरान के सीने में चाकू गोदकर उसे मौत के घाट उतार दिया।एएसपी/सीओ सदर आकाश पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मामले में आरोपियों के पिता निसार को कुछदिन पहले जेल भेजा जा चुका हैं। इसके अलावा उन्होंने बताया कि यह दोनों आरोपी फरार चल रहे थे, जिनकी तलाश की जा रही थी। जिन्हें, पुलिस ने अब जाकर अपनी सक्रियता के चलते गिरफ़्तार किया हैं।पुलिस ने पकड़े गए दोनों आरोपियों के विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्रवाई करते हुए इनको जेल भेज दिया हैं।




## 19 जुलाई को मिलेगा हर हाथ को काम

एटा जिला रोजगार सहायता अधिकारी विपिन यादव ने यह जानकारी देते हुये बताया है कि प्रदेश के युवाओं को रोजगार से जोडकर  आत्मनिर्भर भारत व हर हाथ को काम  अभियान को सफल बनाये जाने हेतु प्रदेश सरकार हर सम्भव प्रयास कर रही है।इसी कडी में जिला सेवायोजन कार्यालय एटा द्वारा दिनांक 19 जुलाई 2022 को प्रातः 10.30 बजे से कार्यालय परिसर में एक वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें देश/प्रदेश की प्रतिष्ठित कम्पनियां लगभग 1000 रिक्त पदों पर 18 से 45 वर्ष तक की आयु के हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, स्नातक, आई0टी0आई0, डिप्लोमा उत्तीर्ण पुरूष एवं महिला अभ्यर्थियों का साक्षात्कार कर उनकी योग्यतानुसार आकर्षक सालाना पैकेज पर अधिक से अधिक युवाओं का रोजगार हेतु चयन करेंगी।

खास समाचार

## राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ की बैठक संपंन

अमांपुर। कस्बा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गुरू पूजन के माध्यम से पुराने स्वयं सेवकों को जोड़ने की तैयारी में है। कस्बा के बैकुण्ठी देवी राष्ट्रीय शिशु सदन में शुक्रवार की देर शाम 8 बजे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की बैठक की बैठक हुई। इसमें 20 जुलाई को होने वाले गुरू पूजन उत्सव को लेकर रूपरेखा तैयार की गई। साथ ही गुरु पूजन उत्सव में सभी वार्डों से अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी पर मंथन किया गया। नगर संघ चालक राकेश पाराशर ने कहा कि स्वयं सेवक हर वार्ड में जाकर हिन्दू परिवारों से संपर्क करेंगे। बैठक में प्रधानाचार्य जागन सिंह सोलंकी, नगर संघ चालक राकेश पाराशर, धीरज गुप्ता, गौरव गुप्ता, विजयप्रकाश गुप्ता, मनोज गुप्ता, डा. शिवांशू अग्रवाल, राहुल जौहारी, रामखिलाड़ी उपाध्याय, श्रीराम सोलंकी, आकाश गुप्ता, अनुज मित्तल, अनंत सोलंकी, मनोज सोलंकी मौजूद रहे।

## एबीवीपी ने दरियावगंज में किया पौधारोपण

कासगंज। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कासगंज की नगर इकाई ने दरियावगंज में पौधारोपण किया। कार्यकताओं ने विद्यालय तथा मंदिर के बाहर व अन्य स्थानों पर पौधे लगाए। इन पौधों की देखभाल करने का भी संकल्प लिया। साथ ही लोगों को पर्यावरण का महत्व बताते हुए उसके संरक्षण पर भी जोर दिया। इस दौरान नगर मंत्री प्रखर वर्मा, अनमोल गुप्ता, उज्जवल ठाकुर, साहिल ठाकुर, कन्हैया गुप्ता, आकाश शर्मा, गोल्डी, सूर्या शर्मा, अंकित यादव, निखिल शर्मा समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मारपीट में वांछित चल रहे आरोपी को पकड़ा

सिढ़पुरा। किशोरी को अगवा कर मारपीट के मामले में वांछित आरोपी को सिढ़पुरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर विनोद कुमार ने बताया कि शनिवार को थाना सिढपुरा पुलिस ने आरोपी इमरान पुत्र शमशाद निवासी इन्द्रानगर को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई की है।

## जिला कार्यकारिणी का किया विस्तार

कासगंज। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के धर्म जागरण समन्वय गतिविधि की जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। जिला कार्यवाह आरएसएस दीपराज ने जिला संयोजक धर्म जागरण समन्वय के अनुमोदन पर प्रांत आशाराम, कार्यालय प्रमुख महेंद्र शर्मा व अन्य पदाधिकारियों की सर्व सम्मति से मध्य सर्वसम्मति से सत्य प्रकाश गुप्ता को जिला सह संयोजक धर्म जागरण समन्वय कासगंज घोषित किया गया। संतोष कुमार बघेल को नगर संयोजक कासगंज, मानपाल वर्मा को खंड संयोजक कासगंज, तनुज कुमार को नगर संयोजक अमांपुर, विमल सोलंकी को खंड संयोजक अमांपुर का नवीन दायित्व सौंपा गया। जिला संयोजक सतीश शर्मा ने संगठन की मजबूती एवं संगठन के विस्तार के लिए सभी को पूरी लगन व मेहनत से कार्य करने के निर्देश दिए।

## डूडा का साक्षात्कार 20 जुलाई को

कासगंज। परियोजना निदेशक डूडा/अपर जिलाधिकारी ए0के0 श्रीवास्तव द्वारा सूचित किया गया है कि जिला नगरीय विकास अभिकरण-डूडा द्वारा संचालित शहरी आजीविका मिशन में स्वरोजगार स्थापित करने हेतु जिन अभ्यर्थियों ने ऋण प्राप्त करने हेतु अपने आवेदन पत्र जमा किये हैं, उनका साक्षात्कार 20 जुलाई 2022 को अपरान्ह 2 बजे, कलेक्टेट सभागार में होगा। अभ्यर्थी अपने समस्त दस्तावेजों के साथ साक्षात्कार में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

## विकास कार्यों की समीक्षा बैठक 18 जुलाई को

कासगंज। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में 18 जुलाई 2022 को पूर्वान्ह 11 बजे से कलेक्टेट सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया जायेगा। समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि सभी अद्यतन सूचनाओं सहित अनिवार्यरूप से बैठक में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

## इंस्टॉलेशन प्रोग्राम का हुआ आयोजन

कासगंज। इनरव्हील क्लब ऑफ कासगंज सिटी का इंस्टॉलेशन प्रोग्राम किया गया जिसमें रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष अनूप गुप्ता जी पूर्व सचिव अनूप सिंघल जी वर्तमान अध्यक्ष प्रदीप शंकर जी एवं वर्तमान सचिव सिद्धार्थ चैधरी जी को मुख्य अतिथि के रूप में सम्मानित किया गया इसी के साथ इंस्टॉलेशन प्रोग्राम के तहत पूर्व अध्यक्ष रिंकी गुप्ता जी ने वर्तमान अध्यक्ष सीमा अग्रवाल जी को कॉलर पहनाया पूर्व सचिव विधु चैधरी जी ने वर्तमान सचिव लवी बिरला को पूर्व कोषाध्यक्ष मयूरी अग्रवाल जी ने वर्तमान कोषाध्यक्ष निधि गुप्ता जी को पिन पहनाकर अपनी जिम्मेदारियों के साथ आगे बढ़ने का अवसर प्रदान किया।



## एम्बुलेंस कर्मियों व आशा ने कराया सुरक्षित प्रसव

कासगंज। जनपद में एम्बुलेंस कर्मियों द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है। एम्बुलेंस कर्मियों व आशा ने कराया सुरक्षित प्रसव। वही कासगंज के प्रोग्राम मैनेजर अभिषेक पांडे जी और जिला प्रभारी विक्रांत आजाद जी ने बताया एम्बुलेंस कर्मियों द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है शनिवार को एमबुलेंस कर्मियों व आशा के सहयोग से एक बार फिर से एम्वुलेंस में एक बच्चे की किलकारी गूंजी। आशा ममता देवी ने बताया कि विकास क्षेत्र पटियाली के गांव बड़ौला गनदेवी को शनिवार को प्रसव पीडा हुयी सूचना पर पहुंची 102 एम्बुलेंस नम्बर न्च 32 म्ळ 0298 द्वारा धन देवी को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पटियाली जा रहा था रास्ते में प्रसव पीड़ा ज्यादा होने से इएमटी राजेश यादव और पायलट विनीत यादव ममता आशा ने अपनी सूझबूझ का परिचय देते हुए गाड़ी साइड मैं खड़ी करके सुरक्षित प्रसव कराया। इसके बाद सीएचसी पटियाली परीक्षण हेतु लाकर भर्ती कराया। डा. रिचा यादव ने बताया कि जच्चा-बच्चा दोनो स्वस्थ्य है।

## शिक्षक का जसूपुरा रजवाह के पास पड़ा मिला शव

### मृतक के पिता ने स्कूल प्रबंधक पर लगाया हत्या का आरोप



कासगंज/अमांपुर। क्षेत्र के निजी विद्यालय के शिक्षक रोहित सोलंकी पुत्र अखिलेश सोलंकी उम्र 28 वर्ष निवासी सरसेंट कृष्णा इंटर कालेज बारानगर में प्राइवेट शिक्षक था। जिसका प्रबंधक पंवन चैहान पुत्र युधिष्ठिर चैहान शिक्षक रोहित सोलंकी को 1 साल से वेतन नही दे रहा था। उसे मानसिक रूप से परेशान भी कर रहा था। शनिवार की सुबह 6 बजे रोहित सोलंकी अपने परिजनों से यह कहकर गया कि स्कूल के प्रबंधक पंवन चैहान ने उसे बुलाया है। काफी देर बाद वह घर नही आया। तो परिवारीजनों को चिंता हुई तो उसका फोन मिलाया फोन स्विच ऑफ आया। परिवारीजनों द्वारा खोजबीन करने पर जसूपुरा गांव स्थित रजबहा के पास शनिवार की सुबह रोहित का शव पड़ा हुआ मिला। मृतक के पिता अखिलेश सोलंकी ने पुलिस को तहरीर देकर स्कूल प्रबंधक पंवन चैहान को बेटे की मौत का जिम्मेदार बताया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर शिक्षक के शव का पंचनामा भरकर पोस्ट मार्टम के लिए भेजा दिया।

# भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के 94 वें स्थापना दिवस पर वृहद गोष्ठी आयोजित

**– जनपद सुल्तानपुर के विभिन्नि विकास खण्डों से कुल 202 प्रगतिशील कृषक/ कृषक महिलाओं ने किया प्रतिभाग।**

पहल टुडे



सुल्तानपुर। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के 94 वें स्थापना दिवस के अवसर पर आज दिनांक 16 जुलाई, 2022 को एक वृहद गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें जनपद सुल्तानपुर के विभिन्नि विकास खण्डों से कुल 202 प्रगतिशील कृषक/ कृषक महिलाओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री, भारत सरकार द्वारा आभासी माध्यम से किया गया। गोष्ठी में उपस्थित कृषक/ कृषक महिलाओं को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद से सम्बन्धित लघु फिल्म दिखाई गई। तत्पश्चात उप महानिदेशक-कृषि, उद्यान, मत्स्य, पशुपालन, कृषि प्रसार आदि ने आभासी माध्यम से कृषक/ कृषक महिलाओं को सम्बोधित किया। इसी क्रम में केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चैधरी द्वारा कृषक/ कृषक महिलाओं को सम्बोधित करते हुए बताया गया कि हमारा देश आत्म निर्भर बने इसके लिए कृषकों को कृषि के साथ-साथ पशुपालन, मत्स्य पालन, सब्जी उत्पादन पर कार्य करना होगा। आज देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है जिसे हमें एक लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ना होगा। साथ में किसानों को एफ.पी.ओ. से जोड़कर अधिक से अधिक लाभ दिलाया जा सकें एवं कृषकों को प्राकृतिक खेती करने पर जागरूक किया जाय। केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री श्री पुरूषोत्तम रूपाला द्वारा कृषक/ कृषक महिलाओं को सम्बोधित करते हुए बताया गया कि मृदा स्वास्थ्य कार्ड का लाभ किसानों को मिला है। किसान गोबर, गोमूत्र से जैविक उत्पाद तैयार कर खेतों में प्रयोग करें, जिससे जीवांश कार्बन बढ़े, इस प्रयोग को अधिक से अधिक किसानों तक पहुँचाया जाय। एकीकृत कृषि प्रणाली को अपनायें जिससे किसानों को अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो सकें। गॉव के नवयुवक एवं नवयुवतियों को कौशल विकास प्रशिक्षण द्वारा स्वरोजगार सृजन एवं स्वव्यवसाय द्वारा परिवार की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने हेतु आवश्यक कदम उठाये जॉय। कृषि में नवाचार द्वारा लागत में कमी, उत्पादन एवं आय में वृद्धि करके कृषकों के जीवन स्तर में सुधार किया जा सकता है। विपरीत जलवायु परिस्थिति में भी अधिक उत्पादन एवं गुणवत्ता पूर्ण उपज के लिए प्रसिद्ध मोटे अनाज की फसलों जैसे- ज्वार, बजारा, सांवां, रागी, काकुन के उत्पादन एवं उनसे सम्बन्धित प्रजातियों के उत्पादन एवं सम्बर्धन पर बल दिया जाय जिससे खाद्य सुरक्षा के साथ पोषण सुरक्षा भी सुरक्षित की जा सके

## एक माह के भीतर सरहंग आरोपियों के विरूद्ध दो बार दर्ज हुआ मुकदमा

**– धन बल व संख्या बल के चलते धमकी देकर फैला रखा है आतंक।**

पहल टुडे

सुल्तानपुर। धन-बल व संख्या बल के सहारे शान्त पड़े गांव में नवोदित सरहंगों द्वारा अपने विरोधियों को जानमाल की धमकियां देकर आतंक पैदा किया जा रहा है। जिसके चलते एक माह में ही कोतवाली नगर में सरहंगों के विरूद्ध दो बार मुकदमा दर्ज हुआ है।

मामला कोतवाली नगर थाना क्षेत्र के ग्राम अमिलिया कलॉ का है। जहां के रहने वाले अंकित राय पुत्र विजय प्रकाश द्वारा बीते 6 जून 2022 को अपने गांव के रहने वाले पंकज राय, विवेक कुमार राय व विनय कुमार राय सुतगण जयकरन राय, आलोक कुमार राय व अभिषेक कुमार राय सुतगण राजेन्द्र राय पर गालियां व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए कोतवाली नगर में भादवि की धारा 504, 506, 34 के तहत मुकदमा दर्ज कराया हैं। उसी गांव की महिला कान्ती राय ने 28 जून 2022 को पंकज राय, विवेक राय, विनय राय सुतगण जयकरन राय एवं इन्द्र प्रकाश राय, वेद प्रकाश राय सुतगण राम नायक राय पर जानमाल की धमकी देकर जमीन कब्जा करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली नगर में धारा 447, 504, 506, 34 भादवि के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। एक महीने के भीतर दो दो बार मुकदमे दर्ज होने के बावजूद भी कोतवाली पुलिस द्वारा इन सरहंगों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही नहीं की जा रही है। वहीं अंकित राय ने पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा से मिलकर बताया है कि आरोपियों में से कुछ तो बहुत ही शातिर किस्म के हैं और कई मामलों में जेल की हवा खाकर वापस भी लौटे हैं। अपने विरोधियों के खिलाफ झूठे एवं मनगढ़न्त प्रार्थनापत्र देकर पुलिस को गुमराह करना इन लोगों का शौक बन गया है।

## कासगंज में लव जिहाद का मामला

**प्रिंस कुरैशी से मुस्लिम युवक बना मोनू गुप्ता,**

**फेसबुक और वाटसएप के माध्यम दिल्ली की हिंदू युवती को फसाया जाल में**

**युवती ने कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर लगाया यौन शोषण का आरोप,**

**युवती युवक से शादी करने के लिए कल शुक्रवार की सुबह आई दिल्ली से कासगंज के गंजडुंडवारा कस्बा**

**हिंदूवादी नेताओं की दखलंदाजी से हुआ मामला दर्ज,**

**गंजडुंडवारा थाने में एसपी ने पहुंच कर दिये मामला दर्ज करने के निर्देश**

पहल टुडे

कासगंज। उत्तर प्रदेश के जनपद कासगंज में लव जिहाद का मामला सामने आया है। प्रिंस कुरैशी मुस्लिम नाम के युवक ने मोनू गुप्ता बनकर एक हिंदू युवती को फेसबुक पर अपने जाल में फसा कर दोस्ती कर ली और शादी का झांसा देकर कासगंज के गंजडुंडवारा कस्बा में बुला लिया। जहां रेड कलर की कार में युवती को कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर एक उसके यौन शोषण किया। बाद में समुदाय का पता चलने पर युवती के साथ मारपीट कर दी, लेकिन इलाका पुलिस ने युवती की शिकायत पर एफआईआर दर्ज नहीं की। बाद में हिंदूवादी संगठनो के हस्तक्षेप के बाद थाने पहुंचे एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देश पर एक नामजद सहित दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। लव जिहाद का शिकार हुई युवती दिल्ली की बताई जा रही है। आपको बता दे कि लव जिहाद का पूरा मामला कासगंज जनपद की कोतवाली गंजडुंडवारा कस्बा का है। यहां प्रिंस कुरैशी से तथा कथित हिंदू मौनू गुप्ता बनकर एक फेसबुक के माध्यम से दिल्ली की हिंदू युवती से दोस्ती कर ली और अपने जाल में फसा लिया। बाद में प्रिंस कुरैशी ने युवती को शादी का झांसा देकर कासगंज के गंजडुंडवारा बुला लिया। यहां भोली भालि युवती तथा कथित हिंदू के जाल में फसकर आ गई क्योंकि युवती मोनू गुप्ता के साथ शादी करना चाहती थी, 15 जुलाई को अपने परिवार का सपना सजोकर पहुंची युवती को उस वक्त मुस्लिम से हिंदू बने युवक के बारे में पता चला, जब युवक के मोबाइल पर उसकी मां का फोन आया बेटा कहाँ हो, तुम तब युवक ने जबाब दिया कि अम्मी काम से हू, इस बात पर युवती के पैरों तले जमीन खिसक गई, और यह युवक मुस्लिम है, तब उसने इस बात का विरोध किया।

## राजधानी में जनशक्ति सेवा सम्मान से सम्मानित हुए युवा अभिषेक सिंह

सुल्तानपुर ब्यूरो। जनपद के युवा सामाजिक कार्यकर्ता अभिषेक ने जनपद के गौरव राजधानी में बढ़ाया। अभिषेक सिंह को राजधानी में जनशक्ति सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके द्वारा समाज हित मे किये जा रहे कार्यो के लिए उन्हें दिया गया। लावारिश लोगो की सेवा, जरूरतमन्द को भोजन, रक्तदान, निःशुल्क शिक्षा आदि के लिए अभिषेक सिंह निरंतर लगे है एवं असहाय जरूरतमन्द की मदद को सदैव तैयार रहते है। माँ गायत्री जन सेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा राजधानी में एस आर सभागार बक्शी तालाब में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश में समाज के हित में कार्य कर रहे विशिष्ट लोगो को सम्मानित किया गया जिसमें से अभिषेक सिंह को भी यह सम्मान मिला। इस सम्मान को अभिषेक ने जनपद वासियों को समर्पित किया। अभिषेक जनपद की अंकुरण फाउंडेशन एवं गायत्री परिवार के साथ कार्य कर रहे है।

## जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस पर तहसील कासगंज में सुनीं फरियादियों की समस्यायें

**प्रार्थना पत्रों का निस्तारण शीघ्रता से करें–जिलाधिकारी**

**तहसील कासगंज में 120 प्रार्थना पत्र प्राप्त। तहसील सहावर में 39 तथा पटियाली में 21 प्रार्थना पत्र प्राप्त**

पहल टुडे

कासगंज। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति के साथ तहसील कासगंज के सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की समस्या, शिकायतों को गंभीरता से सुनकर इनके शीघ्र निस्तारण के अधिकारियों को निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने संपूण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुये कहा कि अधिकारी फरियादियों की समस्याओं, शिकायतों का शीघ्रता से गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करें। भूमि विवादों के निस्तारण में तेजी लायें। पुलिस के साथ राजस्व विभाग की टीमें क्षेत्र में जायें। चकरोड, पट्टा भूमि एवं सरकारी भूमि से अवैध कब्जे हटवाकर खाली करायें। भूमि विवादों को तत्परता से निबटायें। ग्रामीणों द्वारा गांव में विकास कार्य न कराने तथा ग्राम पंचायत सचिवालय न बनवाये जाने की शिकायतों पर जिलाधिकारी ने डीपीआरओ को निर्देश दिये कि सरकारी धनराशि उपलब्ध होने के बावजूद जो ग्राम सचिव और ग्राम प्रधान गांव में विकास कार्य नहीं करा रहे हैं तथा ग्राम पंचायत सचिवालय भवन बनवाने में रूचि नहीं ले रहे हैं, उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। श्रम विभाग द्वारा पात्रों को योजना का लाभ न दिये जाने की शिकायतों पर जिलाधिकारी ने श्रम विभाग को सख्त निर्देश दिये कि लाभार्थियों के प्रकरणों का तत्काल निस्तारण करते हुये उन्हें योजनाओं से लाभांवित करायें। विद्युत कनेक्शन कटने, बिल जमा होने के बावजूद भी बिल आने तथा जुमार्ना लगाने, आवास विकास कालोनी में कम बोल्टेज तथा एक फेस आने जैसी अनेकों शिकायतें आने पर जिलाधिकारी ने अधिशाषी अभियंता विद्युत को निर्देश दिये कि विद्युत समस्याओं व शिकायतों को शीघ्रता से निबटायें। पीड़ितों से कार्यालयों के चक्कर न लगवायें। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर तहसील कासगंज में 120 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये। इस अवसर पर अवैध कब्जा हटवाने, पैमायश कराने, विद्युत प्रकरण, आपसी विवाद, बंटवारा, उत्पीड़न, खेत व मकान पर जबरन कब्जा आदि से सम्बन्धित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किये गये। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर तहसील सहावर में 39 तथा तहसील पटियाली में 21 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी संजय कुमार सीएमओ, डीएफओ, एसडीएम कासगंज, तहसीलदार, डीपीआरओ, डीआईओएस, बीएसए, जिला कृषि अधिकारी, एलडीएम, अधिशाषी अभियंता विद्युत, सिंचाई तथा मत्स्य, पशु चिकित्सा, ग्रामोद्योग, दिव्यांग सशक्तिकरण, श्रम, सेवायोजन सहित समस्त विभागों के अधिकारी, क्षेत्रीय खण्ड विकास अधिकारी एवं थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

## कदन्न फसलो में बुन्देलखण्ड भारत वर्ष मे अग्रणी भूमिका निभा सकता हैः कुलपति

पहल टुडे

बांदा। वर्तमान समय एवं परिस्थिती अनुसार कदन्न फसलो (मिलेट्स) की मांग दिन प्रतिदिन बढ़ रही है। भारत वर्ष के शहरी क्षेत्रो के साथ साथ वैषविक बाजार मे इसकी मांग मे बढोतरी देखी गयी है। विश्व स्वास्थ संगठन ने कई बार इन फसलो का उपयोग स्वास्थ के लिये जरूरी बताया है। कदन्न फसलो की भूमिका एवं मांग को देखते हूए बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय बांदा एवं उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद लखनऊ के संयुक्त तत्वाधान मे मिलेट दिवस दिनांक 20.07.2022 को मनाया जाना सुनिश्चित किया गया है। इस कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य उदेश्य भूली विसरी फसलो की खोज के तरफ आम जन मानस के साथ साथ कृष्को को आकर्षित करना है। इस कार्यक्रम से संबंधित चर्चा पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 एन0पी0 सिंह ने बताया कि आने वाले समय मे यह फसल बुन्देलखण्ड के लिये वरदान साबित होगा। हमने अपने पूर्वजो को ज्वार, बाजरा, रागी, मडुआ, कोन्दो, साँवा व मक्का खाते हुए जाना एवं सुना है। परन्तु हमने और वर्तमान पीढि ने इसे नही अपनाया जिस वजह से यह हमारे थाली, घर एवं खेतो से गायब हो गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 एन0पी0 सिंह ने बताया कि वर्ष 2023 को अंतार्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष मनाया जाने का प्रस्ताव है, इसे ध्यान मे रखते हुए इन फसलो पर जोर दिया जाना आवश्यक है, इसी क्रम मे यह मिलेट दिवस मनाया जाना एक मार्गदर्शन का कार्य करेगा। देश के कुछ भागो मे अभी भी इसकी खेती बहुतायक एवं मुख्य फसल के रूप मे की जा रही है। बुन्देलखण्ड की जलवायु परिस्थितियाँ एवं संसाधन इन फसलो की खेती के लिये अनुकूल है। आवश्यकता है हमे कृषको तक उचित तकनीकि एवं जानकारी ससमय उपलब्ध कराने की जरूरत है। मिलेट दिवस मनाये जाने के बारे मे कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता प्रो0 जी0 एस0 पंवार ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के उद्यान महाविद्यालय मे किया जाना है, जिसका मुख्य उद्येश्य कदन्न फसलो पर कृषको के साथ-साथ आम जनमानस मे जागरूकता लायी जा सके।

## लेखपाल ने कैंसर पीड़ित के लिए किया रक्तदान

पहल टुडे



बांदा। जिला अस्पताल में भर्ती शिवपाल नाम का मरीज कैंसर से पीड़ित है। जिसे खून की आवश्यकता थी। ऐसे में मरीज के परिजन ने जिले की सक्रिय संस्था सेवर्स आफ लाइफ के सचिव अभय सिंह से सम्पर्क किया और अभय ने उनको रक्तदान कराकर उनकी मदद करने की बात कही। अभय ने अपने लेखपाल मित्र राजकुमार राजपूत को सुबह ही रक्तदान के लिए बुलाया और राजकुमार ने रक्तदान किया। राजकुमार पहले भी लोगों के लिए रक्तदान कर चुके हैं। यह उनका पांचवां रक्तदान था। रक्तदान के समय सलमान खान, अभय सिंह के साथ ब्लड बैंक की टीम से प्रमोद द्विवेदी, रमन, शशांक आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा की योजना के मिनी किट वितरित

कमासिन/बांद। केंद्र व राज्य सरकार के तत्वावधान में संचालित राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना के तहत ब्लाक प्रमुख की अध्यक्षता में दलहन व ढैंचा के मिनी किटों का वितरण किया गया केंद्र व राज्य सरकार के सहयोग से संचालित राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना के तहत गरीब किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान पर अरहर मूंग उड़द तथा ढैंचा के मिनी किटों का वितरण ब्लाक प्रमुख रावेन्द्र गर्ग की अध्यक्षता में किया गया क्षेत्र में चार सौ मिनी किटों के लक्ष्य के सापेक्ष दो सौ किसानों को किट वितरित किए गए कृषि रक्षा इकाई प्रभारी रोहित पटेल अरुण कुमार बीटीएम दीना नाथ राजेंद्र आदि के सहयोग से वितरण किया गया भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा महिला मंडल मोर्चा अध्यक्ष उमा सिंह सहित भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**- डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ जनपद स्तरीय भूजल सप्ताह**

## जखनी के किसानों ने किया है सराहनीय कार्यः डीएम

पहल टुडे

बांदा। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की प्रेरणा एवं उनके निर्देषानुसार जन-जन तक जल पहुंचाना है, जल संरक्षण की थीम पर 16 जुलाई से 22 जुलाई तक भू-जल सप्ताह का आयोजन पूरे प्रदेष में किया गया है। इसी क्रम में आज ग्राम तुर्रा विकास खण्ड नरैनी तहसील अतर्रा के विसाहिल जल स्त्रोत में जिलाधिकारी बांदा अनुराग पटेल की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय भूजल सप्ताह का आयोजित किया गया।

जिलाधिकारी अनुराग पटेल द्वारा कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कहा कि हमारे प्रदेष के मुख्यमंत्री की प्रेरणा व उनके निदेर्षो के क्रम में आज इस बिसाहिल जल स्त्रोत, ग्राम तुर्रा में भूगर्भ जल सप्ताह के आयोजन की षुरूआत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनपद बांदा के ग्राम जखनी जो पूरे देष में जल ग्राम के रूप में जाना जाता है। जखनी में किसानों द्वारा अपने-अपने खेतों में बड़ी बड़ी मेड़ों को बनाकर बरसात के जल को इकठ्ठा करके भूगर्भ जल को बढ़ाया है। जल संरक्षण को बढ़ावा देने व जल की कमी को देखते हुये प्रधानमंत्री द्वारा जल षक्ति मंत्रालय का गठन किया गया है। इसी तरह तालाबों, नदी/नालों में बरसात का पानी इकत्र कर सकते है और बरसात का पानी जमीन में रिस का भूमिगत जल स्त्रोत को बढ़ा सकते है। हमारी आने वाली पीढ़ी को पानी की किल्लत से बचाने के लिये हमको जल संरक्षण करना होगा। उन्होंने कहा कि आज जो भूमिगत जल स्त्रोत से जितना पानी निकाल रहे है हमें उससे दोगुना जल संरक्षण के माध्यम से पानी को संरक्षित करना है। अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे, बांदा एम0पी0सिंह द्वारा कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कहा कि आज ज्यादातर लोगों के पास समरसेबिल का प्रयोग करके भूमिगत जल का उपयोग कर रहे है। उन्होंने कहा कि जितने पानी की आवष्यकता हो उतना पानी ही हमे निकालना चाहिए न की हमे अनावष्यक पानी को बरबाद नही करना चाहिए। जितना पानी हम निकालते है हमे उससे अधिक जल संरक्षण के माध्यम से जल को संरक्षित करना चाहिए। बलराम तिवारी, जिलाध्यक्ष किसान यूनियन द्वारा अपने सम्बोधन में कहा गया कि जल ही जीवन है और जल को बचाना है। जल के बिना जीवन अधूरा है। उन्होंने कहा कि हम लोगों को पानी को बबार्द नहीं करना चाहिए। किसान भाईयों को अपने खेतों में मेड बनाकर पानी को एकत्र करना चाहिए जिससे ताकि भूमि में नमी रहे और सिचांई के लिये हमे कम पानी की आवष्यकता पड़े। कालीचरण बाजपेई बदौसा द्वारा कार्यक्रम में कहा कि बारिष के पानी को गांव के बाहर जाना चाहिए और गांव का पानी गांव में, खेत का पानी खेत में रहे इसके लिये हमें अपने-अपने खेतों में चारो ओर बड़ी-बड़ी मेड बनाकर एवं खेत तालाब योजना के तहत तालाबों को बनवाकर बरसात के पानी को रोकना है।

जिससे हमारे गांव का भूमिगत जल का स्त्रोत बढ़ सके और हमारे आने वाली पीढ़ियों के लिये पीने योग्य जल पर्याप्त मात्रा में बना रहे। बृज गोपाल, प्रधान पति ग्राम तुर्रा द्वारा कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कहा कि हम सभी ग्रामवासियों को पानी को बचाना है और बरसात के पानी को संरक्षित करना है। बरसात के पानी को तालाब में, खेतों में एवं जमीन के अन्दर पानी को इकठठा करना है जिससे भूमिगत जल का स्त्रोत निरन्तर बना रहे। राकेष गौतम, ग्राम तुर्रा द्वारा कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये समर्सिबल के पास गढ़े खुदवाने, व अधिक के सरकारी/गैर सरकारी संस्थाओं को रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली अपनाने का आह्वान किया। इसी प्रकार कार्यक्रम में राम प्रकाष, राजा राम तिवारी, रमेष आदि द्वारा अपने-अपने विचार व्यक्त किये गये।

हरीओम मिश्रा, सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई द्वारा बताया कि देश के गिरते भूजल स्तर और उस पर आसन्न संकट को दृष्टिगत रखते हुए अभी भी समय है कि भूजल संरक्षण के प्रति हमें सचेत हो जाना चाहिए।

## समस्याओ को लेकर माध्यमिक शिक्षक संघ ने दिया धरना




**– सीएम को भेजा मांगों का पुलिंदा**

पहल टुडे

बांदा। शनिवार को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के केंद्रीय नेतृत्व के आवाहन पर जनपद में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। जिसमें पूरे जनपद से सैकड़ों शिक्षकों ने प्रतिभाग कर दोपहर से सायंकाल तक अपनी मांगों के समर्थन में जोरदार प्रदर्शन किया और धरने के अंत में मुख्यमंत्री को संबोधित मांगों का ज्ञापन सौंपा गया।

धरने को संबोधित करते हुए मंडलीय मंत्री मेजर मिथलेश कुमार पांडेय ने कहा कि आज स्थिति आ गई है कि हम नई मांगों को तो छोड़िये किंतु पुरानी उपलब्धियों को बरकरार रखने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। वर्तमान सरकार साजिश और षड्यंत्र के तहत कर्मचारी संगठनों को कमजोर कर रही है। यह बहुत ही खेदजनक स्थिति है। हम सबको एकजुटता के साथ संगठित रहना होगा, तभी हमारी उपलब्धियां बची रह पाएंगी।




# उर्फी धारदार ब्लेड से बनी ड्रेस पहनी, कहा जो छुएगा, कट जाएगा

अपने ड्रेसिंग सेंस के कारण सबको हैरान करने वाली उर्फी जावेद ने अब धारदार ब्लेड से बनी ड्रेस पहनी है। उर्फी का ये वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। उर्फी का फैशन के लेकर ऐसा जुनून देखकर एक तरफ तो लोग उनकी तारीफ भी कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर कुछ लोग उन्हें ट्रोल भी कर रहे हैं। एलिटी शो बिग बॉस के जरिए चर्चा में आईं अभिनेत्री उर्फी जावेद अक्सर अपने ड्रेसिंग सेंस को लेकर सुर्खियों में बनी रहती है। उर्फी लगातार अपने ड्रेसिंग सेंस से सबको हैरान कर देती है। अब हाल ही में उर्फी जावेद ने एक बार फिर इंटरनेट पर अपनी धारदार ड्रेस को लेकर खूब वायरल हो रही है। इसमें उर्फी जावेद ने धारदार ब्लेड से बनी ड्रेस पहनी है, जिसका वीडियो देखकर आप भी अचंभित रह जाएंगे। उर्फी ने अपने पूरे शरीर पर धारदार ब्लेड से बनी ड्रेस पहन रखी है, और इसका एक वीडियो भी बनाया है। उर्फी सोशल मीडिया पर अपने स्टाइल को लेकर हमेशा एक्टिव रहती हैं। ब्लेड से बनी ड्रेस पर लोग खूब कमेंट कर रहे हैं। ऐसे में उर्फी ने मीडिया को जवाब देते हुए कहा कि अगर आप पास आए तो कट जाएंगे। वहीं एक यूजर ने भी उर्फी की तारीफ करते हुए लिखा कि उर्फी को कोई छू भी नहीं सकता है, छूते ही कट जाएगा। इसके उलट कई यूजर्स उर्फी को ऐसे बेमतलब के ड्रेस सेंस को ट्रोल करते हुए हंसी भी उड़ा रहे हैं।

# विक्की कौशल के साथ फोटो खिंचवाने के लिए अड़ी दुल्हन

सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें एक दुल्हन एक्टर विक्की कौशल से मिलने की जिद कर रही है। दुल्हन वीडियो में बोलती नजर आ रही है कि, 'मेरा दूल्हा नीचे मेरा इंतजार कर रहा है, लेकिन मैं तब तक नहीं जाऊंगी जब तक मुझे विक्की के साथ एक फोटो नहीं मिल जाती'। दुल्हन की सहेलियां भी विक्की के बॉडीगार्ड से गुजारिश करने में लग गईं कि वो दुल्हन को विक्की से मिलने दें। हालांकि दुल्हन का विक्की कौशल से मिलने का सपना अधूरा रह गया। दरअसल ये मामला अप्रैल 2020 की है जब विक्की अपनी फिल्म की शूटिंग के लिए मसूरी में थे। विक्की जिस होटल में रुके हुए थे, उस होटल से इस दुल्हन की शादी हो रही थीं। अब इस वीडियो को हजारों लाइक्स मिल चुके हैं और कई लोगों ने तो दुल्हन को अब तक का सबसे 'क्रेजी फैन' कहा।






# रजनीकांत बोले- बेहतरीन फिल्म देने के लिए मैं आर माधवन को धन्यवाद देता हूं



आर माधवन की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'रॉकेट्रीः द नांबी इफेक्ट' सिनेमाघरों में 1 जुलाई को रिलीज हो चुकी है। फैंस से लेकर सेलेब्स तक फिल्म की तारीफ कर रहे हैं। अब हाल ही में साउथ सुपरस्टार रजनीकांत ने माधवन के काम की सराहना करते हुए तमिल भाषा में पोस्ट शेयर किया है। साथ ही एक्टर ने उन्हें ऐसी फिल्म बनाने के लिए धन्यवाद भी किया है। रजनीकांत ने इस बायोग्राफिकल ड्रामा को मस्ट वॉच फिल्म बताया है। रजनीकांत ने फिल्म की तारीफ करते हुए लिखा, 'रॉकेट्री हर व्यक्ति खासतौर पर युवाओं के लिए जरूर देखने वाली फिल्म है। यह फिल्म मिस्टर पद्म भूषण, जिन्होंने हमारे देश के स्पेस रिसर्च के विकास के लिए काफी कठिनाइयों का सामना किया और बलिदान दिया उन पर है। नांबी नारायणन की कहानी को वास्तविक तौर पर पेश करके माधवन डायरेक्टर के तौर पर अपनी पहली ही फिल्म से बेस्ट डायरेक्टर्स में शामिल हो चुके हैं। ऐसी बेहतरीन फिल्म देने के लिए मैं उनकी सराहना करता हूं और उन्हें धन्यवाद देता हूं।'



# सारा अली खान ने जताई विजय देवरकोंडा को डेट करने की इच्छा




करण जौहर के चैट शो 'कॉफी विद करण 7' के दूसरे सीजन में सारा अली खान और जाह्नवी कपूर बतौर गेस्ट पहुंचने वाली हैं। हाल ही में शो का प्रोमो सामने आया है, जिसमें करण जौहर सारा और जाह्नवी से कई मजेदार सवाल पूछते नजर आ रहे हैं। करण जौहर सारा अली खान से पूछते हैं कि वह एक लड़के का नाम बताइए जिसे वह इस समय डेट करना चाहती हैं। पहले तो सारा जवाब देने से मना कर देती हैं, लेकिन बाद में वह साउथ सुपरस्टार विजय देवरकोंडा का नाम लेती हैं। वहीं अब सारा अली खान के जवाब पर साउथ सुपरस्टार विजय देवरकोंडा ने रिएक्शन दिया है। विजय ने अपनी इंस्टा स्टोरी पर 'कॉफी विद करण 7' का प्रोमो शेयर करते हुए लिखा, 'आई लव जिस अंदाज में सारा अली खान आपने देवरकोंडा कहा। ये बहुत ही क्यूट है। मैं आपको एक बड़ी हग और प्यार भेजता हूं।' बता दें कि पिछली बार जब सारा अली खान अपने पिता सैफ अली खान के साथ 'कॉफी विद करण' में पहुंचीं थी तब उन्होंने कार्तिक आर्यन को अपना क्रश बताया था। इसके बाद दोनों के डेटिंग की खबरें आने लगी थीं। अब इस बार सारा ने विजय देवराकोंडा का नाम लिया है।




# गुजराती फिल्म में डेब्यू करने जा रहे अमिताभ बच्चन, नहीं ली कोई फीस

बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन को फिल्म इंडस्ट्री में आए हुए पांच दशक हो गए हैं। वह 79 साल की उम्र में भी इंडस्ट्री में काफी एक्टिव हैं। वहीं अब अमिताभ अपने करियर में पहली बार गुजराती फिल्म में काम करने जा रहे हैं। अमिताभ बच्चन ने पिछले दिनों गुजराती फिल्म 'फक्त महिलाओ माते' के लिए शूटिंग की। खास बात यह है कि अमिताभ ने इस फिल्म में काम करने की एक रुपया भी फीस नहीं ली है। इस फिल्म में अमिताभ का कैमियो है, लेकिन महत्वपूर्ण रोल है। फिल्म में अमिताभ गुजराती में डायलॉग भी बोलते नजर आएंगे। फिल्म निर्माता आनंद पंडित ने बताया कि उन्होंने अमिताभ से जब कहा कि वह पहली बार गुजराती फिल्म में काम कर रहे हैं, इसलिए उनके डायलॉग डबिंग आर्टिस्ट से डब करा लिए जाएंगे क्योंकि हो सकता है, उन्हें गुजराती बोलने में समस्या आए।



# हेमा मालिनी ने ईशा देओल के साथ किया जबरदस्त डांस

सिंगिंग रियलिटी शो सुपरस्टार सिंगर के एक एपिसोड में हेमा मालिनी और ईशा देओल खास मेहमान बनकर आईं। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में हेमा मालिनी और ईशा देओल ने एक साथ धूम मचाले गाने पर जमकर डांस करती दिख रही हैं। ईशा ने ये वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है उन्होंने वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा- 'जब ड्रीम गर्ल बन गईं धूम गर्ल' स्टेज पर ये एक जादू जैसा है।

# सुशांत सिंह राजपूत के लिए ड्रग्स खरीदती थीं रिया चक्रवर्ती

बॉलीवुड एक्टर सुशांत सिंह राजपूत की मौत के बाद सामने आए ड्रग्स केस में फंसी रिया चक्रवर्ती की मुश्किलें कम नहीं हो रही है। ड्रग्स केस में एनसीबी ने रिया चक्रवर्ती, उनके भाई शौविक चक्रवर्ती और अन्य लोगों को आरोपी बनाया है। बीते दिनों एनसीबी ने सभी आरोपियों के खिलाफ स्पेशल कोर्ट में ड्राफ्ट चार्ज फाइल किए है। रिया और अन्य आरोपियों पर हाई सोसायटी और बॉलीवुड के लोगों को ड्रग्स सप्लाई करने का चार्ज लगाया गया है। इतना ही नहीं सुशांत को नशे की लत के लिए उकसाने का भी आरोप है। रिया पर एनसीबी का आरोप है कि एक्ट्रेस ने सुशांत सिंह राजपूत के लिए ड्रग्स खरीदी और उसके लिए भुगतान किया। एनसीबी ने इस बात का भी खुलासा किया कि रिया चक्रवर्ती, शोविक समेत सभी आरोपियों ने एक दूसरे के साथ मिलकर मार्च 2020 से लेकर दिसंबर 2020 तक आपराधिक षड़यंत्र रचा था, ताकि वह 'बॉलीवुड और हाई सोसायटी' में ड्रग्स का वितरण, बिक्री और खरीद कर सकें। बता दें कि ड्रग्स केस में सुशांत की गर्लफ्रेंड रिया चक्रवर्ती को सितंबर 2020 में गिरफ्तार किया गया था। एक महीने जेल में बिताने के बाद बॉम्बे हाईकोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी थी। सुशांत केस की जांच सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर सीबीआई भी कर रही है।

